3 राजधानी
पंजीकृत होंगे निर्माण मजदूर

6 अभिमत
लोक उद्यमों में सुधार की संभावना

10 स्पोर्ट्स
भारतीय टीम में लौटे उमेश यादव

11 विदेश
जुंटा की धमकी के बावजूद सड़कों पर उतरे लोग

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 108
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 फरवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दीपिका ने दिखाए अपने अनेक रूप
विविध-12

# परिवर्तन चाहता है बंगाल: मोदी

## चुनावी राज्य में प्रधानमंत्री ने किया जनसभा को संबोधित, ममता पर साधा निशाना

● नोआपाड़ा व दक्षिणेश्वर के बीच कोलकाता मेट्रो के विस्तार का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। चुचुड़ा/हुगली



पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में भाजपा की रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**चुनावी** राज्य पश्चिम बंगाल में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल के लोगों ने 'असल परिवर्तन' का मन बना लिया है। भाजपा बंगाल को ऐसी सरकार देगी जिसमें सबका विकास सुनिश्चित होगा, किसी का भी तुष्टिकरण नहीं होगा।' ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला करते हुए पीएम ने आरोप लगाया कि उसने राज्य में हर क्षेत्र में 'सिंडिकेट राज' को लागू कर दिया जहां 'कट मनी' के बिना लोगों का कोई काम नहीं होता। इस मौके प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को नोआपाड़ा से दक्षिणेश्वर तक कोलकाता मेट्रो रेलवे के विस्तार का उद्घाटन किया। दक्षिणेश्वर 160 साल से अधिक पुराने काली मंदिर के लिये प्रसिद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार सांस्कृतिक विरासत और महापुरुषों की उपेक्षा करते हुए अपने वोट बैंक की रक्षा के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, 'राज्य सरकार की कट मनी संस्कृति ने इस कदर माहौल खराब कर दिया है कि बिना यह दिए आप एक मकान तक किराए पर नहीं लगा सकते...सिंडिकेट की अनुमति के बिना एक मकान तक आप किराए पर नहीं दे सकते।' केंद्र की 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' और 'आयुष्मान भारत' जैसी योजनाओं को अनुमति नहीं देने के लिए उन्होंने ममता बनर्जी नीत सरकार की आलोचना की। मोदी ने हुगली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मुझे बताया गया है कि जिस मकान में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 'वंदे मातरम' की रचना की थी, वह जर्जर स्थिति में है। जिस व्यक्ति ने गुलामी के कारण व्याप्त निराशा के बीच आजादी के संघर्ष में नया प्राण फूंकने का काम किया उनके मकान की उपेक्षा की गयी। यह बंगाल के गौरव का अनादर है।' उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जूट उद्योग समेत औद्योगिक विकास की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पश्चिम बंगाल के लोगों ने 'असल परिवर्तन' का मन बना लिया है। भाजपा बंगाल को ऐसी सरकार देगी जिसमें सबका विकास सुनिश्चित होगा, किसी का भी तुष्टिकरण नहीं होगा।' राज्य सरकार पर लगातार हमला करते हुए मोदी ने कहा कि जब तक 'कट मनी' संस्कृति रहेगी, गिरोह का शासन रहेगा और तोलाबाजी (जबरन वसूली) कायम रहेगी, बंगाल में विकास नहीं होगा। मोदी ने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर लोगों और उनकी संस्कृति की रक्षा होगी और कोई उन्हें डरा या दबा नहीं पाएगा। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर डिजिटल माध्यम से यहां मेट्रो रेलवे के उत्तर-दक्षिण गलियारे पर नोआपाड़ा से दक्षिणेश्वर तक 4.1 किलोमीटर के खंड पर उद्घाटन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस खंड का निर्माण 464 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने कहा, 'अब श्रद्धालुओं के लिये कालीघाट और दक्षिणेश्वर के काली मंदिरों में जाना बेहद आसान हो (शेष पेज 9)

## अभिषेक की पत्नी से आज सीबीआई करेगी पूछताछ

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

**कोयला** तस्करी मामले में सीबीआई ने सोमवार को डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी की भाभी मेनका गंभीर से तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अभिषेक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं। अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा बनर्जी मंगलवार को इस्तीफा दे सकती हैं। सीबीआई ने रविवार को उन्हें पूछताछ के लिए नोटिस भेजा था। सूत्रों के मुताबिक, रुजिरा मंगलवार को सीबीआई अधिकारियों से मिलने के लिए तैयार हो गई हैं। एजेंसी की दो महिला अधिकारियों ने गंभीर से सोमवार को पतरासियार इलाके में उनके आवास पर पूछताछ की और कथित तौर पर कोलकाता से बैंकॉक में उनके दो खातों में धन के कुछ महत्वपूर्ण हस्तांतरण के बारे में सवाल पूछे। उन्हें लंदन में एक तीसरे खाते के बारे में विवरण साझा करने के लिए भी कहा गया था। सीबीआई ने पिछले साल नवंबर में कोयला घोटाले के कथित मुख्य आरोपी अनूप मझी उर्फलाला, ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के महाप्रबंधक अमित कुमार धर और जयेष चंद्र राय के अलावा ईसीएल चीफ ऑफ सिक्योरिटी तन्मय दास, एरिया सिक्योरिटी इंस्पेक्टर, कुनुस्तोरिया, धनंजय राय, एसएसआई और कजोर क्षेत्र के सुरक्षा प्रभारी देबाशीष मुखर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एक संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बंगाल के मंत्री फिरहाद हकीम की बेटी प्रियदर्शनी को नोटिस भेजा, जिसमें उसने अपने बैंक खातों के लेन-देन में कथित अनियमितताओं के संबंध में उससे पेश होने को कहा। इस बीच, माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य एमडी सलीम ने सोमवार को घोटाले के मामलों में सीबीआई और ईडी के दखल देने के समय पर सवाल उठाया। विशेषकर ऐसे समय जब वाम दल 28 फरवरी को कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में अपनी रैली करने वाले हैं।

# कोविड-19: लगातार पांचवें दिन देश में बढ़े केस



मुंबई में कोरोना की जांच करवाता एक पुलिसकर्मी

● डेढ़ लाख के पार पहुंचा आंकड़ा, नवंबर अंत के बाद सबसे तेज वृद्धि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश में** लगातार पांचवें दिन कोविड-19 मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले 17 दिनों में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 1.5 लाख के पार चला गया है। नवंबर अंत के बाद से यह सबसे अधिक उछाल है। विशेषज्ञ इसे संक्रमण की दूसरी लहर का संकेत मान रहे हैं। प्रतिदिन आने वाले नए मामलों की कुल संख्या भी 16 फरवरी को 9,121 के निचले स्तर से बढ़कर सोमवार को 14,199 हो गई है। इसमें सात दिन से औसत केस 13.8 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। सोमवार को कोविड-19 मामलों की कुल संख्या 1.10 करोड़ को पार कर गई और महामारी से मरने वालों की संख्या भी 1,56,500 के करीब पहुंच गई।

राष्ट्रीय स्तर पर कोरोना मामलों में बढ़ोतरी पांच राज्यों- महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, छत्तीसगढ़, और मध्य प्रदेश में आए मरीजों के तेज उछाल के कारण हुई है। इन राज्यों में प्रतिदिन कोरोना मामलों में वृद्धि हो रही है। केंद्र ने इन सभी पांच राज्यों को चेतावनी दी है कि कोविड से बचाव के लिए नियमों का सख्ती से पालन करन जारी (शेष पेज 9)

# योगी सरकार ने पेश किया 5.50 लाख करोड़ का पेपरलेस बजट

● किसानों सहित समाज के हर वर्ग के लिए कई योजनाओं की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



लखनऊ में बजट प्रस्तुत किए जाने से पूर्व विधानसभा में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**उत्तर प्रदेश** की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 202122 के लिए राज्य विधानसभा में 5,50,270.78 करोड़ रुपए का भारीभरकम बजट पेश किया गया जिसमें किसानों के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई है। यह प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए बजट को निराशाजनक बताया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने टैबलेट से पढ़ते हुए 550270.78 करोड़ रुपए के बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किए। प्रदेश के अब तक के सबसे बड़े इस बजट का आकार पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 37,410 करोड़ रुपए अधिक है। यह प्रदेश का पहला दस्तावेज रहित बजट भी है। बजट में किसानों की आय दोगुनी करने, सरकारी नलकूपों से मुफ्त पानी उपलब्ध कराने और सहकारी समितियों से रियायती दर पर फसली कर्ज उपलब्ध कराने सहित किसान कल्याण के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई है। इसके साथ ही महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्ग के लिए कई नई पहलें की गई है। किसानों के लिए आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना शुरू करने की घोषणा की गई है। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके (शेष पेज 9)

## जेवर हवाई अड्डा के लिए 2000 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**उत्तर प्रदेश** सरकार द्वारा जारी बजट में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 2000 करोड़ के आवंटन नोएडा के विकास में मील का पत्थर साबित होने वाला है। इसके साथ ही जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में हवाई पट्टियों की संख्या अब 2 से बढ़ाकर 6 करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के वित्त मंत्री ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट अब नोएडा के विकास का ग्रोथ इंजन बन जाएगा। योगी आदित्यनाथ सरकार ने सोमवार को अपना पांचवां बजट पेश करते हुए जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए भारी भरकम 2000 करोड़ रुपये का आवंटन (शेष पेज 9)

# लाल किले के गुंबद पर चढ़ने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली में** गणतंत्र दिवस पर हुई हिंसा के दौरान कथित तौर पर लाल किले के गुंबद पर चढ़ने वाले 29 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

जसप्रीत सिंह नाम का यह शख्स पिछले मंगलवार को गिरफ्तार मनिंदर सिंह का सहयोगी है। मनिंदर पर इस ऐतिहासिक स्मारक पर प्रदर्शनकारियों को प्रेरित और आक्रोशित करने के लिए कथित तौर पर तलवार लहराने का आरोप है। उत्तर पश्चिम दिल्ली के स्वरूप नगर में रहने वाले जसप्रीत सिंह को अपराध शाखा के दल ने शनिवार को गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने कहा, जसप्रीत सिंह वह शख्स है जो आरोपी मनिंदर सिंह के पीछे खड़ा था और लाल किले की प्राचीर के दोनों तरफ स्थित गुंबदों में से एक पर चढ़ा था। कार के एसी मेकैनिक के तौर पर काम करने वाले मनिंदर सिंह को पिछले हफ्ते उत्तर पश्चिम दिल्ली के पीतमपुरा से गिरफ्तार किया गया था।

# कांग्रेस के हाथ से पुडुचेरी भी गया

● विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहे मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी दिया इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। पुडुचेरी



पुडुचेरी में राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन को अपना त्यागपत्र सौंपते मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी

**विश्वास** प्रस्ताव पर मतदान से पहले मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी के इस्तीफे के कारण सोमवार को पुडुचेरी में कांग्रेस सरकार गिर गई। हाल ही में कई कांग्रेस विधायकों और बाहर से समर्थन दे रहे द्रमुक के एक विधायक के इस्तीफे के कारण केन्द्रशासित प्रदेश की सरकार अल्पमत में आ गई थी। नारायणसामी ने उपराज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन से भेंट कर चार सदर्स्ईय मंत्रिमंडल का इस्तीफा उन्हें सौंपा। सदन में फिलहाल सरकार के पास 11 और विपक्ष के पास 14 का संख्या बल है। प्रदेश में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। पुडुचेरी की सरकार गिर जाने के बाद तीन राज्य - पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ ही बच गए हैं जहां कांग्रेस की अपने दम पर सरकार है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नारायणसामी ने कहा कि उनके द्वारा पेश किए गए विश्वास मत प्रस्ताव को विधानसभाध्यक्ष वी पी शिवकोलुंधु ने मत विभाजन के लिए नहीं रखा और विधानसभाध्यक्ष की यह टिप्पणी गलत और अमान्य है कि विश्वास प्रस्ताव नामंजूर हो गया। उन्होंने कहा कि इस मामले पर कानूनी विशेषज्ञों से राय ली जाएगी। उन्होंने मनोनीत सदस्यों के मताधिकार मुद्दे से जुड़े घटनाक्रम कोै लोकतंत्र की हत्यौ बताया। मनोनीत सदस्य भाजपा के साथ हैं। कांग्रेस की सहयोगी पार्टी द्रमुक के प्रमुख एम के स्टालिन ने भी सरकार के पतन के लिए विपक्ष पर निशाना साधा और लोकतंत्र को कायम रखने के लिए नारायणसामी की सराहना की। एनआर कांग्रेस प्रमुख और विपक्ष के नेता एन रंगासामी ने कहा कि उनका सरकार बनाने के लिए दावा पेश करने का कोई इरादा नहीं है और आगे चर्चा की जाएगी। सौंदर्यराजन ने सोमवार को एक दिन का विशेष सत्र बुलाया था और उसका एजेंडा विश्वासमत था। गौरतलब है कि विपक्ष ने पिछले सप्ताह उन्हें आवेदन (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,744 | ↓ 1145 | |
| निफ्टी | 14,676 | ↓ 306 | |
| सोना | 46,013 | ↑ 278 | /10g |
| चांदी | 68,587 | ↑ 265 | /kg |

## क्विक न्यूज

### गुजरात से रास की दोनों सीटों पर भाजपा विजयी

**अहमदाबाद।** गुजरात से राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी दिनेशचंद्र अनवाडिया और रामभाई मोकारिया निर्विरोध विजई घोषित कर दिए गए। इनमें से एक सीट कांग्रेस के दिग्गज नेता अहमद पटेल के निधन के कारण खाली हुई थी। कांग्रेस ने उपचुनाव में दोनों सीटों के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था। कांग्रेस नेता अहमद पटेल की कोविड-19 संबंधी जटिलताओं के कारण पिछले साल 25 नवंबर को मृत्यु हो गई थी। वह 1993 से उस सीट से सांसद थे।दूसरी सीट भाजपा सदस्य अभय भारद्वाज के निधन के कारण खाली हुई थी। वह पहली बार 2019 में उच्च सदन के लिए चुने गए थे। उनकी एक दिसंबर को कोरोना वायरस के कारण मृत्यु हो गई थी।

# होटल में मृत मिले दादरा और नगर हवेली के सांसद मोहन डेलकर

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई



फाइल फोटो

**दादरा** और नगर हवेली से सात बार के सांसद मोहन डेलकर मुंबई के एक होटल में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि केंद्रशासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से निर्दलीय सांसद 58 वर्षीय डेलकर का शव दक्षिणी मुंबई के मरीन ड्राइव इलाके में एक होटल में मिला। वह सात बार सांसद रहे थे। अधिकारी ने निर्दलीय सांसद के शव के पास से गुजराती में लिखा एक सुसाइड नोट मिलने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की वजह का पता लग पाएगा। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जानकारी के आधार पर दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया जा रहा है। डेलकर मई 2019 में सातवीं बार सांसद निर्वाचित हुए थे। वह कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय मामलों संबंधी लोकसभा की स्थाई समिति के सदस्य थे। वहीं वह गृह मंत्रालय संबंधी निम्न सदन की सलाहकार समिति के सदस्य भी थे। डेलकर के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। अनुसूचित जनजाति के अधिकारों के पैरोकर मोहन सांजीभाई डेलकर ने अपना करियर सिलवासा में ट्रेड यूनियन नेता के तौर पर शुरू किया था। वह पहली बार (शेष पेज 9)

# अमेठी में आशियाना बनाएंगी स्मृति ईरानी

● खरीदी जमीन, चुनाव के दौरान अपने क्षेत्र की जनता से किया था वादा

पायनियर समाचार सेवा। अमेठी



फाइल फोटो

**स्थानीय** सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मकान बनाने के लिए जमीन की रजिस्ट्री कराने के बाद सोमवार को परोक्ष रूप से गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'इतिहास गवाह है कि अमेठी का सांसद कभी यहां मकान बनाकर नहीं रहा और जनता को यह बात हमेशा खटकती रही।' ईरानी ने मकान बनाने के लिए अमेठी में जमीन खरीदी है। उसकी रजिस्ट्री के बाद सोमवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, 'अमेठी की जनता के मन में हमेशा यह सवाल रहा कि क्या स्थानीय सांसद यहां मकान बनाकर रहेगा? 2019 के चुनाव में मैंने क्षेत्र के लोगों से वादा किया था कि मैं अमेठी में अपना मकान बनाऊंगी और जनता के सारे काम यही से होंगे। उसी वादे को पूरा करने के लिए मैंने आज मकान की जमीन की रजिस्ट्री करायी है।'

ईरानी ने कहा, 'चुनाव के दौरान मैंने अमेठी की जनता से जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, बाईपास का निर्माण, सैनिक स्कूल की स्थापना आदि जैसे कुछ वादे किए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से मैं उन्हें पूरा करने में सफल रही हूँ।' उन्होंने कहा कि वह लोकसभा क्षेत्र के लोगों को अपने मकान के भूमि पूजन में आने का न्योता देंगी। अमेठी से 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को हराने के बाद ईरानी ने कहा था कि वह अमेठी में अपना मकान बनाएंगी और यहां के लोगों को अपने काम के लिए दिल्ली तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सांसद ने आज अमेठी कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित उप निबंधक कार्यालय (शेष पेज 9)

# कोरोनिल पर पतंजलि के दावे से आईएमए चकित

● केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से की स्पष्टीकरण की मांग

पायनियर समाचार। नई दिल्ली

**पतंजलि** की कोरोनिल टैबलेट को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से प्रमाण पत्र मिलने की बात को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने सोमवार को सरासर झूठ करार देते हुए हैरानी जताई और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्ष वर्धन से इस संबंध में स्पष्टीकरण देने की मांग की। पतंजलि का दावा है कि कोरोनिल दवा कोविड-19 को ठीक कर सकती है और साक्ष्यों के आधार पर इसकी पुष्टि की गई है। डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया है कि उसने किसी भी पारंपरिक औषधि को कोविड-19 के उपचार के तौर पर प्रमाणित नहीं किया है। योग गुरु रामदेव के पतंजलि आयुर्वेद ने 19 फरवरी को कहा था कि डब्ल्यूएचओ की प्रमाणन योजना के तहत कोरोनिल टेबलेट को आयुष मंत्रालय की ओर से कोविड-19 के उपचार में सहायक औषधि के तौर पर प्रमाण पत्र मिला है।

हालांकि, पतंजलि के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बाद में ट्वीट कर सफाई दी थी और कहा 'हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि कोरोनिल के लिए हमारा डब्ल्यूएचओ जीएममी अनुपालन वाला सीओपीपी प्रमाण पत्र डीजीसीआई, भारत सरकार की ओर से जारी किया गया। यह स्पष्ट है कि डब्ल्यूएचओ किसी दवा को मंजूरी नहीं देता। डब्ल्यूएचओ विश्व में सभी के लिए बेहतर भविष्य बनाने के वास्ते काम करता (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 फरवरी 2021



# स्कूलों की मनमानी अभिभावकों पर भारी

## आरटीई पोर्टल पर नोएडा के केवल 150 संस्थानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

- एडमिशन के लिए चक्कर काट रहे अभिभावक
- जनपद गौतमबुद्धनगर में हैं 1400 प्राइवेट स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोरोना महामारी से रूकी जिंदगी एक बार फिर रफ्तार पकड़ रही है। जनजीवन सामान्य हो रहा है, विद्यालय खुल रहे हैं। शैक्षणिक गतिविधियां चालू हो गई हैं। लोग बच्चों के दाखिले के लिए स्कूलों में आने-जाने लगे हैं। हालांकि गौतमबुद्धनगर में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। जिले के ज्यादातर निजी स्कूलों ने अब तक शिक्षा का अधिकार आरटीई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया है। जबकि सत्र 2021-22 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

दरअसल, आरटीई के तहत कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूल में मुफ्त दाखिला मिलता है। इसका खर्च राज्य और केंद्र सरकारें वहन करती हैं। अपने बच्चों के एडमिशन का सपना संजोए अभिभावक स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं। मगर उन्हें कुछ ठोस हासिल नहीं हो रहा है। नए सत्र के लिए एक मार्च से आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो जाएगा। अप्रैल में ड्रॉ कराया जाएगा और मई तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

जिले में अब तक 1400 में से सिर्फ150 निजी स्कूलों ने पंजीकरण कराया है। दरअसल, आरटीई में दाखिले से पहले शिक्षा विभाग स्कूलों की सूची तैयार कर इसके तहत उपलब्ध सीटों का आंकड़ा तैयार करता है। शुरुआत में प्राइवेट स्कूल बच्चों को दाखिला नहीं देते थे, पर सरकारी लाभ हासिल कर रहे थे। इसीलिए शिक्षा का अधिकार की प्रक्रिया में संशोधन किया गया और विद्यालयों को स्वयं आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने का आदेश दिया गया। पारदर्शिता लाने के लिए फीस जमा करने की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किया गया है। पिछले सत्र में पंजीकृत कुल 1400 स्कूलों में से बमुश्किल से 150 स्कूलों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### दाखिला देने में करते हैं आनाकानी

जिले के प्राइवेट स्कूल प्रबंधक आरटीई के नियमों का मजाक बना रहे हैं। पिछले सत्र में जनपद में आरटीई के तहत 4000 आवेदन आए थे। मगर इनमें से सिर्फ2500 बच्चों को ही दाखिला दिया गया था। बाकी के चयनित छात्र अब तक एडमिशन के लिए स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं। उनका पूरा साल बर्बाद हो गया। अब नए सत्र के दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ऐसे में पुराने सत्र के छात्रों को मौका मिलना चुनौतीपूर्ण होगा। पिछले सत्र 2020 में जिले के कई निजी स्कूलों ने स्वयं को अल्पसंख्यक बताकर आरटीई के तहत दाखिला देने से इन्कार कर दिया था। हालांकि बाद में दस्तावेजों को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी रही। इन वजह से इन स्कूलों की लिस्ट में शामिल बच्चों को एडमिशन नहीं मिल सका। उनका एक साल बर्बाद हो गया। अब तक के हालात बता रहे हैं कि इस वर्ष भी अभिभावकों को पिछले साल जैसी परेशानी झेलनी पड़ेगी।

## ट्रक से टकराकर 15 फुट नीचे गिरा कैंटर

**नोएडा।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर रविवार को भीषण हादसा हुआ जिसमें एक ट्रक और कैंटर की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में कैंटर गाड़ी एक्सप्रेसवे से पलटते हुए 15 फिट नीचे जा गिरी। इस हादसे में कैंटर का चालक बुरी तरह घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायल को कैंटर से बाहर निकाला तथा इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।

खुर्जा के रहने वाले कैंटर चालक राजकुमार एक कंपनी का सामान लेकर गुजरात से मेरठ जा रहा था। रविवार को वह दनकौर क्षेत्र में स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से गुजर रहा था। इसी दौरान दनकौर क्षेत्र में उनकी गाड़ी का टायर पंचर हो गया। टायर बदलने के बाद वह अपनी गाड़ी को लेकर हाइवे पर लेन में जा रहा था। उसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रहे एक ट्रक ने कैंटर में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कैंटर गाड़ी हाईवे से करीब 15 फीट नीचे जा गिरी।

# कंपनी के कर्मचारियों से 30 लाख की ठगी

## हर माह एक लाख रुपए कमाने का दिया था झांसा, किया हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



कंपनी गेट के सामने हंगामा कर नारेबाजी करते सैकड़ों कर्मचारी। फोटो : दीपक

थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-16 में स्थित अर्बन कंपनी के कर्मचारियों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया है। सुबह करीब 200 कर्मचारी कंपनी गेट के सामने इकट्ठा हुए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। सभी कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन पर उन्हें झांसा देकर ठगी करने का आरोप लगाया है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को हर महीने मोटी रकम कमाने का झांसा देकर 30 लाख रुपए की ठगी की है। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को समझते हुए सेक्टर-20 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारियों को समझा-बुझाकर वहां से हटा दिया।

जानकारी के अनुसार उक्त कंपनी ने एक स्कीम शुरू की। इसमें कर्मचारियों को महीने में एक लाख रुपये तक कमाने का झांसा दिया। बदले में प्रत्येक कर्मचारी से 15 हजार रुपये जमा करवाए गए। साथ ही शुल्क के नाम पर मोटी रकम मांगी गई। कर्मचारियों को जब ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने कंपनी प्रबंधन से इस बारे में बात करने की कोशिश की पर उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला।

इससे गुस्साए करीब 200 कर्मचारी कंपनी गेट पर पहुंच गए। उन्होंने मैनेजमेंट के खिलाफ नारेबाजी की और पैसे वापस मांगे। कर्मचारियों की भारी संख्या को देखते हुए नोएडा सेक्टर-20 थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कर्मचारियों को समझा-बुझाकर वापस भेज दिया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कंपनी प्रबंधन से इस बारे में जानकारी हासिल की जा रही है। पुलिस पता लगा रही है कि आखिर प्रबंधन इस तरह स्टॉफ को एक लाख रुपये महीना कमाने का झांसा कैसे दे रही थी।

# युवती के साथ सुरक्षाकर्मियों ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

राजनगर एक्सटेंशन में फ्लैट दिखाने के बहाने 2 सुरक्षाकर्मियों ने एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। होश में आने के बाद पीड़िता को घटना की जानकारी हुई है। पीड़िता ने इस मामले में पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

युवती का आरोप है कि पुलिस ने जांच के नाम पर उसको करीब 8 घंटे तक थाने में बैठाए भी रखा था। बाद में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। नंदग्राम थानांतर्गत राजनगर एक्सटेंशन की औरा चमेरा सोसाइटी का यह मामला है। पीडित युवती मूलरूप से मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली है। वह मधुबन बापूधाम कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है।

पीड़िता राजनगर एक्सटेंशन में बैंक में अकाउंट खुलवाने गई थी। वहां उसकी मुलाकात बैंक में तैनात सुरक्षा गार्डों से हुई। गार्डों ने पीड़िता का अकाउंट खुलवाने का आश्वासन दिया। अकाउंट खुलवाने से पहले किराए पर फ्लैट देने की राय दी गई। ऐसे में दोनों सुरक्षा गार्डों के साथ लड़की राजनगर एक्सटेंशन की औरा चमेरा सोसाइटी में पहुंच गई।

# एटीएम कार्ड की धोखाधड़ी में चार धरे गए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पुलिस द्वारा पकड़े गए चारो आरोपी। फोटो : दीपक यादव

गौतमबुद्धनगर जनपद में थाना सेक्टर-24 की पुलिस ने एटीएम मशीन से पैसा निकालने वाले लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उनके एटीएम कार्ड हासिल करने और उनके खातों से धन निकालने वाले एक गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राजेश एस ने बताया कि थाना सेक्टर 24 पुलिस ने सोमवार को एक सूचना के आधार पर ईएसआई अस्पताल के पास से रंजीत साहनी, प्रकाश चौहान, जितेंद्र साहनी तथा अरुण सिंह को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने 70 एटीएम कार्ड, फर्जी तरीके से एटीएम से निकाले गए पैसों से खरीदे गए दो मोबाइल फोन आदि बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि इस गिरोह के सदस्य ऑटो रिक्शा में सवार होकर शहर में निकलते हैं और ये उन एटीएम मशीनों को निशाना बनाते हैं, जहां सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं होते हैं।

उन्होंने बताया कि ये आरोपी ऐसे एटीएम मशीनों पर बुजुर्ग या सीधे-साधे लोगों की ताक में रहते हैं और उनकी सहायता करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड और पिन हासिल करके धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं।

# 10वीं राष्ट्रीय क्रॉसबो शूटिंग में राजकुमार ओवरऑल चैंपियन

- प्रताप विहार में प्रतियोगिता हुई आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

क्रॉसबॉ वोटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 10 वीं राष्ट्रीय क्रॉसबो शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन प्रताप विहार स्थित लीलावती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद के राजकुमार को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया जिन्होंने 100 में से 95 अंक प्राप्त किया।

दसवीं क्रॉसबो शूटिंग चैंपियनशिप के आयोजक अध्यक्ष अनिल कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन अलग-अलग 10 श्रेणियों में किया गया, जिसमें राजकुमार, आयरन साहू, शुभम कर्दम, गोपीनाथ साहू, विशाल सिंह, कमलजीत सिंह, प्रदुमन सिंगज, आर्ची अग्रवाल, दीपिका, अलका ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जबकि ट्रॉफी पर कब्जा ओवरऑल चैंपियन उत्तर प्रदेश के राजकुमार ने किया। इस दौरान दक्षा परिवार फाउंडेशन के चार खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की तरफ से हिस्सा लिया और मेडल प्राप्त किया जिसमें एक गोल्ड, दो सिल्वर तथा एक ब्राउंज प्राप्त किया।

## रियल एस्टेट कारोबारी ने पंखे से लटककर दी जान

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक रियल एस्टेट कारोबारी ने अपने दफ्तर में ही पंखे से लटकर खुदकुशी कर ली। प्रारंभिक जांच में पुलिस का कहना है कि कारोबारी मंदी के कारण दुखी था। मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला है।

पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। खुदकुशी करने वाला कारोबारी इंदिरापुरम निवासी रवि सिंह उर्फ रवि सिसोदिया था, जो पाम रोड पर अपना दफ्तर चलाता था और रियल एस्टेट कारोबारी था। सोमवार को उसके कार्यालय में पंखे से लटकी हुई उसकी लाश बरामद हुई और पास में ही सुसाइड नोट भी पड़ा हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार



व्यापारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. अजय शंकर पांडे।

### व्यापारियों के साथ डीएम ने की बैठक

**गाजियाबाद।** डीएम अजय शंकर पाण्डेय ने सोमवार को व्यापार बंधु की बैठक ली। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं जिसके निस्तारण का आश्वासन दिया गया। बैठक के दौरान व्यापारियों ने बढ़ती लूटपाट की घटनाओं को लेकर चिंता जताई। साथ ही सचल दलों द्वारा की जा रही उत्पीड़न की कार्रवाई का भी विरोध किया। व्यापारियों ने कहा कि चेकिंग के नाम पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। इसकी वजह से व्यापार करना मुश्किल हो रहा है। सुरक्षा के साथ अन्य कई समस्याएं व्यापारियों ने रखीं। बैठक में एसपी सिटी निपुण अग्रवाल, एडीएम प्रशासन संतोष कुमार वैश्य के अलावा व्यापारी वर्ग से अतुल जैन, तिलकराज अरोरा, प्रदीप चौधरी, अशोक भारतीय आदि शामिल हुए।



जरूरतमंदों को कपड़े वितरित करते उज्वल भारत मिशन संस्था के पदाधिकारी।

### जरूरतमंदों को संस्था ने बांटे कपड़े

**गाजियाबाद।** सामाजिक संस्था उज्जवल भारत मिशन के सौजन्य से आरडीसी गौर मॉल के निकट तथा नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के पास स्थित झुग्गियों में जाकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सैंकड़ों लोगों को कपड़ों का वितरण किया गया। संस्था की राष्ट्रीय सयुक्त सचिव स्नेहा सिसोदिया ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर कपड़े बांटने का कार्यक्रम चलता रहता है इसमें संस्था के सभी सदस्य सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों पर कपड़े फालतू होते हैं या साईज में छोटे-बड़े हो जाते हैं संस्था उनसे कपड़े एकत्रित करती है उसके बाद उन्हें ठीक कराकर, धोकर पैक किया जाता है। इसके बाद कपड़ों को साईज और मौसम के अनुसार बांटा जाता है। इस अवसर पर जिला उप-प्रमुख (स्वास्थ्य) डा. दिनेश सिंह, नीरज गोयल, संजीव नागपाल, आशी सिंह, श्रीकान्त पाल, विपुल अग्रवाल, अजीत गौतम, सुधीर गोयल, गौरव चौधरी आदि का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### स्ट्रीट डॉग्स के लिए रोट्रेक्ट ग्रुप ने दिया तोहफा

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम परिवार के रोट्रेक्ट ग्रुप के छात्रों ने स्ट्रीट डॉग्स के लिए एक बेहतरीन तोहफा पीपुल्स फॉर एनिमल्स संस्था के पदाधिकारियों को भेंट किया है। सोमवार को यहां डॉग शेल्टर होम पहुंचे पशुप्रेमी छात्र-छात्राओं ने उनके लिए खुद से तैयार किए गए बेड और कुशन पीएफए की जिलाध्यक्ष सुरभि रावत और उनकी टीम को भेंट किए। ग्रुप के अवनीश सूरी ने बताया ये सभी बेड और कुशन उन्होंने और उनकी टीम ने खुद तैयार किए हैं। बेड बनाने के लिए बेकार टायरों का इस्तेमाल कर उन्हें खूबसूरत तरीके से वाटरप्रूफ पेंट से सजाया गया है जबकि कुशन के लिए बीन्स का इस्तेमाल किया गया है। पीएफए की जिलाध्यक्ष ने ग्रुप के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

# कुत्ते को पीटना युवक को पड़ा भारी, पीएफए ने दर्ज कराया केस

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई युवक की करतूत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



बीमार कुत्ते को बेरहमी से पीटता युवक।

नासिरपुर गांव में एक शख्स को गली के बीमार कुत्ते को पीटना भारी पड़ गया। पिटाई की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और उसके खिलाफ कार्रवाई का आधार बन गई। उस व्यक्ति ने सोचा भी नहीं होगा कि बीमार कुत्ते को डंडे से मारना उसके लिए कानूनी फांस बन जाएगा। इसकी भनक एनजीओ पीएफए को लग गई। एनजीओ ने इस मामले में सिहानी गेट थाने में शिकायत दी।

बाद में यह मेनका गांधी के संज्ञान में मामला आ गया। पुलिस ने घटना की जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। संस्था पीपल फॉर एनिमल्स की अध्यक्ष सुरभि रावत ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजू नाम का एक व्यक्ति यहां नासिरपुर गांव में रहता है। उसने एक घायल कुत्ते पर हमला कर दिया। उसकी हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई है। आसपास के लोगों ने जब उनको बताया तो उन्होंने इस मामले में सिहानी गेट थाना में शिकायत की।

पीएफए की चेयरपर्सन ने घटना के बारे में मेनका गांधी को भी अवगत कराया। सांसद और वरिष्ठ नेता ने इस बारे में पुलिस से बात की और कार्रवाई करने को कहा है। सिहानी गेट कोतवाल कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दूसरा फरार

- छात्र के अपहरण मामले में थे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना दनकौर क्षेत्र के औरंगपुर गांव में एक छात्र के अपहरण में शामिल बदमाशों के साथ पुलिस की रविवार देर रात मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया जबकि उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया।

पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) राजेश कुमार सिंह ने बताया, गांव औरंगपुर में 12 वर्षीय छात्र यश नागर को दो अज्ञात बदमाशों ने 13 फरवरी को अगवा कर लिया था। सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई जिसके आधार पर बदमाशों और छात्र की तलाश में पुलिस ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा में दबिश दी। पुलिस की कार्रवाई को देखते हुए बदमाशों ने 14 फरवरी को छात्र को ईस्टर्न पेरीफेरल के पास छोड़ दिया। हालांकि पुलिस अपहरण में शामिल बदमाशों की तलाश में जुटी रही। अधिकारी ने बताया कि घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## डीएम ने भी लगवाया कोरोना का टीका

**गाजियाबाद** । कोरोना से बचाव के लिए जिले में चल रहे टीकाकरण अभियान के दौरान सोमवार को जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पांडे ने भी कोरोना का टीका लगवाया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एनके गुप्ता के साथ-साथ तमाम स्टाफ मौजूद था।

जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पांडेय सोमवार को सेक्टर 23 स्थित जिला संयुक्त अस्पताल पहुंचे और वहां पर कोरोना का टीका लगवाया। इस दौरान अस्पताल के मेडिकल स्टाफ ने डॉक्टर पांडेय को गुलदस्ता भी भेंट किया।

# स्ट्रीट वेंडर को मिलेगा 10 हजार का ऋण

## अनियमितताएं रोकने को डीएम बैंक ग्रुप पर लगाएंगे मजिस्ट्रेट की ड्यूटी

- सर्वे में छूटे लोगों के लिए बनाई समिति

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के तहत जिले के लगभग 65 हजार ठेली खोमचे वालों को केंद्र सरकार 10 हजार का ऋण उपलब्ध कराने जा रही है। ये ऋण नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा चिन्हित किए गए वेंडर्स को विभिन्न बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला प्रशासन के संज्ञान में यह आया है कि जिले के बैंक गरीबों को ऋण देने के मामले में लापरवाही बरत रहे हैं इसी पर नकेल कसने के लिए प्रशासन ने विभिन्न बैंक ग्रुप पर एक दर्जन से भी अधिक मजिस्ट्रेट तैनात करने का निर्णय किया है।

जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पांडे ने सोमवार को बताया कि यह मजिस्ट्रेट यह भी ध्यान रखेंगे कि बैंक के अधिकारी या कर्मचारी ऋण देने के नाम पर कोई भ्रष्टाचार रूपी आचरण ना करें। शहरी विकास अभिकरण इस समय सड़कों पर ठेला लगाकर जीवन निर्वाह करने वाले लोगों को चिन्हित करने का काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 27 हजार पात्र ठेले वालों को चिन्हित किया जा चुका है। खास बात यह है इस योजना में केवल उन लोगों को शामिल किया जाएगा जो 24 मार्च 2020 से पूर्व सड़कों के किनारे ठेला या खोमचा लगाने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा जो लोग सर्वे में छूट गए हैं उनके लिए एक समिति गठित की गई है। इसकी संस्तुति पर ही उनका नाम पात्र सूची में शामिल किया जाएगा।



ग्रेनो वेस्ट में कोरोना वॉरियर्स चौक के अनावरण के दौरान मौजूद प्राधिकरण सीईओ नरेंद्र भूषण, सीएमओ दीपक ओहरी व अन्य अधिकारी।

# डॉक्टरों की प्रतिमा का 'कोरोना वॉरियर्स चौक' पर अनावरण

## यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल ने नोएडा एक्सटेंशन में बनाया चौक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

महामारी के बुरे दौर में सेवा में समर्पित सभी स्वास्थ्यकर्मियों को यथार्थ सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने सम्मान दिया है। नोएडा एक्सटेंशन में सोमवार को हनुमान मंदिर चौक पर डॉक्टरों की प्रतिमा वाले पहले कोरोना वॉरियर्स चौक का अनावरण किया गया। सर्जिकल दस्ताने और फेस मास्क पहने दो डॉक्टरों की 15 फुट ऊंची प्रतिमा बनाने में एक महीने से ज्यादा का वक्त लगा। इसे बनाने में करीब पांच लाख रुपये का खर्च आया। अब इसे कोरोना वॉरियर्स चौक के नाम से जाना जाएगा।

कोविड महामारी के जानलेवा दौर में जान गंवाने वाले योद्धाओं को देश सदैव याद रखेगा। आसमान की तरफ देख रहीं प्रतिमाएं एक समर्पण का प्रतीक हैं। ये प्रतिमाएं चौक से गुजरने वाले हर मुसाफिर को उनकी नि:स्वार्थ सेवा की हमेशा याद दिलाएंगी। चौक का उद्घाटन ग्रेटर नोएडा के सीईओ नरेंद्र भूषण, गौतमबुद्धनगर के सीएमओ डॉ दीपक ओहरी की मौजूदगी में किया।

यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ कपिल त्यागी ने बताया, 'मेडिकल फ्रेटर्निटी ने अपने दिमाग से कोरोना महामारी के भय को दूर रखा। सबने अपने पेशेवर जिम्मेदारी को आगे रखा और बुरे वक्त में लोगों की सेवा करते रहे। हमारे फ्रंटलाइन डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों ने राष्ट्र के कल्याण के लिए कठिन परिश्रम किया है। पर टीकाकरण अभियान सफल होने से उनकी मेहनत का फल मिला है। हमें इसका गर्व है। हम इसकी सराहना करते हैं।

# पर्थला गोलचक्कर की सूरत बदलने को प्राधिकरण कर रहा काम

## केबल सस्पेंशन ब्रिज बनने के बाद फर्राटा भरेंगे वाहन, दिखाई देगा खूबसूरत नजारा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्राफिक्स इमेज



प्राधिकरण शहर के लोगों को एक और सौगात देने जा रहा है। अथॉरिटी ने महात्वाकांक्षी पर्थला गोलचक्कर चौराहे को लेकर बड़ा कदम उठाया है। अब इस गोलचक्कर चौराहे की सूरत बदल जाएगी। इसके रूपरेखा का खाका तैयार किया जा रहा है।

अब गोलचक्कर के ऊपर केबल सस्पेंशन ब्रिज बनाया जाएगा। इसके बाद नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच वाहनों को कोई बैरियर नहीं मिलेगा और गाड़िया पूरी रफ्तार से फर्राटा भरेंगी। प्राधिकरण सिर्फ इसी मार्ग की योजना पर काम नहीं कर रहा है। अथॉरिटी, गोलचक्कर के नीचे अंडरपास बनाकर फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, एफएनजी रूट पर ट्रैफिक का दबाव कम करने की प्लानिंग बना रहा है। इन दोनों प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद पर्थला गोलचक्कर से गुजरने वाले लाखों वाहन चालकों को बहुत राहत मिलेगी। बताते चलें कि पर्थला चौराहे को नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट का बॉर्डर कहा जाता है। विगत कुछ सालों में इस चौराहे पर वाहनों का बहुत दबाव बढ़ा है। इस रूट पर तकरीबन 1.25 लाख वाहनों की आवाजाही होती है।

इसे सरल बनाने के लिए सेक्टर-71 चौराहे से किसान चौक के बीच 700 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इस पर 80.83 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके ऊपर 150 मीटर का हिस्सा केबल सस्पेंशन तकनीक से विकसित किया जा रहा है।

नोएडा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रिज के लिए गोलचक्कर के ऊपर बन रहे पिलर की नींव 10 मीटर गहरी रहेगी। इसके पीछे एक बड़ी वजह यह है कि गोलचक्कर के नीचे से ब्रिज को क्रॉस करता हुआ छह मीटर ऊंचाई का अंडरपास बनाया जा सके ताकि मुसाफिरों को ट्रैफिक फ्री यात्रा मिल सके। एफएनजी पर बनने वाला अंडरपास एनएच-9 से एक्सप्रेसवे की तरफ बनाया जाएगा। प्राधिकरण इसका डिजाइन तैयार करा रहा है। जल्दी ही इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए अधिकारियों के पास भेज दिया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# कोविड-19 : मेट्रो और बसों में अभी पाबंदी के साथ ही सफर

## महाराष्ट्र, केरल, पंजाब आदि राज्यों में बढ़ते कोरोना मामलों के मद्देनजर लिया गया फैसला

**संजय राय।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

कोविड-19 महामारी को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में अभी पाबंदी जारी रहेगी। मेट्रो और बसें पहले की तरह ही सीमित क्षमता के साथ चलेंगी। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को यात्रियों की संख्या यथास्थिति बनाए रखने का फैसला लिया है। महाराष्ट्, केरल, छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि को देखते हुए यह फैसला किया गया।

सूत्रों के अनुसार दिल्ली मेट्रो ट्रेनें और सार्वजनिक बसें अभी सीमित क्षमताओं के साथ ही चलेंगी। अभी दो और सप्ताह तक स्थिति पर सतर्कतापूर्वक नजर रखी जाएगी। दिल्ली परिवहन विभाग (डीटीसी) ने पिछले हफ्ते डीडीएमए को प्रस्ताव भेजा था ताकि सार्वजनिक बसों में यात्रियों को खड़े होने की अनुमति दी जा सके।

दिल्ली में कोरोना संक्रमण की दर 0.03 फीसद से नीचे बरकरार है लेकिन मामले थोड़े बढ़ गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि फरवरी के दूसरे सप्ताह के मुकाबले तीसरे सप्ताह में नए मामले करीब पांच फीसदी अधिक आए हैं। यह आंकड़ा बेशक छोटा लगे लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यदि कोरोना से बचाव के नियमों का ठीक से पालन नहीं किया गया और 56 फीसद लोगों के सीरो पाजिटिव होने की बात सोच कर लापरवाही करती गई तो मामले ज्यादा भी बढ़ सकते हैं। ऐसे में नए केसों में थोड़ी बढ़ोत्तरी को खतरे की घंटी मानकर बचाव के नियमों का सख्ती से पालन करना होगा।

दरअसल दिल्ली में कोविड-19 की तीसरी लहर थमने के बाद फरवरी के दूसरे हफ्ते तक मामलों में गिरावट का सिलसिला जारी था। फरवरी के पहले सप्ताह में कोरोना के 939 केस आए थे। दूसरे सप्ताह में नए मामले घटकर और भी कम 911 हो गए लेकिन तीसरे सप्ताह नए केसों का आंकड़ा बढ़कर 954 हो गया। इसमें भी 5835 मामले पिछले चार दिन में आए हैं।

### पिछले पांच दिन में आए मामले

| तारीख | पॉजिटिव केस | मौत |
|---|---|---|
| 17 फरवरी | 134 | 00 |
| 18 फरवरी | 130 | 02 |
| 19 फरवरी | 158 | 01 |
| 20 फरवरी | 152 | 01 |
| 21 फरवरी | 145 | 02 |

**चौबीस घंटे में आए 128 केस**

सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 128 नए मामले सामने आए जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली सरकार स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार कोरोना वायरस से संक्रमित होने वाले लोगों की कुल संख्या छह लाख 38 हजार 28 हो गई जबकि मरने वालों की कुल संख्या 10901 हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में फिलहाल 1041 मरीज उपचाराधीन हैं।

## सतर्कता में नहीं दें ढील टीकाकरण करें तेज : एलजी

**पायनियर समाचार।** नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए जरूरी सतर्कता में कमी नहीं आनी चाहिए एवं टीकाकरण को लेकर लोगों में मौजूद झिझक को दूर करने के लिए आक्रमक तरीके से अभियान चलाने की जरूरत है।

उप राज्यपाल ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं दिल्ली सरकार के अन्य मंत्री भी इस बैठक में मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल बैजल ने कोविड-19 से बचने संबंधित आचरण बरतने की सलाह दी और संक्रमण फैलाने वालों की निगरानी करने को कहा।

उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने कोविड-19 से बचाव के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान को भी गति देने का निर्देश दिया।

**दिल्ली दंगे के एक साल बाद**

# जख्मों की टीस है लेकिन टूटा नहीं जिंदगी जीने का हौसला

## खौफनाक मंजर के निशां अभी बाकी, पर अब आगे बढ़ चला है कारवां

**जाहिद अली।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली में एक साल पहले हुए दंगों में मिले जख्मों की टीस तो है लेकिन जिंदगी चलने का नाम है और इसको चरितार्थ करते हुए स्थानीय लोग एक बार फिर कदम से कदम मिलाकर आपसी सद्भाव व भाईचारे के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उस खौफनाक दौर की कुछ निशानियां अब भी देखी जा सकती हैं पर इसे मनहूस याद समझकर लोग भुला देना चाहते हैं। दिल्ली दंगे के एक साल पूरे होने पर हमारे संवाददाता ने मौके पर जाकर हालात का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से बात कर हालात को जाना।

वर्ष 2020 की 23 फरवरी का दिन दिल्ली वासियों के लिए एक ऐसा दंश है जिसके सोचने भर से स्थानीय लोगों में सिहरन दौड़ जाती है। देश की राजधानी की उस दिन फिजां कुछ ऐसी बिगड़ी की इंसान का इंसान से भरोसा ही उठ गया। दंगों के एक साल बाद भी इसकी तपिश पूर्वी दिल्ली की हवाओं में महसूस की जा सकती है। लेकिन इसके बावजूद स्थानीय लोगों की जिंदगी का कारवां थमने की बजाय आगे बढ़ चला है।

एक साल पहले दंगाइयों के तांडव का शिकार बने मौजपुर चौक, भजनपुरा और सोनिया विहार पुश्ता में उस हैवानित और वहशीपन की निशानियां बाकी है। दिल्ली दंगे का खामियाजा सभी समुदाय के लोगों को अपनी जान और माल के नुकसान के साथ उठाना पड़ा था। दंगाइयों द्वारा भजनपुरा चौक पर जलाए गए इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर कामकाज फिर



सामान्य हो गया है। यहां पर दंगे की निशानी दीवारों से लेकर ऑफिस तक आज भी नजर आता है। फिलहाल यहां पर निर्माण कार्य जारी है। दंगे के कारण कई माह तक बंद रहा था। दस साल पहले पंप को महेंद्र अग्रवाल ने खरीदा था।

एक कर्मचारी उस दिन को याद कर सिहर जाता है। उसने बताया कि एक साल बाद भी एक डर का माहौल तो है लेकिन जिंदगी फिर से पटरी पर चल पड़ी है। सभी समुदाय के लोग अपनी गाड़ियों में पेट्रोल भरवाने आते है।

दंगाइयों ने पास के ही गोकुलपुरी टायर मार्केट तीन बार निशाने पर लिया था। आज इस मार्केट की फिजा बदल गई। खरीदारों ने एक बार फिर इस बाजार की तरफ रूख किया है। मार्केट एसोएिशन के अध्यक्ष राशिद ने बताया कि जमीयत की मदद से चलते एक बार फिर बाजार खड़ा हो पाया है। जमीयत ने केवल आर्थिक मदद की बल्कि दुकानों को भी बनवाया। यहां करीब 97 दुकानें खाक हुई लेकिन केवल तीस के करीब दुकानों को 30 हजार से लेकर दो लाख तक का दिल्ली सरकार की तरफ से मुआवजा मिला है।

### इलाज को आ रहे मरीज, ताहिर का मकान वीरान पड़ा

दंगे के दौरान मोहन नर्सिंग होम और ताहिर हुसैन के मकान ने मीडिया रिपोर्ट की खूब सुर्खियां बटोरी थी। पर आज यहां सब कुछ सामान्य है। नर्सिग होम में मरीज बिना डर के इलाज के लिए आ रहे हैं। यहां काम करने वाले कर्मचारी अशोक (बदला नाम) उस घटना को याद नहीं करना चाहते। वहीं ताहिर के मकान को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।



### जाफराबाद मेट्रो स्टेशन पर बेरिकैड व अर्धसैनिक बल तैनात

सीए और एनआरसी कानून के विरोध में हुए आंदोलन के दौरान इसी मेट्रो स्टेशन पर महिलाएं सड़क के बीचोबीच बैठ गई थी। दंगे की जड़ यहीं से शुरू हुई। एक साल बीत जाने बाद यहां सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर बेरिकैड लगा हुआ है। देर रात तक अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी भी रहती है। स्थानीय माजिद के अनुसार धरने पर बैठी महिलाएं कहां से आई हम सभी के लिए रहस्य बना हुआ है।



बढ़ते पेट्रो मूल्यों के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

# पेट्रो पदार्थों की दरों में वृद्धि पर क्रिकेट किट पहनकर प्रदर्शन

## हाथों में झंडे, गैस सिलेंडर व सरकार विरोधी नारे लिखी तख्तियां लेकर कीमतें वापस लेने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस ने कनॉट प्लेस में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के खिलाफ अनूठा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने साइकिल चलाकर बढ़ी कीमतों के खिलाफ अपना रोष जताया। साथ ही क्रिकेट किट पहन कर पेट्रोलिया पदार्थों के शतकवीर दामों की झलक भी दिखाई।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि दिल्ली ही नहीं पूरे देश भर में पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। कई राज्यों में तो पेट्रोल 100 के पार भी पहुंच चुका है। मोदी सरकार महंगी सरकार साबित हुई है। आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कम कीमतों के बावजूद पेट्रोल व डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के सभी जिला कांग्रेस कमेटियों में पेट्रोल, डीजल की रोजाना बढ़ती कीमतों, गैस सिलेंडर की बढ़ी दरों को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार को घेरते हुए उसकी जनविरोधी नीतियों, बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ हाथों में झंडे, गैस सिलेंडर, सरकार विरोधी नारे लिखी तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन करते कीमतें वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में वरिष्ठ जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, पदाधिकारियों समेत स्थानीय लोगों ने भी अपना रोष प्रकट किया।

प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं का कहना है कि केंद्र की भाजपा सरकार को अर्थव्यवस्था की कोई समझ नहीं है। महंगाई पहले से ही लगातार बढ़ रही है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में जो आग लगी हुई है उससे रोजमर्रा की चीजें और महंगी होंगी। एक्साइज ड्यूटी में बढ़ोतरी को वापस करके महंगाई और मंदी से जूझ रहे लोगों को राहत दी जाए।

कांग्रेस पार्टी के नेता अभिषेक दत्त ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के पास पेट्रोल और डीजल की कीमत को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर दत्त ने भाजपा सरकार और आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी तो आम आदमी पार्टी ही है, यह दोनों आपस में मिली हुई है और दिल्ली वालों को ठगने का काम कर रही है। आज लगातार दसवें दिन भी पेट्रोलियम पदार्थों की दरों में वृद्धि जारी रही। इसके लिए दोनों सरकारें बराबर की जिम्मेदारी है क्योंकि दोनो ही सरकारें पेट्रोल और डीजल पर एक्साईज ड्यूटी और वेट को कम करके जनता को राहत देने की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतें आसमान छू रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरस्वती पूजा श्रद्धापूर्वक संपन्न

**नई दिल्ली।** श्री जगन्नाथ ओड़िया एसोसिएशन के तत्वाधान में मयूर विहार फेज 3 में वार्षिक सरस्वती पूजा श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस महोत्सव में कई गणमान्य लोग शामिल हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सामल, सचिब सुरेश कुमार बेहेरा स्थानीय विधायक, निगम पार्षद जुगनू संजय चौधरी को सन्मानित किया। चौधरी ने इस तरह के आयोजन करने पर एसोसिएशन की सराहना की और कहा कि धार्मिक कार्यक्रम से आपसे में भाई चारा व प्रेम बढ़ता है। दिल्ली में ओडिशा के कला और संस्कृति को आगे बढ़ाने कि साथ-साथ संगठन में नई ऊर्जा भरने कि लिए एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार की प्रशंसा की। इस महोत्सव में नन्हे मुन्ने कलाकारों से नृत्य, गाना, क्विज में हिस्सा लिया। विजेताओं को एसोसिएशन अध्यक्ष व सचिब विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किए।



डीप फ्रीजर का उद्घाटन करते उत्तरी दिल्ली निगम के महापौर जयप्रकाश।

### हिंदुराव अस्पताल को मिला अल्ट्रा लो डीप फ्रीजर

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के हिन्दुराव अस्पताल को कोरोना वैक्सीन रखने के लिए अल्ट्रा लो डीप फ्रीजर मिला है। डीप फ्रीजर को एयरकॉम इंजीनियरिंग कंपनी ने कोरोनो वैक्सीन रखने के लिए एसडीएमसी को दान किया है। इस मौके पर महापौर जय प्रकाश ने कहा कि यह टीकारण अभियान में मील का पत्थर साबित होगा। जय प्रकाश व पार्षद राधिका फोगाट का इस कार्य में सहयोग करने के लिए कंपनी का आभार जताते हुए कहा कि यह फ्रीजर हिन्दुराव अस्पताल में चल रहे टीकाकरण अभियान में मदद करेगा। पहले वैक्सीन रखने के लिए दूर स्टोरेज वाले स्थानों पर जाना पड़ता था। फ्रीजर मिलने से अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल दूसरे निगम अस्पतालों की वैक्सीन को भी यहां स्टोर करने की सुविधा मुहैया कराएगा।

### अवैध हिरासत मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित

**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी की एक शिकायत पर एक वरिष्ठ नागरिक को अवैध तरीके से हिरासत में लेने के मामले में दिल्ली पुलिस के दो कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस द्वारा जारी बयान क अनुसार नरेला पुलिस थाने के प्रभारी और एक सहायक उप-निरीक्षक को रविवार शाम निलंबित कर जिला पुलिस लाइन भेज दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक ने इस मामले में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसके बाद यह कदम उठाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों पर लगे आरोपों की जांच की जा रही है।

### देशभक्ति पाठ्यक्रम के प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार अपने सभी स्कूलों में के.जी. से आठवीं की कक्षाओं के बच्चों के लिए अगले शैक्षणिक सत्र से देशभक्ति पाठ्यक्रम शुरू करेगी। इस पाठ्यक्रम का मकसद बच्चों में उन मूल्यों और कौशलों को स्थापित करना जो बच्चों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले सक्रिय और प्रतिबद्ध नागरिक बनाने के लिए तैयार करे। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भारत के गौरव और हमारे संवैधानिक मूल्य सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, उसे जीवन में उतारने कि जरुरत है। पाठ्यक्रम में स्वयं, परिवार, स्कूल, समुदाय, समाज, राष्ट्र और विश्व के संदर्भ में गहरी समझ विकसित करने के पांच प्रमुख विषयवस्तु शामिल होंगे। इसका उद्देश्य छात्रों में देश के लिए गर्व और जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है।

## जदयू ने एलजी से बार्डर खोलने की लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) ने दिल्ली पर पुलिस द्वारा लगाये अवरोधों को हटाकर उन्हें आवाजाही के लिए खोलने लिए एलजी से गुहार लगाई है। पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि किसान आंदोलन में किसानों की संख्या बेहद कम है। ऐसे में किसी गड़बड़ी की आशंका कम है।

गुप्ता ने कहा कि गाजीपुर, टीकरी और सिंघू बार्डर पर जब हजारों की संख्या में किसान हजारों ट्रैक्टरों के साथ जमा थे, तब भी दिल्ली पुलिस ने पडोसी राज्यों से आने-जाने वालों को लिए इन बॉर्डर को खोल रखा था जहां किसान आन्दोलन चल रहा था।

## समर्पण से पहले कैदियों के टीकाकरण पर मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जेल में कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के मद्देनजर जमानत या पैरोल पर रिहा कैदियों के समर्पण के पहले टीकाकरण, बुजुर्ग व बीमार कैदियों के आपात पैरोल के संबंध में दाखिल दो याचिकाओं पर सोमवार को आप सरकार, जेल प्राधिकार एवं राज्य विधि सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए) को नोटिस देकर जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर याचिकाओं पर 26 मार्च तक जवाब मांगा है और मुद्दे पर उससे जल्द कदम उठाने को कहा है। दिल्ली सरकार के स्थाई वकील (फौजदारी) राहुल मेहरा ने पीठ को आश्वस्त किया कि चिंता करने की कोई बात नहीं है क्योंकि हर चीज नियंत्रण में है। उन्होंने अदालत से कहा कि जेल में कोविड-19 का संक्रमण नहीं फैला है। पीठ ने सरकार को अपने हलफनामे में उठाए गए कदम और प्रस्तावित कदम के बारे में बताने का निर्देश दिया।

## पंजीकृत होंगे निर्माण मजदूर, अभियान शुरू

### मोबाइल यूनिट कार्यस्थल पर ही दर्ज करेगी नाम, 8 लाख को होगा फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीकरण अभियान शुरू किया है। इस मुहिम के जरिये दिल्ली के श्रमिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा। राजधानी में लगभग 10 लाख मजदूर हैं। इनमें 1.31 लाख दिल्ली निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हैं और लगभग 80 हजार के पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। इस अभियान से लगभग 8 लाख से अधिक निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण किया जाएगा।

**● बेटियों की शादी के लिए मिलेंगे 51 हजार**

उपमुख्यमंत्री व श्रम मंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में श्रमिकों पंजीकरण के लिए मेगा रजिस्ट्रेशन ड्राइव का ऐलान करते हुए कहा कि श्रमिक देश के रीढ़ की हड्डी है,जो देश को मजबूत करते हैं। मजदूर खड़े हैं तो हमारी इमारतें, शहर खड़े हैं।

श्रमिकों के सम्मान व हितों का ध्यान रखना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इन लोगों को दिल्ली सरकार से मिलने मिलने वाली सहायता के तहत घर निर्माण के लिए 3 लाख से 5 लाख, मातृत्व लाभ में 30,000 रुपये, टूल खरीदने के लिए 20,000 का लोन व 5000 की सहायता राशि, श्रमिकों के प्राकृतिक मृत्यु पर 1 लाख व दुर्घटना मृत्यु पर 2 लाख की सहायता राशि दी जाती है।

इसके अलावा अपंग हो जाने पर 1 लाख की सहायता राशि व 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन, बच्चों की स्कूली शिक्षा व उच्च शिक्षा के लिए 500 से 10,000 रुपये प्रतिमाह, श्रमिकों व उनके बच्चों के विवाह के लिए 35000 से 51000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है।

## कोरोना योद्धाओं के आश्रितों को दुकानें आवंटित करें : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस ने कोविड-19 महामारी के दौरान जान गंवाने वाले निगम कर्मचारियों, दिल्ली पुलिस, दिल्ली सरकार, मीडिया कर्मी, डॉक्टर, नर्स समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के आश्रितों को दुकानें आवंटित करने का मुद्दा उठाया है।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस दल के नेता एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अभिषेक दत्त ने एसडीएमसी द्वारा गैर अधिकारिक व्यवसाय के तहत खान-पान का सामान बेचने एवं बिठाकर खिलाने के लिए ई-फूडकार्ट, फूड ट्रक एवं बस इत्यादि नये डिजाईन के रेस्टोरेंट तथा पार्कों में क्योस्क की दुकानों के स्थाई लाईसेंस देने में संबधी योजना को मृतक कोरोना योद्धाओं के आश्रितों एवं दक्षिणी निगम के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को आवंटित करने की मांग की।

अभिषेक दत्त ने कहा कि दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने कोरोना काल में अपनी जान की परवाह नहीं करने वाले कोरोना योद्धाओं नये डिजाईन के रेस्टोरेंट के स्थाई लाईसेंस दिए जाऐ। इस संबध में निगम की साधारण सभा में उन्होंने निगम सचिव के समक्ष दो प्रस्ताव रखे। उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया कि कोरोना योद्धाओं को लाईसेंस आवंटित होने के बाद चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को डीडीए की तर्ज पर फार्म भरवाऐं जाए।

## इंडिया गेट पर दिल्ली महिला पुलिस की धुन ने जीता दिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंडिया गेट पर दिल्ली पुलिस सप्ताह के अंतिम दिन सोमवार को एक विशेष मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर पुलिस की महिला बैंड ने मधुर धुन बजाकर वहां मौजूद लोगों का मनोरंजन किया। शाम के समय महिला बैंड ने यह विशेष प्रस्तुति सी-हेक्सागन पर दी।

दिल्ली पुलिस द्वारा पुलिस वीक का आयोजन साल 16 से 22 फरवरी के बीच किया जाता है। इस वर्ष भी पुलिस वीक के दौरान अलग-अलग जगहों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी कड़ी में सोमवार को महिला बैंड ने इंडिया गेट सी-हेक्सागन पर मधुर धुन बजाते हुए वहां मौजूद लोगों का मनोरंजन किया। यहां लगभग एक घंटे तक



बैंड पर मधुर संगीत की धुन बजाई गई।

**पहली बार महिलाओं ने दिखाया कमाल :** पहली बार महिला बैंड को शामिल किया गया है। गत 16 फरवरी को आयोजित हुई रेजिंग डे परेड में पहली बार महिला बैंड ने अपनी प्रस्तुति दी थी। जिसे लोगों ने इनके बैंड को काफी पसंद किया था।

**बच्चों को दिखाई गई टॉम एंड जेरी फिल्म :** दिल्ली पुलिस अपने स्थापना दिवस सप्ताह के दौरान जनता के भरोसे को जीतने में जुटी हुई है। ऐसे में कार्यक्रम के आखिरी दिन आरकेपुरम थाने की पुलिस टीम की तरफ से गरीब छोटे बच्चों को पीवीआर सिनेमा में टॉम एंड जेरी पिक्चर दिखाई गई। इस कार्यक्रम में दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी इंगित प्रताप सिंह, आरकेपुरम थाने के एसएचओ राजेश शर्मा, महिला इंस्पेक्टर मंजूषा के साथ थाने का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

पुलिस उपायुक्त इंगित प्रताप सिंह ने बताया पीवीआर सिनेमा की तरफ से गरीब बच्चे जो कोरोना काल में घर में रहे और उनके पास इस तरीके के सिनेमा हॉल में फिल्म देखने के लिए पैसे नहीं होते हैं। पुलिस की तरफ से इन बच्चों को टॉम एंड जेरी फिल्म, जोकी बेहद ही बच्चों की मनपसंद फिल्म मानी जाती है। उसको पीवीआर सिनेमा में दिखाया। ताकि बच्चों को भी यह महसूस नहीं हो सके कि वे गरीब हैं और वे इस तरीके से सिनेमा हॉल में फिल्म नहीं देख सकते।

# गुरुग्राम : फिरोजगांधी कॉलोनी में युवक की गोली मारकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की फिरोजगांधी कॉलोनी में गोलियों से मारे गए युवक की गाड़ी व मौके पर जांच करती पुलिस टीम।

**यहां** बसई रोड स्थित फिरोजगांधी कॉलोनी में सोमवार को एक गाड़ी में सवार युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। जब तक युवक कुछ समझ पाता, हमलावरों ने एक के बाद एक करीब डेढ़ दर्जन राउंड उस पर फायर किए। युवक की गाड़ी में ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचे। सोमवार को पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 11 बजे फिरोजगांधी कॉलोनी निवासी मनीष पुत्र बुधराम (28) काले रंग की महिंद्रा एसयूवी कार में सवार होकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान दो युवकों ने उसकी गाड़ी पर पिस्टल तान दी। जब तक मनीष कुछ समझ पाता, एक के बाद एक उन्होंने मनीष पर गोलियों की बौछार कर दी। गाड़ी के चारों ओर घूम-घूमकर उन्होंने मनीष पर गोलियां दागी। गाड़ी के आगे, साइड के शीशे टूट गए और कई गोलियां शीशे को पार करते हुए मनीष को जा लगी। जैसे ही मनीष अचेत हुआ तो हमलावर पिस्टल लहराते हुए वहां से फरार हो गए। इसी बीच वहां आसपास मौजूद लोगों ने मनीष को गाड़ी से निकाला और नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए। गाड़ी के आसपास बिखरे गोलियों के खोल कब्जे में लिए और गाड़ी का भी मुआयना किया। पुलिस ने आसपास लोगों से भी पूछताछ की। घरों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी कब्जे में ली, ताकि घटना की तस्वीरें, वीडियो क्लिप खंगालकर हमलावरों की गिरफ्तारी की मदद ली जा सके। इस घटना की सूचना के तुरंत बाद से आसपास के क्षेत्र के पुलिस नाकों पर चौकसी भी बढ़ाई गई। ताकि हमलावरों को पकड़ा जा सके। बताया जा रहा है कि मनीष बसई गांव का रहने वाला था। यहां यहां किससे मिलने आया था, इसके बारे में भी पुलिस पता लगा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना में किसी गैंगवार के एंगल से भी जांच की जा रही है। मनीष की पृष्ठभूमि भी खंगाली जा रही है। परिजनों से किसी पुरानी रंजिश के बारे में भी पुलिस ने बात की है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई थी।

**हमलावरों ने करीब डेढ़ दर्जन फायर युवक मनीष पर किए**

**पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**गाड़ी में सवार होकर घर से निकलते ही किया मनीष पर हमला**

## महंगाई मुद्दे पर कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**गुरुग्राम।** कृषि के तीन काले कानून, बढ़ती महंगाई, बढ़ते पेट्रोल-डीजल-रसोई गैस सिलेंडर के रेट, बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी गुरुग्राम ने विरोध प्रदर्शन कर तिरंगा यात्रा निकाली। पुरानी जेल चौराहा, नजदीक सोहना चौक से प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी राजीव चौक पहुंचे। वहां धरने पर बैठे किसानों का समर्थन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की।

इस दौरान पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, राव कमलबीर, सुधीर चौधरी, डॉ. शमसुद्दीन के अलावा गुरुग्राम के प्रभारी हरपाल सिंह बुरा मुख्य रूप से मौजूद रहे। कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि देश की आजादी के लिए कांग्रेस पार्टी देश के सम्मान तिरंगे झंडे को साथ लेकर चली थी और तिरंगे को चार चांद लगाते हुए न जाने कितने आंदोलन किए थे जब जाकर देश को आजादी मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मौलाना अब्दुल कलाम आजाद को दी श्रद्धांजलि



**गुरुग्राम।** सोमवार को मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर सोमवार को यहां राजेंद्र पार्क के ई-ब्लॉक में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कॉलोनी की काफी महिलाओं, बच्चियों ने उनको कैंडल जलाकर नमन किया। महिला जन सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष रूपा पटेल ने की। मौके पर रितु, बेबी, सीमा, निमो, निशा, मुस्कान, हरसीता, रश्मि, राजन, सुशील, राजेंद्र, राजेश पटेल आदि मौजूद रहे। रूपा पटेल ने कहा कि मौलाना अब्दुल कलाम आजाद कवि, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी थे। आजादी के बाद वे उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले से 1952 में सांसद चुने गए। वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने।

### बाइक सवार युवक ने एसपीओ को थप्पड़ मारा

**सोहना।** जखोपुर में बाइक सवार युवक ने एसपीओ को थप्पड़ मार दिया। युवक ने राइडर चालक समेत एसपीओ को जान से मारने की धमकी भी दी। सोहना सदर थाना में तैनात एसपीओ प्रहलाद ने जिला नूंह के गांव खेड़ली दौसा थाना रोजका मेव निवासी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एसपीओ ने अपनी शिकायत में बताया कि वह सिपाही विरेन्द्र के संग राइडर-75 पर गश्त पर थे। रविवार शाम करीब साढ़े 7 बजे सूचना मिली कि कुछ नौजवान युवक आपस में सड़क के बीच तू-तड़ाक कर रहे हैं। वह मौके पर पहुंचा तो उनकी बाइक व स्कूटी को सड़क के बीच में से एक तरफ करा दिया। उनके बीच में उपजा विवाद सुन रहा था। उसी समय खेड़ली दौसा निवासी युवक राजु पुत्र बिल्लू ने उसके मुंह पर थप्पड़ मार दिया।

### पोषण अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**गुरुग्राम।** सर्कल शिवाजी और सर्कल चिन्योट में पोषण अभियान के तहत महिला गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा कविता सुपरवाइजर द्वारा तैयार की गई। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी कृष्णा भारद्वाज और सुपरवाइजर ममता रही। कृष्णा भारद्वाज ने पोषण के लिए महिलाओं को जागरूक किया। सुपरवाइजर कविता ने सभी महिलाओं को विभागीय हिदायतों के तहत गेम के माध्यम से एक बहुत ही सुंदर संदेश दिया कि किस तरह से अच्छा खाना खाने से सीडी नुमा तरीके से हम स्वस्थ के पड़ाव तक पहुंच सकते हैं। सभी महिलाओं ने खूब मनोरंजन किया। पोषण वाटिका में पौधे लगाकर एक शपथ ली गई कि हरी पत्तेदार सब्जियों की प्राथमिकता दी जाएगी।

### निरंकारी महाविद्यालय में एनएसएस के छात्रों ने लगाए पौधे



**सोहना।** निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय परिसर में एनएसएस के छात्रों ने पौधारोपण किया। कॉलेज के चेयरमैन आरएस मेहास समेत अन्य समाज सेवियों ने पौधारोपण के लिए छात्रों को प्रेरित किया। सोमवार को नगर के निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में एनएसएस के छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चेयरमैन आरएस मेहास ने कहा कि अपने अंदर छुपी प्रतिभा व योग्यता उजागर करने में कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। जीवन में लक्ष्य समय के अनुसार बनाकर चलें। ताकि समय के अनुसार हर सुख, मस्ती और मनोरंजन का आनंद लेते हुए जी सके। मेहास ने कहा कि पौधे हमेशा ऊंचाई की ओर बढ़ते हैं। वैसे ही जीवन को गलत कार्यों से बचाते हुए पेड़ों की भांति फलदार बनाएं। पौधारोपण से हमें यही प्रेरणा लेनी चाहिए कि लक्ष्य विहीन जीवन नहीं बनाना चाहिए। जैसे पेड़ सूखने, टूटने के बाद उनकी लकड़ियां ईंधन या दवा बनाने में उपयोग होती हैं। वैसे ही मनुष्य जीवन को इतना गुणकारी बनाएं। जिनसे प्रेरित होकर आने वाली संतान भी अपना जीवन सुखी बना सके। मौके पर गेस्ट ऑफआनर्स अधिवक्ता देवदत्त शर्मा, उपप्रधानाचार्य डॉ. प्रेरणा, डॉ. डीपी शर्मा आदि मौजूद थे।

### खेड़ला में तेंदुए ने बकरी मालिक पर किया जान लेवा हमला

**सोहना।** खेड़ला में बकरी का शिकार करने आए, तेंदुए ने ग्वाले पर हमला कर हाथों को लहूलुहान कर दिया। घायल ग्वाले के बचाव में आए कुत्तों ने तेंदुए को भगाने में मदद की। शनिवार रात साढ़े दस बजे खेड़ला निवासी जयवीर पुत्र मल्ला घर से 500 मीटर की दूरी पर अरावली पहाड़ी की तलहटी में बने बकरियों के वाड़े पर सोने के लिए गया था। जयवीर वाड़े में चारपाई पर लेटा ही था कि उसे कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनाई दी। इसी दौरान वाड़े के चारों तरफ लगी लकड़ियों के टूटने की आवाजें सुनाई दी। जयवीर ने डंडा उठाया और वाड़े को कूदकर अंदर घुसे तेंदुए पर हमला कर दिया। जयवीर ने अपने दोनों हाथों से तेंदुए के जबड़े को पकड़ लिया और उससे अपने बचाव में लड़ाई शुरू कर दी। जयवीर बताया कि तेंदुआ पिछले 4-5 दिन से उसके वाड़े पर बकरियों का शिकार करने के लिए आता रहा है, लेकिन वह सफल नहीं हो सका है। जयवीर के पालतू कुत्ता ने अपने मालिक पर जानलेवा हमला होते देखा तो वह भी तेंदुए पर झपट पड़ा।

## इज ऑफ डूइंग के साथ इज ऑफ लीविंग की आवश्यकता : बोधराज सीकरी

**महामारी से आई मंदी के बीच निजी क्षेत्र बन सकता है सेतू**

**आत्मनिर्भर भारत-भविष्य की योजना पर केंद्र-राज्यों का समन्वय बेहतर**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



बोधराज सीकरी।

**प्रसिद्ध** उद्योगपति, सामाजिक चिंतक, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बोधराज सीकरी का कहना है कि हमें प्रतिस्पर्धी, सहकारी संघवाद को न केवल राज्यों के बीच लाने का प्रयास करना होगा, देश को वैश्विक अवसरों को पाने के लिए इज ऑफ डूइंग बिजनेस प्राप्त करने के साथ-साथ इज ऑफ लीविंग प्राप्त करने की आवश्यकता है।

यहां जारी वक्तव्य में श्री सीकरी ने कहा कि देश में कोरोना महामारी के साथ जो आर्थिक मंदी आई है, उससे देश को प्रभावित तो किया है, लेकिन देश ने हार नहीं मानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का ही यह परिणाम है कि आज सब फिर से उठ रहे हैं। निजी क्षेत्र भी इस दौर में एक सेतु का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया कि एक ठोस नीति ढांचे की आवश्यकता है। इस संदर्भ में केंद्र और राज्यों के बीच सामंजस्य बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए निजी क्षेत्र को बढ़ने देना चाहिए और राज्यों और केंद्र दोनों को उनका समर्थन करना चाहिए। जिस तरह से हमने कोरोना की दवा बनाकर दुनिया के सामने एक उदाहरण पेश किया है, इससे भारत की अच्छी छवि पूरी दुनिया के सामने बनी। श्री सीकरी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भारत के नागरिकों के लिए हमें जीवन जीने में आसानी और बेहतर प्रयास करना चाहिए। यह हम भारतीयों की आकांक्षाओं को प्राप्त करने और उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। पिछले कुछ वर्षों में बैंक खाते खोलने, टीकाकरण और स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि, मुफ्त बिजली कनेक्शन, मुफ्त गैस कनेक्शन जो गरीबों को सशक्त किया है, उनके जीवन में बहुत बदलाव आए हैं। उनका जीवन आसान हुआ है। श्री सीकरी के मुताबिक जिस तरह से रोजाना हम प्रधानमंत्री को पढ़, सुन रहे हैं, उससे साफ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एजेंडे में कृषि, बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, मानव संसाधन विकास, जमीनी स्तर पर सेवा वितरण, स्वास्थ्य और पोषण शामिल हैं। उनकी यही सोच देश में उनकी साख को मजबूत बनाए हुए है।

## विकास कार्यों में कोताही पर सस्पेंड महिला सरपंच बहाल

**फर्रुखनगर।** खंड के गांव जोडी खुर्द में आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में मिट्टी का भराव, इंटर लॉकिंग निर्माण में बरती गई कोताही मामले में सरपंच सपना देवी को क्लीन चिट दे दी गई है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट का जिला उपायुक्त यश गर्ग ने अवलोकन किया। इसके बाद तुरंत प्रभाव से उन्हें सरपंच पद पर बहाल कर दिया है। सरपंच की बहाली के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बतां दे कि गोविंद राम पुत्र सत्यनारायण निवासी जोडी खुर्द द्वारा 16 जून 2020 को सरपंच द्वारा कराये गए विकास कार्यों में कोताही बरतने के आरोप लगाए गए थे। जिला उपायुक्त ने सरपंच सपना देवी को निलम्बित कर नियमित जांच मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गुरुग्राम को करने के आदेश दिए गए थे। शिकायत की जांच रिपोर्ट में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी फर्रुखनगर ने 17 अगस्त 2020 सौंपी रिपोर्ट का वर्तमान जिला उपायुक्त यश गर्ग ने अवलोकन किया है।

## सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान किया तो नपेंगे

**अधिकारियों को जारी किए दिशा-निर्देश**



धूम्रपान कानून को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी प्रशांत पंवार।

**गुरुग्राम।** जिला में अब सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इस संबंध में सोमवार को जिला के अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

जिला में सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू सेवन व धूम्रपान को नियंत्रित करने संबंधी सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए)-2003 को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर सोमवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पंवार की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में सभी विभागों के अधिकारियों को सीओटीपीए-2003 अधिनियम को लागू करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी अधिकारियों से हर महीने इस बारे में रिपोर्ट भी तलब की जाएगी। बैठक में उपस्थित जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. विनी यादव ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को कोटपा एक्ट के तहत कानूनी प्रावधानों के बारे में अवगत करवाना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इस एक्ट की पालना सुनिश्चित करते हुए सक्रियता से काम करें ताकि इस एक्ट को पहले की अपेक्षा और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से चालान बुक प्राप्त कर लें और कहीं भी एक्ट की अवहेलना नजर आए तो नियमानुसार कार्रवाई करें।

## ...जब गुरुग्राम के डीसी ने निगली एलबेंडाजोल टैबलेट



गुरुग्राम में एलबेंडाजोल टैबलेट खुद खाने के बाद एक छात्र को खिलाते जिला उपायुक्त डा. यश गर्ग।

**गुरुग्राम।** उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम (डी-वार्मिंग) की शुरुआत सेक्टर-31 स्थित पोली क्लीनिक से की। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त ने स्वयं एलबेंडाजोल टैबलेट का सेवन करते हुए की और लोगों को विश्वास दिलाया कि दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इसके बाद वहां उपस्थित बच्चों व युवाओं को ये टैबलेट खिलाई गई।

जिला में 28 फरवरी तक अभियान चलाया जाएगा, जबकि मॉप अप राउंड 1 से 3 मार्च तक होगा। इस दौरान जिला में 1 से 19 साल तक के बच्चों व युवाओं को एलबेंडाजोल टैबलेट दी जाएंगी। इस दौरान लोगों को एलबेंडाजोल के फायदों के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। सिविल सर्जन डा. विरेन्द्र यादव ने बताया कि यह टैबलेट अत्यंत फायदेमंद है जो पेट के कीड़ों को मारती है। कई बार दवा का सेवन करने के बाद बच्चों को उल्टी, डायरिया या चक्कर आने की शिकायत हो जाती है जिसका कारण बच्चों के पेट में कीड़ों का होना हो सकता है। ऐसी स्थिति में घबराएं नहीं और बच्चे को आराम करने के लिए लेटा दें। उन्होंने कहा कि एलबेंडाजोल टैबलेट अच्छी गुणवत्ता की तो है ही, साथ ही इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

नोडल अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डॉ. ईशा नारंग ने बताया कि नंगे पांव फर्श पर घूमने से भी पेट में कीड़े होने की आशंका होती है, इसलिए यह जरूरी है कि हम फर्श पर नंगे पांव ना घूमें और अपने हाथों व शरीर को साफ-सुथरा रखें।

## भोंडसी में बंद मकान का ताला तोड़ लाखों रुपये के जेवरात चोरी

**सोहना।** भोंडसी के मोहननगर कॉलोनी में मकान का ताला तोड़ लाखों रुपये के जेवरात चोरी हो गए। पीड़ित परिवार दो दिन पहले शादी समारोह में गया था। भोंडसी की मोहननगर कॉलोनी में रहने वाली संतोष देवी पत्नी शेरसिंह ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार को घर से बाहर शादी समारोह में शामिल होने को गई थी। अपने घर के मेन गेट पर ताला लगाकर गई थी। सोमवार सुबह तीन बजे वह शादी में से वापस आई तो उसके घर के मुख्य गेट पर लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा और लोहे की अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था। जिसमें रखे डेढ़ से दो लाख रुपये के सोने व चांदी के जेवरात गायब थे। जिसमें एक सोने की अंगूठी, 4 लौंग, 2 सोने की नथ, पिन व चांदी की 4-5 जोड़ी पायल चांदी के सिक्के, अंगूठी व अन्य जेवरात गायब थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## रीडिंग प्रमोशन सप्ताह समापन में विधार्थियों को किया सम्मानित

कैलाश मंगला। होडल



रीडिंग प्रमोशन सप्ताह कार्यक्रम के समापन पर विधार्थियों को सम्मानित करते अध्यापकगण।

**राजकीय** माध्यमिक विद्यालय पैंगलतु में आयोजित रीडिंग प्रमोशन सप्ताह कार्यक्रम के तहत गतिविधियों में भाग लेने वाले विधार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अध्यापक भगवान सिंह सौरोत ने की और मंच संचालन एबीआरसी कुसुम पालीवाल ने किया।

सौरोत ने बताया कि पठन कौशल के द्वारा विद्यार्थी अपनी संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान प्राप्त करता है। यह पढ़ने की आदत न केवल विद्यालय स्तर तक अपितु जीवन पर्यंत रहनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत का विकास करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा रीडिंग प्रमोशन सप्ताह कार्यक्रम चलाया है। चित्रकला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, अभिनय, कहानी सुनाना, कविता, रंगोली, न्यूज बनाना आदि विभिन्न गतिविधियों में प्रथम आने वाले विधार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्र म में अंजना सातवी, भारती सातवीं, दीपिका छठवीं, प्रीति आठवीं, पायल आठवीं, नेहा सातवी, मोनिका आठवीं और अभिभावक शीशराम को कहानी सुनाने के लिए शील्ड प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमर चंद शास्त्री, देवेंद्र सिंह, धर्मबीर सिंह, विजेंद्र सिंह, सरिता, सुनीता, दयाराम आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्याध्यापक भगवान सिंह सौरोत द्वारा सभी अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों व अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया गया।

## विश्व चिंतन दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**होडल।** विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल द्वारा बृजरज पब्लिक स्कूल भुलवाना के प्रांगण में पर्यावरण तथा सामाजिक सौहार्द विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने तथा आपसी सौहार्द की भावना को बनाए रखने के लिए संस्था के स्वयंसेवक विभिन्न पेंटिंग्स के माध्यम से समाज को विश्व शांति का संदेश दे रहे हैं। विश्व भर में 22 फरवरी को विश्व चिंतन दिवस यानी वर्ल्ड थिंकिंग डे मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जब वे दुनिया के सभी देशों में अपनी बहनों और भाइयों के बारे में सोचते हैं। 22 फरवरी को ही स्काउटिंग और गाइडिंग के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बैडेन-पॉवेल और लेडी ओल्वे बाडेन-पॉवेल, उनकी पत्नी और विश्व मुख्य मार्गदर्शक का जन्मदिन था।

## पुल के निर्माण से मिलेगी जाम से मुक्ति : कृष्णपाल गुर्जर

**केंद्रीय राज्य मंत्री ने 25 करोड़ रुपये की लागत से बने छह लाइन के ऊपरगामी पुल का उद्घाटन किया**

मुकेश कुमार। पलवल



**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सोमवार को पलवल के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-2 के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-19 पर 25 करोड़ रुपये की लागत से बने छह लाइन के ऊपरगामी पुल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पलवल के विधायक दीपक मंगला भी मौजूद थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-19 पर बनाए गए ऊपरगामी पुल से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। पुल के निर्माण से लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी और समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर गांव सीकरी व बामनीखेड़ा में 25-25 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे ऊपरगामी पुलों को जनता को समर्पित कर दिया जाएगा, जिसके बाद दिल्ली से आगरा जाने वाले लोगों को जाम से निजात मिलेगी और लोगों के समय व धन की बचत होगी। इसी प्रकार गांव पृथला में भी राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर 50 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे ऊपरगामी पुल का निर्माण कार्य भी मार्च में पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-19 पर ऊपरगामी पुलों का निर्माण होने से फरीदाबाद से पलवल और मथुरा-आगरा तक आने-जाने के समय में काफी बचत होगी और राहगीर अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष में पलवल में बन रहे एलिवेटिड पुल का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। इस समय इस एलिवेटिड कार्य का तीव्र गति चल रहा है।

अतिरिक्त उपायुक्त सतेन्द्र दूहन, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता धीरज सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रभान गुप्ता, वरिष्ठ नेता एलडी वर्मा, गंगालाल गोयल, पवन अग्रवाल, वीरपाल दीक्षित, सहकारी बैंक के चेयरमैन रामप्रसाद, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन रणबीर सिंह मनोज, पलवल निगरानी समिति के चेयरमैन मुकेश सिंगला, अधिवक्ता अविनाश भारद्वाज, हरेन्द्र तेवतिया, महेन्द्र भड़ाना, धर्मबीर राणा, यशपाल सरपंच, महिला मोर्चा से से संगीता गर्ग, गीता सौरोत, क्रांति शर्मा आदि कई गांवों के पंच-सरपंच मौजूद रहे।

## एकादशी के मौके पर चमेलीवन धाम से आज निकलेगी निशान यात्रा

**होडल।** जया एकादशी के मौके पर मंगलवार को श्रीखाटू श्याम सखा मंडल होडल के तत्वाधान में चमेलीवन धाम स्थित श्याम बाबा के मंदिर से निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी मंडल से सुनील गोयल ने दी।

गोयल ने बताया कि यह निशान यात्रा मंगलवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे चमेली वन धाम से ढोल-नगाड़ों के साथ बाइकों द्वारा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि श्याम प्रेमी बाइकों पर निशान लेकर होडल के बाजार में से होते हुए पलवल हुड्डा चौक स्थित निशान यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पलवल व होडल के श्याम प्रेमी एकत्रित होकर हुड्डा चौक से पटवटी धाम स्थित श्याम मंदिर में पहुंचकर श्याम बाबा के चरणों में निशान चढ़ाएंगे।

## सैनी इंडिया ने लांच किया अपना पहला मेड इन इंडिया पाइलिंग रिग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**निर्माण** उपकरण बनाने वाली अग्रणी वैश्विक कंपनी, सैनी इंडिया ने हाल ही में भारतीय बाजार के लिए अपना पहला मेड इन इंडिया पाइलिंग रिग एसआर235 को लॉन्च किया है। बेहतर फीचर्स में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ, नई एसआर235 को महाराष्ट्र स्थित पुणे में कंपनी के अत्याधुनिक विनिर्माण प्लांट में निर्मित किया गया है जो कि सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देगा।

गौरतलब है कि भारत में निर्मित पाइलिंग रिग के लांच के साथ सैनी इंडिया ने देश में अपने लोकल प्रोडक्शन बेस को और मजबूत किया है। सैनी इंडिया प्रमुख रूप से स्थानीय (लोकल) विनिर्माण और प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जो धीरे-धीरे निर्माण उपकरण आयात पर देश की निर्भरता को कम करेगा और मेक इन इंडिया की पहल पर महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

'क्वालिटी चेंजिस द वर्ल्ड' की अपनी मान्यता पर यकीन रखने वाली फर्म- सैनी इंडिया की नई एसआर235 की विश्वसनीय संरचना सभी मुश्किल एप्लीकेशन के लिए डिज़ाइन की गई है। नरम मिट्टी से लेकर कठोर चट्टान तक, नई पाइलिंग रिग विभिन्न प्रकार के स्ट्रैटा पर सभी प्रकार के एप्लीकेशन के लिए उपयुक्त है। सैनी हैवी इंडस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के हेवी एक्युपमेंट के वाईस प्रेसिडेंट एंड बिजनेस हेड श्री संजय सक्सेना ने इस मौके पर कहा, देश में हमारे पहले निर्मित एसआर235 पाइलिंग रिग के शुभारंभ के साथ, सैनी इंडिया ने लोकल फॉर वोकल की अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है, लोकललाइजेशन (स्थानीयकरण) हमारा प्रमुख उद्देश्य रहा है और पहले दिन से ही हम दृढ़ता के साथ इस बात की वकालत कर रहे हैं।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले चार वर्षों से भारतीय बाजार में प्रमुख हिस्सेदारी के साथ सैनी इंडिया का पाइलिंग रिग सेगमेंट में पहले स्थान पर रहा है। पाइलिंग रिग के अलावा, कंपनी एक्सक्रेटर्स, ट्रक क्रेन, माइनिंग ट्रक, कंक्रीट बूम पम्पस, ट्रांजिट मिक्सर ट्रक, ट्रेलर पंप जैसे अन्य उपकरण भी बनाती है। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि लोकललाइजेशन (स्थानीयकरण)से न केवल कंपनी और उसके ग्राहकों को लाभ होगा, बल्कि युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

# किशोरी की बहादुरी ने पांच जिंदगियों को उजड़ने से बचाया

कविता। फरीदाबाद

**असम** से लाई गई लड़कियों से वैश्यावृत्ति करवाने पर पुलिस ने एक किशोरी के साहस पर दो लोगों को रंगेहाथों गिरफ्तार करके वहां से पांच लड़कियों को मुक्त कराया है। किशोरी के साहस ने जहां अपनी जिंदगी बचाई, वहीं चार अन्य लड़कियों की जिंदगी उजड़ने से बचाई है। बरामद किशोरियों को जिला बाल संरक्षण विभाग ने उसके परिजनों को सौंपा है।

### ये था मामला

**सीडब्ल्यूसी** की काउंसलर अपर्णा ने बताया कि असम निवासी 16 वर्षीय लड़की को नौकरी का झांसा देकर उसकी दीदी की सहेली उसे वहां से लेकर सिल्लीगुडी पहुंची। वहां से एक व्यक्ति के साथ 19 फरवरी को फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में पहुंची। जहां दोनों ने किशोरी को एक कमरे में बंद कर दिया। कमरे में पहले से दो महिलाएं, एक युवती और एक किशोरी मौजूद थी। उन्होंने किशोरी को बताया कि यहां से उन्हें होटल व अन्य स्थानों पर गलत काम करने के लिए भेजा जाता है। वैश्यावृत्ति में धकेलने की बात सुनकर किशोरी ने हिम्मत नहीं हारी। रात को किशोरी ने मौका पाकर 112 नम्बर पर अपने मोबाइल से फोन कर दिया, वहां से इसकी सूचना पुलिस को मिली। जिस पर पुलिस ने 20 फरवरी को मौके पर पहुंच कर छापा मार दिया और पांचों लड़कियों को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया।

### वैश्यावृत्ति के धंधे से स्वयं व अन्य को कराया मदद मांगकर मुक्त



### दो आरोपी पकड़े

**पुलिस** ने बाल संरक्षण विभाग की टीम और महिला पुलिस को साथ लेकर छापेमारी करते हुए दो 16 वर्षीय किशोरी, दो 25 वर्षीय शादीशुदा महिला और एक 20-22 वर्षीय युवती को मुक्त कराया। आरोपी महिला और पुरुष को हिरासत में ले लिया। सभी का मेडिकल करा कर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ वैश्यावृत्ति के धंधे का भंडाफोड़ करने वाली किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### मोबाइल से खुलासा

**अपर्णा** ने बताया कि किशोरी के पास मोबाइल था, जिसके बारे में आरोपी भूल चुके थे। किशोरी ने अपने फोन के जरिये यदि कॉल न की होती, तो शायद इस रैकेट का कभी पर्दाफाश न होता। किशोरी के हौसले ने जहां उसे गलत काम में जाने से बचाया। वहीं चार और लड़कियों की जिंदगी भी सुधर गई। किशोरी को प्रशासन द्वारा उसके हौसले के लिए सम्मानित किया जाना चाहिए। ताकि अन्य लोगों को भी उससे प्रेरणा मिले।

## दो गाड़ियों की भिड़ंत में पांच महिलाएं घायल

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैली गांव के पास महेन्द्रा पीकअप और ईको कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में दिल्ली निवासी पांच महिलाएं घायल हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। दिल्ली निवासी बसंती, रामप्यारी, सरोज चावला, भारती, मोहिनी वृंदावन गई थीं। सोमवार को वह बांके बिहारी के दर्शन करके वह कार से दिल्ली लौट रही थीं। एनएच-दो स्थित हाइवे पर कैली गांव के निकट आगे चल रही महेन्द्रा पिकअप ने गाय के आगे आने पर ब्रेक लगा दी। जिससे उनकी कार और महेन्द्र पिकअप की भिड़ंत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### गंदा पानी सप्लाई करने पर निगम से की शिकायत



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ स्थित चावला कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के आसपास पिछले 15 दिनों से मिट्टी वाला पानी आ रही है। पिछले दिनों इसकी सूचना कॉलोनी वासियों ने सोशल मीड़िया पर वायरल की थी। कॉलोनीवासियों को नगर निगम की तरफ से आश्वासन मिला था, लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिस पर पीड़ित सोमवार को नगर निगम के ज्वॉइंट कमिश्नर से मिले और उन्हें अपनी परेशानियों से अवगत कराया। जानकारी के मुताबिक चावला कॉलोनी निवासी पंकज ने बताया कि उनके यहां लाल मिट्टी वाला पानी करीब पिछले 15 दिनों से आ रहा है। जिसकी शिकायत उन्होंने एमसीएम को की थी, लेकिन उस समय नगर निगम की तरफ से जल्द से जल्द ठीक कराने का आश्वासन दिया था। 15 दिन बाद भी समस्या जस की तस बनी रही। सोमवार को एमसीएम के ज्वॉइंट कमिश्नर से मिले। जिस पर उन्हें अबकी बार भी तीन दिन का समय दे दिया। कल तक क्लीन आ जाएगा। एक्सईन ने इस मौके पर बताया कि वह 25 बार विजिट किया है। लेकिन कॉलोनीवासियों का कहना है कि समस्या के समाधान को कोई नहीं आया। ऐसे में कॉलोनीवासी गंदा पानी पीने को मजबूर है। इस मौके पर कालोनीवासी सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे, लेकिन उन्हें समस्या का समाधान नहीं मिला।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में फौगाट स्कूल ने मारी बाजी



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के समयपुर रोड राजीव कॉलोनी स्थित फौगाट पब्लिक स्कूल के एक स्टूडेंट मोहित ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बाजी मारी है। मोहित को जिले में प्रथम व देश में चौथा स्थान मिला है। इस प्रतियोगिता का आयोजन हर्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट ने किया था। हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट ने वैचारिक प्रदूषण सभी बुराइयों का मूल कारण विषय पर ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें देश भर से 4799 विद्यालयों ने भागीदारी की थी। इसमें 31 हजार 682 विद्यार्थियों ने अपने निबन्ध सबमिट किए थे। प्रतियोगिता में फौगाट पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्र मोहित ने देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। मोहित को जिला फरीदाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। फरीदाबाद के ही सेंट जॉन स्कूल के शुभम देश में पांचवें और जिले में दूसरे स्थान पर आए हैं। फौगाट स्कूल में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्था के फरीदाबाद कोर्डिनेटर सत्यप्रकाश सिंह ने मोहित को उनकी उपलब्धि का प्रमाणपत्र और ट्रॉफी सौंपी। स्कूल के निदेशक डॉ सतीश फौगाट ने कहा कि मोहित स्कूल की 10वीं कक्षा 94 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। हमने मोहित को कक्षा 11वीं में पढ़ने के लिए 51 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी है। मोहित से हमें इस वर्ष भी विशेष उम्मीदें हैं। जिसके लिए हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य निकेता सिंह, स्टाफ विवेक कुण्डू, कुमार अमरेन्द्र, ऊषा सिंह, कमलेश शर्मा, दीपचन्द डागर, मीनाक्षी, केतन झा, बुरहान खान, जगबीर चौधरी, रीना चौधरी, पूनम श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### क्रिकेटर राहुल तेवतिया के परिजनों को दी बधाई



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के क्रिकेटर राहुल तेवतिया का इंगलैड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चयन होने पर जजपा इनसो जिला चेयरमेन रवि शर्मा सेक्टर-8 स्थित तेवतिया हाऊस पहुंचे और वहां उनके पिता वकील केपी तेवतिया को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। रवि शर्मा ने कहा कि पूरे फरीदाबाद को राहुल तेवतिया पर गर्व है। उन्होनें कहा कि इंगलैड के खिलाफ होने वाले टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल होकर राहुल ने फरीदाबाद के क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया है। रवि शर्मा ने कहा कि क्रिकेट प्रेमियों को पूरा भरोसा है कि इंगलैड के खिलाफ मैचों में राहुल अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी का ऐसा जलवा दिखाएंगे जिससे पूरा फरीदाबाद झूम उठेगा। उन्होंने कहा कि राहुल मेरा बचपन का दोस्त है और हम दोनों ने मिलकर काफी क्रिकेट खेला है। रवि शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए क्योंकि राहुल तेवतिया के दिन-रात की कड़ी मेहनत का नतीजा है जो आज वे इस मुकाम पर है। राहुल तेवतिया के पिता वकील केपी तेवतिया ने कहा कि वह मेरा नहीं पूरे फरीदाबाद का बेटा है। आज फरीदाबाद की जनता खासकर युवा उसे जिस तरह प्यार दे रहे हैं वो वाकई में काबिले तारीफ है।

### झपटमार की गिरफ्तारी से पांच वारदातें सुलझी

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी उपनिरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने शातिर आरोपी आकाश को स्नैचिंग के जुर्म में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ स्नेचिंग की धाराओं के तहत फरीदाबाद में पांच मुकदमे दर्ज हैं। मुकदमों के तहत आरोपी के कब्जे से सोने की दो चेन, सोने का एक लॉकेट और 17000 रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गलत लड़कों के संगत में पड़कर गांजे का नशा करने लगा था और नशे की पूर्ति व पैसे कमाने के लिए मोबाइल छीनने की वारदात के तहत वर्ष 2018 में जेल जा चुका है। 2019 में जब वह जेल से बाहर आया तो ओर अधिक पैसे कमाने के चक्कर में उसने अपने दो साथियों पीयूष और दीपक के साथ मिलकर दिल्ली और फरीदाबाद में छीना झपटी की कई वारदातों को अंजाम दिया।आरोपी के दोनों साथी पहले ही जेल में सजा काट रहे हैं। आरोपी को 18 फरवरी को गिरफ्तार करके पुलिस रिमांड पर लिया।

# बदमाशों ने मां के गहने लूटने के बाद बेटे की कर दी हत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गांव** भैंसरावली स्थित एक मकान में बीती रात नकाबपोश बदमाश पहुंच गए। बदमाशों ने कमरे में सो रही महिला को आल आउट पिलाकर बेहोश कर दिया। पास सो रहे महिला के दस साल के बच्चे की गला घोटकर बदमाशों ने हत्या कर दी और महिला के गहने लूटकर फरार हो गए। सुबह होश आने पर महिला ने शोर मचाया। पुलिस ने मृतक बच्चे के दादा की शिकायत पर हत्या और लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



भैंसरावली निवासी लच्छीराम दीक्षित ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा राकेश दीक्षित और छोटा राजकुमार दीक्षित है। दोनों की दो शादी सगी बहनों से हुई है। दोनों के दो-दो बच्चे भी हैं। राकेश दीक्षित गुड़गांव स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं। जबकि राजकुमार दुबई गए हुए हैं। रविवार की रात दो नकाबपोश बदमाश उनके घर में घुसे और ऊपर कमरे में सो रही राकेश की पत्नी रंजना रानी को जबरन आलआउट पिला दिया। उसके बेहोश होने पर उसके दस साल के बेटे यक्ष दीक्षित की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि घटना की रात मृतक बच्चे के पिता राकेश दीक्षित घर पर नहीं थे। वे 18 फरवरी को इंदौर अपने गुरुजी के पास मिलने गए थे। ऊपर वाले कमरे में उनकी पत्नी रंजना रानी, दस साल का बेटा यक्ष और पांच साल का मनन सो रहे थे। जबकि नीचे के कमरे में शिकायतकर्ता लच्छीराम दीक्षित, उनकी पत्नी सरोज दीक्षित और छोटी पुत्रबधू रीना सो रहे थे। शिकायकर्ता के मुताबिक बदमाश महिला के कान से कुंडल, अंगूठी और अन्य गहने भी लूट ले गए। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परिजनों ने बताया कि सुबह के समय रंजना रानी ऊपर के कमरे से किसी तरह नीचे पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन ऊपर वाले कमरे में पहुंचे और यक्ष को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक बच्चे यक्ष के चेहरे पर खरोंच के भी निशान हैं। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## छात्रों को नहीं मिल रही है अंग्रेजी की शिक्षा

**फरीदाबाद।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंदावली में कक्षा नौ से 12 के छात्रों की संख्या 138 है। इस स्कूल में दो अंग्रेजी के पीजीटी टीचर नियुक्त है। दो साल से एक पीजी टीचर हंसराज को मंडल आयुक्त कार्यालय की एफएफआरसी शाखा में लगाया हुआ है। स्कूल के विद्यार्थियों को अंग्रेजी की पर्याप्त पढ़ाई नहीं मिल पा रही है। स्कूल की मैनेजमेंट कमिटी ने शिकायत करने पर अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा डॉ. महावीर सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश दिए थे कि टीचर का डेपुटेशन रद्द करके तुरंत चंदावली स्कूल में भेजा जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने 13 मार्च 2020 को अध्यापक को रिलीव करके चंदावली स्कूल में ड्यूटी ज्वाइन करने के आदेश दे दिए थे लेकिन इस टीचर ने राजनीतिक दबाव डलवा कर आदेश को स्थगित करा दिया। अभिभावक एकता मंच के जिला सचिव एडवोकेट शिव कुमार जोशी,जिला सचिव डॉ मनोज शर्मा व सीनियर सिटीजन राजपाल शर्मा ने कहा है कि जहां विद्यार्थियों को इस टीचर की जरूरत है।

# कोरोना: 14 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46444



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सोमवार को 14 पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। इनमें चार्म्सवुड विलेज से 4, सेक्टर-23, सेक्टर-15, सेक्टर-दो, ग्रीन फिल्ड कालोनी, सूरजकुंड, चावला कालोनी, सेक्टर-82 और अन्य एरिये से 1-1 मरीज है।

वहीं सेक्टर-86 से दो मरीज सामने आए है। राहत की बात यह रही कि जिले में फिलहाल 4 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर है। सोमवार को जिले में 627 सैम्पल जांच किए गए।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 534057 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46444 |
| अब तक नेगेटिव | : 486788 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 825 |
| ऑक्सीजन पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 416 |
| अब तक ठीक | : 45962 |

## राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता आयोजित

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने हरियाणा राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि हरियाणा राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में विद्यालय की छात्राओं को क्वीज, निबंध, डॉक्यूमेंटरी फिल्म, स्किट और डिबेट प्रतियोगिता में प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिताओं में से विद्यालय की छात्राओं को डॉक्यूमेंटरी फिल्म मेकिंग में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि छात्रा निकिता भाटिया, अध्यापक दीपिका और शिवम वाधवा, आशा वर्मा सहित सभी छात्राओं और अध्यापकों की परिश्रम पर समूचा विद्यालय परिवार गर्भानवित है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा और सभी अध्यापकों ने हरियाणा राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में भाग ले कर आई सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप जो अनुभव ले कर आई है उसे आप से कोई छीन नहीं सकता और यह अनुभव आप की जीवन में आगे बढ़ने के लिए और प्रतियोगी बनने के लिए प्रेरित करेगा।

## हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते चार स्वर्ण पदक और तीन ट्रॉफी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एथलेटिक्स** हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ द्वारा दी जानकारी के अनुसार 55वीं राष्ट्रीय क्रॉसकंट्री अथवा लम्बी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 21 फरवरी को केंद्रशासित राज्य चंडीगढ़ में एथलेटिक्स संघ चंडीगढ़ के द्वारा किया।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि हरियाणा राज्य ने पहली बार राष्ट्रीय क्रास कंट्री अथवा लम्बी दौड़ प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक के साथ महिला वर्ग टीम ने 24 अंक लेकर प्रथम स्थान ट्रॉफी, 20 साल लडकी वर्ग टीम में 48 अंक लेकर तीसरे स्थान की ट्रॉफी और 20 साल आयु वर्ग लड़का टीम ने 64 अंक लेकर दूसरे स्थान की ट्राफी जीतकर एथलेटिक्स हरियाणा ने एक नया अध्याय लिखने का कार्य किया है। स्वर्ण पदक विजेता धाविका और धावकों में सोनिका 10 किलोमीटर दौड़, प्रिंस नागर 8 किलोमीटर दौड़, गगन सिंह छह किलोमीटर दौड़, रोहित 2 किलोमीटर दौड़ में शामिल रहा। राजकुमार मिटान ने बताया कि महिला वर्ग 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान की ट्राफी जीतने वाली धाविकाओं में सोनिका, मुन्नी देवी, भारती, संजू, अनीता और रीनू शामिल रही। 20 साल आयु वर्ग लड़का में दूसरे स्थान की ट्राफी जीतने वाले धावकों की 8 किलोमीटर दौड़ में प्रिंस नागर, मोहित सिंह, रवि गुलिया, विकास, मंयक शर्मा और पुनीत यादव आदि हैं।

राजकुमार मिटान ने बताया कि 20 साल आयु वर्ग लड़की 6 किलोमीटर दौड़ में हरियाणा की धाविकाओं के बेहतरीन दौड़ प्रदर्शन से भादो, साक्षी, मधु, अंजलि देवी, प्रमिला और मधु ने तीसरे स्थान की ट्राफी जीत हरियाणा राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाया। एथलेटिक्स हरियाणा टीम के कोच यशपाल चोपडा, कुलदीप अहलावत और टीम मैनेजर धर्मबीर चिकारा, रेखा ने सभी ट्राफी और पदक विजेता खिलाड़ियों को इस उपलब्धि भरी जीत की बधाई दी। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू ने आशीर्वाद दिया

# सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी कर पकड़े बिजली चोर

### बिजली का बढ़ा हुआ मिला लोड, सभी पर मामला हुआ दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एसजीएम** नगर स्थित ए ब्लाक में बिजली चोरी की शिकायत पर सीएम फ्लाईंग, विजिलेंस व बिजली डिपार्टमेंट की टीम के सदस्यों ने छापा मारा। जिसमें चार लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। वहीं इस बड़ी कार्रवाई से आसपास के लोगों में खलबली मच गई। टीम के सदस्यों ने चारों लोगों के मीटर सील करके अपने साथ ले लिए। चारों पर मामला दर्ज करा कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। चारों आरोपियों में एक महिला भी शामिल थी।



फोटो : राजेश पुंजानी

जानकारी के मुताबिक एसजीएम नगर स्थित ए ब्लाक में सीएम फ्लाईंग के इस्पेक्टर जगदीश, विजिलैंस टीम के इंस्पेक्टर सुभाष और बिजली विभाग के एसडीओ पीडी कौशिक और जेई ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें इंस्पेक्टर जगदीश ने बताया कि उन्हें सूचनाएं मिल रही थी कि यहां इलाके में 10 वाट के लोड पर 50 किलोवाट का लोड चलाकर बिजली चोरी करके बिजली निगम को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिस पर उन्होंने बिजली विजिलेंस, बिजली डिपार्टमेंट और पुलिस को साथ लेकर छापेमारी की। जहां उन्होंने पाया कि असगर खान, आस मोहम्मद, शायरा, गुलशन सचदेवा को गिरफ्तार किया है। चोरों में किसी की आटा चक्की है, तो किसी की वर्कशॉप चल रही है। वहीं जांच में टीम ने पाया कि गुलशन की पिछले चार साल से बिल नहीं है, उसने बताया कि बिल नहीं आया, तो उसने बिजली विभाग को सूचना तक नहीं दी। वहीं दूसरी तरफ पता चला कि 9 से 10 वाट के कनेक्शन पर आरोपियों ने 50 वाट तक का लोढ डाला हुआ था। जिस पर चारों को गिरफ्तार करके पुलिस को सौंप दिया और मामला दर्ज करा दिया है।

## तेजवंत सिंह ने कार्यकर्ताओं संग आप में आस्था जताई

### भाजपा सरकार से देश का हर वर्ग दुखी : धर्मबीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना देशभर में बढ़ती महंगाई एवं पेट्रोल-डीजल के आसमान छूते दामों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि केंद्र-प्रदेश की सरकार ने जमकर लूटमार मचाई है। आज प्रदेश व देश का हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है, लेकिन मोदी सरकार अपने अहंकार में चूर है।

देश का अन्नदाता पिछले 3 महीने से अधिक समय से सड़कों पर बैठा हुआ है, मगर मोदी व अमित शाह के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस नीति की बात करके सत्ता हासिल करने वाली मनोहर सरकार की पोल खुल चुकी है। नगर निगम, बिजली निगम, हुडा, पुलिस प्रशासन, रेवेन्यू विभाग, एक्साईज विभाग सभी जगह लूटमार हो रही है। उधर बड़खल विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष तेजवंत सिंह बिट्टू ने कहा कि लॉकडाउन की मार से अभी लोग उबरे नहीं है और अब महंगाई की मार जनता पर पड़ गई है।

आम आदमी पार्टी प्रदेश में मजबूती के साथ ग्राम पंचायत एवं निकाय चुनावों में हिस्सा लेगी। आम आदमी पार्टी का युवा विंग, सोशल मीडिया ग्रुप एवं महिला मोर्चा इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। मीटिंग में तेजवंत सिंह बिट्टू ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। डीएस चावला, कुलदीप चावला, जोगिन्दर चंदीला, एस के चित्रा, परमजीत कौर, हरप्रीत सिंह, कादिर मलिक, वीणा कुमारी, पंकज शुक्ला, हेमंत पंडित मौजूद थे।

# जिम ट्रेनर व युवती की हत्या में शामिल चार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दोहरे** हत्याकांड मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में खुलासा करते हुए एसीपी हेडक्वार्टर आदर्शदीप सिंह ने बताया कि 16 फरवरी को एनआईटी एरिया में हुए जिम ट्रेनर व युवती हत्याकांड मामले में पुलिस ने चार आरोपियों प्रकाश उर्फ प्रिंस उर्फ पीके, लक्की उर्फ नोनू, भव्य उर्फ मुन्नू व कर्ण को गिरफ्तार किया है।



उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पीके से महिला की दोस्ती टूट गई थी। युवती की जिम ट्रेनर लोकेश से दोस्ती हो गई थी। इसके चलते आरोपी प्रकाश ने जिम ट्रेनर व अपनी पूर्व महिला दोस्त की हत्या करने की साजिश रच डाली थी। वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी ने अपने दोस्त लक्की ओर भव्य को शामिल किया और चौथे आरोपी मेरठ निवासी कर्ण से देशी पिस्टल लेकर आया और वारदात को अंजाम दे डाला। हत्या करने से पहले मुख्य अरोपी प्रकाश उज्जैन के महाकाल मंदिर में मन्नत मांगने के लिए जाना था कि इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद अगर पकड़ा नहीं गया तो वह दोबारा से मंदिर में दर्शन करने के लिए आएगा, लेकिन सीआईए डीएलएफ के द्वारा दर्शन करने से पहले ही आरोपी को पर्वतीय कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया।

16 फरवरी 2021 की शाम युवती स्कूटी लेकर अपने घर से निकली। आरोपी प्रकाश और लक्की अपनी स्कूटी पर युवती का उसके घर से ही पीछा करते हुए एक नंबर मार्किट में गए। युवती से मिलने गोल्डी उर्फ लोकेश भी अपनी स्विफ्ट गाड़ी लेकर वहां आ गया था। युवती और लोकेश गाड़ी में बैठकर बात कर रहे थे। दोनों को गाड़ी में बैठा देखकर आरोपी प्रकाश ने दोस्त भव्य को फोन करके अपने घर पर रखी पिस्टल मंगवाई। भव्य के आने पर प्रकाश पिस्टल लेकर गोल्डी की गाड़ी में घुस गया तथा लक्की व भव्य गाड़ी के पास खड़े होकर निगरानी करने लगे। तभी आरोपी प्रकाश उनकी गाड़ी की खिड़की खोलकर फुर्ती से पिछली सीट पर बैठ गया और जिम ट्रेनर से बहस बाजी हुई और आरोपी ने योजनानुसार गाड़ी में ही गोल्डी के सिर और मयंका की छाती में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी और तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

## एसडीएम ने बाल सुरक्षा सप्ताह का किया शुभारम्भ

**फरीदाबाद।** उपायुक्त, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद के मार्गदर्शन में परिषद द्वारा बाल सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ पंकज सेतिया एसडीएम बड़खल ने रिबन काटकर किया। इसकी शुरुआत राहुल कॉलोनी के बच्चों के साथ राजकीय प्राथमिक पाठशाला से की गई। जिसमें 270 बच्चे उपस्थित रहे।

जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेन्द्र मलिक ने बताया कि इसमें गरीब बच्चों को सुरक्षा, सतर्कता और स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया। यह कार्यक्रम शहर के स्लम इलाकों में रहने वाले बच्चों को बाल सुरक्षा व स्वच्छता के लिए जागरूक करने के लिए किया। बच्चों को सुरक्षा, सतर्कता व स्वच्छता का पाठ पढ़ाने के लिए जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद की ओर से जागरुकता अभियान एक हफ्ते के लिए चलाया जाएगा। साप्ताहिक बाल सुरक्षा शिविर के साथ इस अभियान की शुरुआत की गई। जिले में झुग्गियों में रहने वाले बच्चों को जागरूक करने के लिए जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से योजना बनाई गई है।

# 11 महीने बाद पटरी पर दौड़ी पलवल से ईएमयू शटल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**कोरोना** महामारी से जहां एक तरफ लोगों को हिला कर रख दिया था, वहीं पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ रही कीमतों के बीच बंद पड़ी ट्रेनों के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई थीं। पिछले 11 महीने से लोकल ट्रेनों का संचालन कोरोना के कारण बंद था। ऐसे में बस, मेट्रो, ट्रैक्सी और निजी वाहनों का इस्तेमाल कर रहे यात्रियों को अपनी जेबे ढ़ीली करनी पड़ रही थी, लेकिन लोगों को सोमवार को उस वक्त राहत मिली जब 11 महीने से बंद पड़ी ट्रेनों का संचालन रेलवे विभाग ने शुरू कर दिया। फिलहाल एक ही ईएमयू शटल का संचालन पलवल से गाजियाबद तक शुरू किया गया है। शटल के शुरू होने से दैनिक यात्रियों में काफी उत्साह देखा गया। यात्रियों द्वारा मांग की गई है कि बाकी ट्रेनों का संचालन भी जल्द शुरू किया जाए जिससे उनकी यात्रा सुगममय हो।

**लाखों नौकरीपेशा:** पलवल से फरीदाबाद व दिल्ली ड्यूटी करने वाले प्रतिदिन लाखों की संख्या में लोग ट्रेनों का सफर करते हैं, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान ट्रेनों का संचालन पिछले 11 महीनों से बंद था। जिससे दैनिक यात्रियों को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ रहा था। यात्रियों को समय-समय के साथ-साथ पैसे की हानि भी उठानी पड़ रही थी। लोगों को अधिक रुपये खर्च कर प्राइवेट वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक यात्रा पहुंचना पड़ रहा था। कुछ लोगों की लॉकडाउन के कारण नौकरी चली गई, तो कुछ ने ट्रेन न चलने के कारण दिल्ली, नोएड़ा से जॉब ही छोड़ दी।

**मिली राहत :** रेलवे विभाग द्वारा शुरू किए गए ईएमयू शटल से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## आत्मनिर्भर भारत

### राम राज्य की अवधारणा

**'राम राज्य'** की अवधारणा अच्छी है, पर देश जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन के संकेत देखना चाहता है। हालांकि, अधिकांश लोग कल्पना ही कर सकते हैं कि 'राम राज्य' कैसा होगा, पर नियमित रूप से अपने सार्वजनिक संबोधनों में इसका प्रयोग करने वाले प्रधानमंत्री समेत अनेक भाजपा नेता और पार्टी इस अवधारणा को महत्व देती है। तुलनात्मक रूप से देखें तो महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' की अवधारणा समझना ज्यादा आसान है। प्रधानमंत्री ने विश्व भारती के हालिया दीक्षान्त भाषण में इसका संदर्भ दिया था। राजनीतिक रूप से संवेदनशील पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की घोषणा से ठीक पहले मोदी ने कई बार रवीन्द्रनाथ टैगोर का संदर्भ दिया, पर उनके भाषण में राजनीति देखना अच्छी बात नहीं है। नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर इस विश्वविद्यालय के संस्थापक थे, जबकि प्रधानमंत्री इसके कुलपति हैं। 'राम राज्य' की स्थापना के लिए कोई समय सीमा नहीं तय की जा सकती है, वहीं प्रधानमंत्री ने 'आत्मनिर्भर' गांवों की अवधारण पूरी करने के लिए एक ब्लूप्रिंट या रोडमैप पेश किया है जो महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' जैसा है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे 25 प्रमुख लक्ष्यों का 'विज़न दस्तावेज' तैयार कर उस पर अगले 25 साल काम करें ताकि जब देश 2047 में स्वतंत्रता की शताब्दी मनाए तो विश्व भारती इन लक्ष्यों को प्राप्त कर सके। उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय गांवों को 'आत्मनिर्भर' बनाने के लिए गोद लेकर परियोजना की शुरुआत कर सकता है। छात्र ग्रामीण युवाओं, कारीगरों और किसानों को उनके उत्पादों को दुनिया के बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सहायता कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर सकते हैं।



लेकिन विश्व अर्थव्यवस्था पर बड़े कार्पोरेट उद्यमों का वर्चस्व देखते हुए यह करने के बजाय कहना ज्यादा आसान है।

इसके अलावा यथार्थ एकदम विपरीत है। आईआईटी व अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा शुरू की गई ऐसी अधिकांश परियोजनायें निकटवर्ती क्षेत्रों के कुछ गांवों या क्षेत्रों में पाइलेट परीक्षणों तक सीमित रही हैं। इनका विस्तार नहीं हुआ और इस कारण इनकी व्यापक पहुंच या प्रभाव नहीं पड़ा। निसंदेह ग्रामीण जनसंख्या को आत्मनिर्भर बनाने व उसके सशक्तीकरण में विश्वविद्यालयों व शिक्षा संस्थानों की भूमिका एक उत्कृष्ट विचार है, पर इसके लिए एक समन्वित, सुपरिभाषित व समग्र दृष्टिकोण की जरूरत है जिसमें पूरे भारत के संस्थानों के बीच ज्ञान व संसाधनों का साझा होना चाहिए। ऐसे संस्थान 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं, पर इसकी नीव अभी नहीं रखी गई है, न ही इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास किए गए हैं। इन योजनाओं को केवल सरकारी फाइलों में धूल खाने के लिए छोड़ने या नौकरशाही की लाल फीताशाही वाली लापरवाही में दम तोड़ने देने के बजाय इन पर सक्रिय अमल होना चाहिए। ऐसा न होने पर उनका नतीजा भी अनेक पुरानी परियोजनाओं जैसा होगा। केन्द्र सरकार द्वारा 2021 के बजट में शोध के लिए 50,000 करोड़ रुपये आबंटित होने से प्रधानमंत्री के इरादों में कोई संदेह नहीं रह जाता है। उनका दृष्टिकोण सही दिशा में एक कदम है। लेकिन हमारे देश में अक्सर यथार्थ के बजाय लफ्फाजी को प्रमुखता मिल जाती है। ऐसे में हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि 'ग्राम स्वराज' के गांधीवादी दर्शन या मोदी के 'आत्मनिर्भर' गांवों का सपना यथार्थ बनेगा। गांधीजी ने 'राम राज्य' की अवधारणा के माध्यम से राजा और रंक, दोनों को समान न्याय सुनिश्चित करने की बात कही थी जिसके केन्द्र में नैतिकता, आदर्श व न्याय थे। लेकिन वोटबैंक राजनीति के कारण इसके मूर्तरूप लेने की उम्मीद नहीं नजर आती है।

# लोक उद्यमों में सुधार की संभावना

## सरकार जिन सार्वजनिक उद्यमों का निजीकरण करना चाहती है, उनका प्रबंधन नौकरशाहों के बजाय उद्योग प्रबंधकों द्वारा होने पर स्थिति सुधर सकती है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



भारत में मूलभूत रूप से जनता के पास जाना बेहतर है क्योंकि हमारे यहां काफी संपदा वाले उद्यमियों की समुचित संख्या नहीं है जो सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू के लिए भुगतान कर सकें। सक्षम होने के बावजूद अनेक घरानों ने पहले ही भारी मात्रा में कर्ज ले रखा है जो आदर्श स्थिति के विपरीत है। इससे स्पष्ट है कि अब तक सरकार द्वारा किए जा रहे निजीकरण प्रयासों के समुचित नतीजे क्यों नहीं निकले हैं। वर्तमान चरण में इसके संक्षिप्त इतिहास पर नजर डालना लाभदायक होगा। 1947 में स्वतंत्रता के समय भारत में उद्योगपतियों की तुलना में व्यापारी अधिक थे। टेक्सटाइल मिलें इसका उदाहरण है जिनकी भारत में संख्या बहुत अधिक थी। इनमें से कितनी मिलें बचीं? अधिकांश मिलों में समस्या वीविंग लूम की थी। वे पुराने पड़ गए थे और उनमें परिवर्तन की जरूरत थी। वैकल्पिक रूप से मिलों को तीन हिस्सों-कार्डिंग व स्पिनिंग, वीविंग तथा फिनिशंग या पैकिंग में बांटा जा सकता था। इसके बजाय उनको यथासंभव लंबे समय तक चलाया गया और जब ऐसा असंभव हो गया तो मालिकों ने उनको बंद कर दिया। नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन-एनटीसी का विस्तार कर इस उद्योग को उबारने का प्रयास हुआ। इसे सार्वजनिक क्षेत्र कहना उचित नहीं है, लेकिन नौकरशाहों ने दोनों चीजों को मिला दिया।

जब एनटीसी ज्यादा बीमार मिलों को समाहित नहीं कर सकी तो उनको बंद कर अपनी स्थाई परिसंपत्तियां बेचने की अनुमति दी गई जिसमें जमीनें शामिल थीं। इनसे कर्मचारियों को बकाया दिया गया तथा शेयरधारकों को मुआवजा मिला। बंद मिलों के स्थान पर नए होटल, कार्यालयों की इमारतें या आवासीय फ्लैट बने। इसके बावजूद लोग पहले की तुलना में अच्छे कपड़े पहनते रहे। अनेक पूर्व मिलों के बजाय आज स्पिनर या नये वीवर पावरलूम के रूप में उभरे हैं तथा फिनिशर्स मुनाफा कमा रहे हैं। यह छोटी सी औद्योगिक त्रासदी हमारे कुछ उद्यमियों की औद्योगिक सीमाओं की पहचान करती है। दूसरी ओर कुछ बिजनेस घराने प्रशंसनीय रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे थे, पर उनके हाथ और पैर नेहरूवादी समाजवाद ने बांध दिए थे जिस पर इंदिरा गांधी ने कठोरता से अमल किया। इंदिरा गांधी का तर्क था कि अमीरों और गरीबों के सह-अस्तित्व का एकमात्र तरीका समाजवाद था। बिजनेस की प्रगति पर एकाधिकारी आयोग व अन्य ऐसे कानूनों के माध्यम से लगाम लगाने के साथ ही उन्होंने 19 बैंकों, पूरे कोयला क्षेत्र तथा आम बीमा का राष्ट्रीयकरण कर दिया। वे समझ नहीं सकीं कि सार्वजनिक उद्यम समाजवाद के बजाय राज्य पूंजीवाद का प्रतिनिधित्व करते थे। यदि यह समाजवाद होता तो आम लोगों को निवेश करने और उसका कुछ लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलता। कार्ल मार्क्स के अनुसार, समाजवाद का अर्थ 'प्रत्येक से उसकी क्षमता अनुसार तथा प्रत्येक को उसके अवसर के अनुसार' था। इस प्रकार भारतीय बिजनेसमैनों को बढ़ने तथा उद्योगपति बनने का अवसर नहीं मिला।

हालांकि कुछ लोग राष्ट्रीयकृत बैंकों से भारी कर्ज लेकर छोटे व मझोले उद्योग चलाने में सफल हुए। इसके बाद प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने प्रक्रियाओं में उदारीकरण तथा अनेक सीमाओं को समाप्त कर अर्थव्यवस्था की अत्यधिक महत्वपूर्ण सेवा की। लेकिन पांच साल और चुने जाने के लालच में उन्होंने अपने कार्यकाल के दूसरे अर्धांश में सुधारों की गति धीमी कर दी। यदि उनकी सर्वोच्च सत्ता के समय को देखा जाए तो पता लगेगा कि उन्होंने आर्थिक रूप के बजाय भारत की राजनीतिक रूप से ज्यादा सेवा की। अयोध्या उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि थी जो शताब्दियों में राष्ट्रीय पुनर्जीवन का पहला कदम था। सभी

**प्रशासक मुख्यतः नियमों व प्रक्रियाओं से जुड़े रहते हैं, जबकि प्रबंधकों की प्राथमिकता निर्णय करना, उत्पादन व मुनाफा हैं। ये दोनों संस्कृतियां एकदम अलग हैं। इसलिए पीएसयू के प्रबंध निदेशक को एक नौकरशाह के बजाय अपने शेयरधारकों को रिपोर्ट करना चाहिए। इसका समाधान भारत के राष्ट्रपति द्वारा स्वयं को सभी वित्तीय संस्थानों के पीएसयू शेयरों से अलग करना है।**

भारतीय स्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार जिन पीएसयू का निजीकरण करना चाहती है उनको केवल प्रबंधकीय रूप से परिवर्तित किया जाना चाहिए। यह काम नौकरशाहों के बजाय केवल उद्योग प्रबंधक कर सकते हैं। ढांचागत रूप से असंतुलित होने की स्थिति में उनमें से कुछ का अन्य उपयुक्त पीएसयू के साथ विलय किया जा सकता है। इनमें सुधार के तरीके एक से दूसरी इकाई में अलग-अलग होंगे। सुधारी गई इकाइयों को सेबी व स्टाक एक्सचेंज नियमों के अनुसार एक या दो सार्वजनिक निर्गमों की अनुमति दी जा सकती है। जब तक भारत सरकार उनमें कम से कम 40 प्रतिशत शेयर बनाए रखती है तब तक उनमें जनता को निवेश की अनुमति मिलनी चाहिए। अनेक लोगों के पास काफी बचत है और वे निवेश करना चाहते हैं, लेकिन उनको उपयुक्त रास्ते नहीं मिल रहे हैं। कर्ज उपकरणों के रूप में देखें तो ब्याद की दरें इतनी कम रह गई हैं कि वे अनाकर्षक हो गई हैं। हमें स्पष्ट कर देना चाहिए कि हमारे अधिकांश नौकरशाह, आईएएस व अन्य प्रथम श्रेणी के प्रशासक हैं, पर वे प्रभावी प्रबंधक नहीं बन सकते हैं। प्रशासक मुख्यतः नियमों व प्रक्रियाओं से जुड़े रहते हैं, जबकि प्रबंधकों की प्राथमिकता निर्णय करना, उत्पादन व मुनाफा हैं। ये दोनों संस्कृतियां एकदम अलग हैं। इसलिए पीएसयू के प्रबंध निदेशक को एक नौकरशाह के बजाय अपने शेयरधारकों को रिपोर्ट करना चाहिए। इसका समाधान भारत के राष्ट्रपति द्वारा स्वयं को सभी वित्तीय संस्थानों के पीएसयू शेयरों से अलग करना है जिनमें एलआईसी, जीआईसी व उसकी सहायक कंपनियां, बैंक, यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया, आदि शामिल हैं। इसके बाद नए शेयरधारक निवेशकों की तरह व्यवहार करेंगे, जमींदारों की तरह नहीं। इसके साथ ही राजनेताओं द्वारा अपने मनपसंद लोगों की पहुंच उनके गेस्टहाउसों व कारों, आदि तक बनाने में सहायता नहीं मिलेगी। इसके बाद पीएसयू जागीरदारियों के बजाय बिजनेस व उद्योग के रूप में काम करेंगे। स्वर्गीय धीरूभाई अंबानी का सम्मान इसलिए किया जाना चाहिए कि उन्होंने कंपनियों में शेयर निवेश को उच्चवर्गीय विशिष्ट लोगों से हटा कर आम जनता तक पहुंचाया। जनता के लिए ऐसा करने का सर्वोत्तम तरीका उनको बैंकों के प्रदर्शन में साझीदार बनाना है।

उनका तर्क था कि कर्ज पर ब्याज पड़ता है, शेयरों पर नहीं। शेयर प्रबंधन को काम करने तथा आकर्षक डिविडेंट देने पर मजबूर करते हैं, जबकि भारतीयों को पीएसयू से ऐसी उम्मीद नहीं होती है। कार्ल मार्क्स का विश्वास था कि धर्म जनता की अफीम है। इसी प्रकार कर्जों को कुछ खास वर्गों की अफीम कहा जा सकता है।

# बेलगाम होकर बढ़ते तेल के दाम

**2010 व 2014 में पेट्रोल व डीजल मूल्यों को नियंत्रणों से बाहर किया गया था, लेकिन वास्तव में ऐसा केवल कागजों पर है।**

**शशांक सौरव**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



भारत के कुछ शहरों में प्रीमियम पेट्रोल के दाम 100 रुपये का आंकड़ा पार कर चुके हैं और सामान्य पेट्रोल अब 90 रुपये लीटर से अधिक है। हालांकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति दर अभी निर्धारित सीमा में ही है, लेकिन तेल के दामों में वृद्धि से आम आदमी परेशान होने लगा है। इसका कारण यह है कि पेट्रोलियम मूल्यों में वृद्धि होने का पूरी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है, पर उसके मूल्यों में कमी होने का अंतर सप्लायरों या सेवा प्रदाताओं द्वारा नहीं दिखता है। 2010 व 2014 में पेट्रोल व डीजल मूल्यों को नियंत्रणों से बाहर किया गया था, लेकिन वास्तव में ऐसा केवल कागजों पर है। नियंत्रण मुक्त होने का अर्थ यह है कि वस्तुओं का खुदरा मूल्य वैश्विक मूल्यों में परिवर्तन के साथ बदलना चाहिए, भले ही उसका अनुपात समान न हो। लेकिन केन्द्र व राज्य सरकारें कच्चे तेल की कीमतों में कमी होने पर टैक्स बढ़ा देती हैं। दूसरे शब्दों में उपभोक्ताओं से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने पर ज्यादा बोझ उठाने को कहा जाता है, लेकिन कीमतों में कमी होने पर टैक्स लगा दिए जाते हैं। दिल्ली में 2014 में पेट्रोल पर कुल टैक्स 22 रुपये था जो फरवरी 2020 में बढ़ कर 53 रुपये हो गया। केन्द्र सरकार ने एक्साइज़ ड्यूटी के स्थान पर अनेक सेस लगाए हैं जिनमें सड़क व इन्फ्रा सेस, कृषि ढांचागत व विकास सेस व सहायता शामिल हैं। इसके कारण राज्यों को भारत की समेकित निधि के आबंटन में कमी आती है, हालांकि संग्रह बढ़ता है।

53 रुपये के कुल टैक्स संग्रह में केन्द्र का हिस्सा 28 रुपये है और राज्यों को 25 रुपये जाता है जिसमें 5.1 रुपया केन्द्र का राजस्व आबंटन है। पेट्रोलियम पर टैक्स सरकारों को नकदी प्रवाह का साधन बन गया है और इसे वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी के अंतर्गत लाने की चर्चा केवल खानापूरी है क्योंकि कोई सरकार ऐसा नहीं करना चाहेगी। सरकार द्वारा जारी बजट आंकड़ों से उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि होती है। इससे पता चलता है कि 2020-21 में केन्द्रीय एक्साइज़ संग्रह बजट अनुमान 2,67,000 से बढ़ कर संशोधित अनुमान में 3,61,000 करोड़ हो गया। बजट पूर्व अनुमान की तुलना में 94,000 करोड़ की कर संग्रह में यह वृद्धि हमारे नीति निर्माताओं की अनैतिकता दिखाती है क्योंकि इस टैक्स का भार उपभोक्ताओं को वहन करना पड़ रहा है जिन पर कोविड-19 वैश्विक महामारी का भयानक प्रभाव पड़ा है।



बार-बार सोशल मीडिया पोस्टों के अनुसार पेट्रोलियम मूल्यों में वृद्धि का कारण राजग सरकार द्वारा कर्ज अदायगी बताया जाता है। तथ्य यह है कि अब तक 3,500 करोड़ रुपये के तेल बांड जारी किए जा चुके हैं। रुपये की कीमत में गिरावट एक और कारण हो सकता है जिसके चलते आयातकों को ज्यादा भुगतान करना पड़ता है। सरकार या सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा पेश ये तर्क सतही तौर से सही लगते हैं, पर विश्लेषकों द्वारा इनको खारिज कर दिया जाता है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सरकार को कल्याणकारी योजनायें चलाने तथा ढांचागत सुविधाओं के विकास हेतु संसाधनों की जरूरत है।

लेकिन सरकार का यह काम भी है कि वह विभिन्न वर्गों के करदाताओं के बीच संतुलन बनाए रखे। दु:ख की बात है कि यह संतुलन गायब हो गया है और टैक्सों में रियायत, डिविडेंट वितरण टैक्स-डीडीटी समाप्त करने, आदि का ज्यादातर लाभ कार्पोरेट घरानों को मिल रहा है। लेकिन मध्यवर्ग को मिलने वाले अनेक कर लाभों को धीरे-धीरे वापस लिया जा रहा है। कार्पोरेट पर लगने वाले डीडीटी को समाप्त कर डिविडेंट व कैपिटल गेन तथा अब वेतनभोगी लोगों के प्रावीडेंट फंड के ब्याज पर टैक्स लगाने से स्पष्ट है कि नीति निर्माताओं को मध्य वर्ग के कष्टों की ज्यादा चिन्ता नहीं है।

सरकारों में नीति निर्माता व आर्थिक सलाहकारों को अपनी पसंद के बारे में अवश्य ही सतर्क रहना चाहिए। सरकार जनता के हित के लिए है और यदि केन्द्र व राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियां जनता से संपर्क खो दें तो उनका हाल कांग्रेस पार्टी जैसा होगा। मुनाफाखोरी पर लगाम लगाने के कानून हैं क्योंकि कुछ अपवादों को छोड़ कर बिजनेस उद्यम नागरिकों की कीमत पर मुनाफा कमाने में किसी नैतिकता का पालन नहीं करते हैं, लेकिन सरकारों को नागरिकों से मुनाफा कमाने से रोकने वाला कोई नैतिक मूल्य नहीं है।

## आप की बात

### दोषी की जवाबदेही तय हो

**सड़क** पर चलने वाले वाहनों की भरमार के साथ बरती जाने वाली चालक की सावधानी, सुरक्षा, गति, रूट, नियम, कानून की उपेक्षा तथा वाहन के रखरखाव के प्रति लापरवाही से ही दुर्घटनाओं का ग्राफ ऊंचा होता जा रहा है। हेमलेट से बनाई दूरी, जिंदगी की कहानी रह गई अधूरी सड़क दुर्घटनाओं पर अक्षरशः लागू होता है। संभव है कि रोड पर लाइट कम-ज्यादा हो, परमिट, सड़कों का रखरखाव, सड़क पुल की स्थिति, बचाव तथा सुरक्षा के साधन की कमी या त्रुटिपूर्ण हो, अन्य रोड संबंधी दोषों के कारण भी दुर्घटनाएं होती रही हैं। अभी हाल ही में मध्य प्रदेश के सीधी जिले में बाणसागर नहर पर हुई दुर्घटना में 53 व्यक्तियों की दुखद मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में चालक, परिवहन विभाग, पीडबल्यूडी, वाहन मालिक,यात्री और पुलिस प्रशासन में से कौन कितना दोषी है? उसकी जवाबदेही तय होना चाहिए तथा तदनुसार जुर्माना या सजा देना चाहिए। सामान्यतः जानबूझकर दुर्घटना नहीं की जाती और न ही कोई चपेट में आता बल्कि दुर्घटना हो जाती है,फिर भी यदि शासन, प्रशासन, वाहन व सुरक्षा आदि के दोषों पर पैनी नजर रखे तो निश्चित रुप से दुर्घटनाओं पर नियंत्रण होगा।

– **बीएल शर्मा**, तराना, उज्जैन

### भ्रष्टाचार का बोलबाला

**नया** भारत कहने और सुनने में बहुत अच्छा लगता है। मेरा नया भारत हर दृष्टि से साधन संपन्न, मजबूत व आत्मनिर्भर हो, यह हम सब चाहते हैं। लेकिन इस नए भारत में चाहे नेता हो या अधिकारी कर्मचारी अगर अनैतिकता, भ्रष्टाचार और घोटाले, घपले बाजी करें तो भला देश कैसे मजबूत बन सकता है। अब यह खबर की नमामि देवी नर्मदे योजना के लिए 3 साल पहले उद्यानिकी विभाग ने 85लाख रुपए के 1.70 लाख आम के पौधे खरीदे, जो ना केवल गायब हो गए बल्कि जिन पौधों से मां नर्मदा का किनारा हरा भरा होना था, वह वंचित हो गया व उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने अपनी जेबे व घर हरे-भरे कर लिए। इस प्रकरण में जहां बड़े अधिकारी बच गए छोटे को बलि का बकरा बना दिया गया, जबकि बड़ों के बिना बाड़ा नहीं बिगड़ता है। मगर इस मामले में भी घी बाप ने खाया, पड़ोसी के हाथ सूंघने वाली उक्ति ही चरितार्थ हुई। ऐसे माहौल के चलते कैसे कल्पना करें कि हमारा देश हर दृष्टि से मजबूत हो। नया भारत गढ़ना है तो सरकार को बेलगाम भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी व अनैतिकता पर भी रोक लगाने के लिए सख्ती से काम करना होगा, चाहे इसमें अपना फंसे या पराया।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, अक्षय खाचरोद, उज्जैन

### आंदोलन पर राजनीति

**किसानों** का आंदोलन लंबा होता जा रहा है जिसमें भयंकर जाड़े तथा प्रदर्शन स्थल पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अनेक लोगों की जान चली गई है। इससे एक चीज स्पष्ट हो गई है कि हमारे राजनेताओं को अपने पद और वोटबैंक के सिवा किसी दूसरी चीज की चिन्ता नहीं है। दो राष्ट्रीय पार्टियों के नेताओं द्वारा एक सप्ताह के भीतर दो शर्मनाक बयान देने का भला और क्या अर्थ हो सकता है? 14 फरवरी को हरियाणा की कांग्रेस नेता विद्या देवी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि 'किसान आंदोलन पुनर्जीवित करने' के लिए वे पैसा और शराब का दान करें। आंदोलन चला रहे तथा उसमें अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले किसानों ने राजनीतिक पार्टियों को आंदोलन से दूर रखने के सभी प्रयास किए हें। मगर नेतागण राजनीतिक रोटियां सेकने से बाज नहीं आ रहे हैं। लेकिन भाजपा को भी चाहिए कि वह उच्च आदर्श प्रदर्शित करने के पहले आत्मावलोकन करे क्योंकि अनेक विश्लेषकों के विचार से पार्टी ने आंदोलन को बदनाम करने के लिए सब कुछ किया है।

– **सुरेंद्र वैश्य**, रायबरेली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सैन्य** तथा राजनयिक वार्ताओं के नौ दौरों के बाद सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। मगर दुर्भाग्य से कांग्रेस को भारतीय सेना की बहादुरी पर संदेह है।

– **राजनाथ सिंह**
रक्षामंत्री



**राजनीतिक** दलों को परिसीमन प्रक्रिया को पूरा करने में सहयोग करना चाहिए ताकि जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराने का रास्ता साफ हो।

– **मनोज सिन्हा**
उपराज्यपाल, जम्मू कश्मीर



2009 में केरल उच्च न्यायालय ने कहा था कि लव जिहाद केरल को इस्लामी राज्य में बदल देगा। इसके बावजूद केरल की सरकार सो रही है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

यूपी सरकार का बजट

# बजट में युवाओं को उद्यमी बनाने पर जोर

## ओडीओपी को 250 करोड़ एवं सीएम युवा स्वरोजगार योजना के लिए 100 करोड़

● विश्वकर्मा श्रम सम्मान और माटी कला बोर्ड के लिए क्रमशः 30 करोड़ व 10 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश के युवा उद्यमी बनें। वह नौकरी की प्रतिक्षा करने की बजाय खुद का उद्यम लगाएं एवं औरों को भी स्थानीय स्तर पर रोजगार दें। ऐसा करने से ही प्रदेश का चौतरफा विकास होगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग एमएसएमई इसका सबसे प्रभावी जरिया बन सकते हैं। बजट में इस पर खासा फोकस किया गया है। मुख्यमंत्री की सबसे पसंदीदा योजनाओं में से एक ओडीओपी के लिए बजट में 250 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी मकसद से मुख्यमंत्री स्वारोजगार योजना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मालूम हो कि परंपरागत पेशे से जुड़े नाई, धोबी, दर्जी, मोची, लोहार, बढ़ई, सुनार आदि को प्रशिक्षण देने उनको अद्यतन तकनीक से जोड़ने के लिए सरकार ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की थी। मकसद यह था कि संबंधित लोगों को अद्यतन तकनीक के अनुरूप प्रशिक्षण मिले ताकी इनके उत्पाद भी गुणवत्ता और दाम में बाजार में प्रतिस्पर्धी बनें। बजट में इस योजना के लिए 30 करोड़ का प्रावधान है। इसी तरह माटी के काम से जुड़े लोगों की कला को संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बजट में माटी कला बोर्ड के लिए 10 करोड़ की व्यवस्था की गयी है। स्थानीय स्तर पर सबसे कम पूंजी, बुनियादी सुविधा और न्यूनतम जोखिम में सर्वाधिक रोजगार मुहैया कराने वाले खादी एवं ग्रामोद्योग के तहत मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत सामान्य महिला एवं आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को 10 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण और सामान्य वर्ग के पुरुषों के लिए 4 फीसद सालाना ब्याज पर बैंकों से ऋण मुहैया कराएगी। वस्त्रों उद्योग के जरिए 25 हजार लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य। पॉवरलूम बुनकरों को रियायती दर बिजली देने का प्रावधान भी बजट में है। उप्र स्टेट स्पिनिंग कंपनी की बंद पड़ी कताई मिलों की परिसंपतियों के उपयोग का भी प्रावधान बजट में किया गया है। इनमें पीपीपी मॉडल से औद्योगिक पार्क इंडस्ट्रीयल इस्टेट, कल्स्टर बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है।



### महिलाओं व बेटियों को सौगात, शुरू होगी महिला सामर्थ्य योजना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष साल 2021-2022 के बजट ने आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए ढेर सारी सौगातें दी हैं। प्रदेश में महिलाओं व बेटियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के बजट में महिलाओं के उत्थान के लिए कई स्वर्णिम घोषणाएं की गई। जिससे प्रदेश की महिलाओं व बेटियों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। बेटियों व महिलाओं के चौमुखी विकास के लिए उनकी सुरक्षाए शिक्षा, स्वावलंबन, सम्मान, सेहत को केन्द्रित करते हुए योगी सरकार के इस वित्तीय वर्ष बजट से आधी आबादी को प्रोत्साहन मिलेगा और उनके कदम सर्वोत्तम उत्तर प्रदेश के साथ कदमताल करते नजर आएंगें। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना को और भी मजबूती देते हुए प्रदेश सरकार ने इसके तहत प्रदेश की सभी पात्र बेटियों को टैबलेट उपलब्ध कराने के लिए 1200 करोड़ रुपए की राशि की बजट में व्यवस्था की है। प्रदेश की महिलाओं व बच्चों को कुपोषण का शिकार न होना पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना की शुरूआत वित्तीय वर्ष से की जाएगी। जिसके तहत 100 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक नई योजना को शुरू करने की घोषणा बजट में की गई। प्रदेश की महिलाओं व बेटियों को सौगात देते हुए महिला सामर्थ्य योजना के नाम से एक नई योजना की शुरूआत प्रदेश में की जाएगी। इस योजना के लिए 200 करोड़ रुपए की राशि बजट में प्रस्तावित की गई है। इसके साथ ही प्रदेश में महिला शक्ति केन्द्रों की स्थापना के लिए 32 करोड़ रुपए की व्यवस्था बजट में की गई है। जिससे प्रदेश की महिलाएं व बेटियां सशक्त व निर्भिक बन सकें।

### गंगा एक्सप्रेस वे के लिए बजट में 7689 करोड़

● भूमि अधिग्रहण के लिए 7200 करोड़ और निर्माण के लिए 489 करोड़

● जेवर के लिए दो हजार करोड़ रुपये, अयोध्या में एयरपोर्ट के लिए 101 करोड़

**लखनऊ।** कनेक्टिविटी और विकास एक दूसरे के पूरक हैं। उप्र जैसे लैंड लाक्ड प्रदेश के लिए तो और भी। बेहतर सडकें और विकसित एयरपोर्ट ही इसका विकल्प हैं। इनके जरिए प्रदेश के उत्पाद आसानी से सुरक्षित और तेजी से देश दुनिया के बाजारों में पहुंच सकते हैं। बजट में सरकार ने इस पर पर्याप्त फोकस किया है। देश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना में भूमि अधिग्रहण के लिए 7200 करोड़ और निर्माण कार्य के लिए 489 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह एक्सप्रेस वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। मेरठ और प्रयागराज के अलावा इससे हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ भी जुड़ेंगे। छह लेन के इस एक्सप्रेस वे को आठ लेन तक किया जा सकेगा। बजट में पूर्वांचल एक्सप्रेस के लिए 1107 करोड़, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के लिए 860 करोड़ और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के लिए 1492 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट में रनवे की संख्या दो से बढ़ाकर छह करने का निर्णय योगी सरकार ने लिया है। इसके लिए बजट में 2000 करोड़ का प्रावधान किया है। पिछले साल के बजट में भी जेवर के लिए 2000 करोड़ का ही प्रावधान था। अयोध्या में निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट के लिए 101 करोड़ का प्रावधान किया गया है। योगी सरकार के कार्यकाल में क्रियाशील एयपोर्टस की सख्या 4 से बढ़कर 7 हो गयी। कुशीनगर एयरपोर्ट को केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित कर चुकी है। इसका संचलन शीघ्र होने वाला है। इसके संचालित होने पर इसको शामिल करते हुए जल्दी ही प्रदेश में चार एअरपोर्ट लखनऊ, वाराणसी और जेवर अंतरराष्ट्रीय स्तर के हो जाएंगे। अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती के एअरपोर्ट बनकर लगभग तैयार हैं।

### बढ़ेगी सैनिक स्कूलों की संख्या, गोरखपुर सैनिक स्कूल के लिए 90 करोड़

लखनऊ। युवाओं को अनुशासन के साथ उन्हें सस्ती व गुणवत्तापरक शिक्षा दिलाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है। अभी हाल में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हर मंडल में एक सैनिक स्कूल खोले जाने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेजा है। इसी कड़ी में गोरखपुर में एक सैनिक स्कूल के निर्माण की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट अभिभाषण के दौरान 90 करोड़ रूपए का बजट गोरखपुर सैनिक स्कूल के लिए पास किया है। इसके अलावा कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय सैनिक स्कूल सरोजनीनगर में एक हजार लोगों की क्षमता वाले आडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा। इसके 15 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। सेना में जाने के सपने बुनने वाली बेटियों के पंखों को प्रदेश की योगी सरकार नई उड़ान देने जा रही है।

प्रदेश सरकार कारगिल शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय सैनिक स्कूल की क्षमता को दोगुना करने की तैयारी कर रहा है। यूपी के बजट में कैप्टन मनोज पाण्डेय सैनिक स्कूल सरोजनीनगर को विकसित किए जाने व उसकी क्षमता को दोगुना करने का प्रस्ताव पास किया गया है। खासकर बेटियों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार बालिका कैडेट के लिए 150 की क्षमता वाले छात्रावास का निर्माण कराएगा। साथ ही एक हजार की क्षमता वाले आडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 15 करोड़ रुपए बजट का प्राविधान किया गया है। वहीं सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 200 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री की पहल के चलते अन्य राज्यों की अपेक्षा यूपी में सैनिक स्कूल की संख्या अधिक है। यूपी में रक्षा मंत्रालय द्वारा तीन सैनिक स्कूलों का संचालन अमेठी, झांसी, मैनपुरी में किया जा रहा है जबकि बागपत में सैनिक स्कूल का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा गोरखपुर में एक सैनिक स्कूल बनाए जाने के लिए 90 करोड़ रुपए का प्राविधान प्रदेश सरकार ने अपने अंतिम बजट में किया है।

### विकास कार्यो के लिए विधायकों की संस्तुति पर मिलेंगे रूपए

**कोविड महामारी के कारण विधायक निधि पर लगी थी अस्थायी रोक**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने विधायकों की मुराद पूरी कर दी है। अब एक बार फिर विधायक अपने क्षेत्र के विकास के लिए संस्तुति कर सकेंगे। इसके लिए बजट में 1512 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सोमवार को वित्तीय वर्ष 2021-22 का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने ज्यों ही इसका एलान किया पूरे सदन ने मेजें थपथपाकर इसका स्वागत किया। वित्त मंत्री की घोषणा के अनुसार कोरोना कालखंड के उपरांत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि प्रदेश के विकास में विधानमंडल के सदस्यों के प्रत्यक्ष योगदान के लिए विधानमंडल क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए विधायकों को उनकी संस्तुति पर विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि के बराबर धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए 1512 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है।

### राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के लिए 5395 करोड़ रुपए

**लखनऊ।** कोरोना काल के बाद प्रदेश सरकार के पांचवें बजट में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा करते हुए प्रदेशवासियों की सेहत का खास ख्याल रखा गया है। सरकार ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को सुदृण बनाते हुए कोविड-19 की रोकथाम के लिए टीकाकरण योजना के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि को बजट में प्रस्तावित किया गया। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के लिए 5395 करोड़ रुपय, आयुष्मान भारत योजना के लिए 1300 करोड़, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए 142 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया।

**शहरी स्वास्थ्य व आरोग्य के केन्द्रों के लिए 425 करोड़ का बजट:** प्रदेश में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ सेक्टर को बढ़ावा देते हुए इस बार के बजट को दोगुना किया गया है। प्रदेश सरकार ने शहरी स्वास्थ्य व आरोग्य के केन्द्रों के लिए 425 करोड़ रुपए की राशि को बजट में प्रस्तावित किया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लिए 320 करोड़, प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं के लिए डायग्नॉस्टिक बुनियादी ढांचा सृजित किए जाने के लिए 1073 करोड़, प्रदेश में राज्य औषधि नियंत्रण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए 54 करोड़, और 12 मंडलों में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं व मंडलीय कार्यालयों के निर्माण के लिए 50 करोड़, ब्लॉक स्तर पर लोक स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना के लिए 77 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है।

### विभागों का बढ़ा बजट

**समाज कल्याण का बजट साढ़े 14 और नगर विकास का साढ़े 11 फीसदी बढ़ा:** सीएम योगी ने समाज कल्याण के लिए साढ़े 14 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 39958 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए हैं। ऊर्जा विभाग के लिए करीब 11 फीसदी की बढोतरी के साथ 38 हजार 333 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए गए हैं। ऐसे ही नगर विकास विभाग में करीब साढ़े 11 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23 हजार 277 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

**पुलिस को मिले साढ़े 10 फीसदी अधिक:** सीएम ने पुलिस विभाग के बजट में करीब साढ़े 10 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 30 हजार 203 करोड़ प्रस्तावित किया है। इसमें अग्निशमन केंद के भवनों का निर्माण, पुलिस बल का आधुनिकीकरण, सेफ सिटी लखनऊ, पुलिस लाइन के लिए भूमि, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंस और अग्निशमन केंद्रों पर सोलर प्लांट आदि के लिए धन प्रस्तावित है।

**धर्मार्थ कार्य के लिए 47 फीसदी बढ़ा बजट:** सीएम योगी ने चिकित्सा शिक्षा के मद में पिछले वित्त वर्ष में 6915 करोड़ रुपए दिया था जबकि इस बार 32.19 फीसदी वृद्धि करते हुए 9141 करोड़ दिए हैं। धर्मार्थ कार्य के लिए पिछले बजट में 292 करोड़ दिए गए थे जबकि अगले वित्तीय वर्ष के लिए 47 फीसदी बढ़ोतरी करते हुए 431 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए गए हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य, खाद्य और औषधि नियंत्रण में 28 फीसदी की वृद्धि के साथ 1147 करोड़ दिए गए हैं।

**बाईपास, रिंग रोड और फ्लाईओवर के निर्माण पर बढ़ा बजट:** सीएम योगी ने केंद्रीय मार्ग निधि के तहत मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढीकरण के लिए 50.48 फीसदी, जिलों मार्गों के उच्चीकरण के लिए 40.75 फीसदी, ग्रामीण सेतुओं के निर्माण के लिए 37.78 फीसदी, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख और अन्य जिला मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढीकरण कार्य के लिए 50 फीसदी, जिला संपर्क मार्गों और अन्य सड़कें व लघु सेतुओं के लिए भूमि अध्याप्ति के लिए 196 फीसदी, कृषि विपणन सुविधाओं के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय संपर्क मार्ग योजना के लिए 116 फीसदी, विभिन्न ग्रामीण मार्गों पर सेतू निर्माण के लिए 51 फीसदी और शहरों के बाईपास व रिंग रोड और फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के लिए 76 फीसदी बढोतरी की गई है।

### यूपी को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजटः स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने योगी सरकार को आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के स्वप्न को साकार करने वाले जनआंकाक्षाओं के बजट को प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कोविड की आपदा में प्रभावित अर्थव्यवस्था और आय की कठिनाई के बाद भी बजट में किसी वर्ग का भी हित प्रभावित नहीं होने दिया गया और वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए समाज के सभी वर्गों की उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश का बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना से आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्पों का योजनाबद्ध दस्तावेज है। इस बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, बुजुर्ग, व्यापारी सभी का हित समाहित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का बजट पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय पथ का अनुगामी सबका साथ-सबका विकास के साथ सबके विश्वास का बजट है। भारत ऋषि व कृषि परम्परा का देश है इसकों ध्यान में रखते हुए संस्कृत विद्यालयों में गुरूकुल की परम्परा से लेकर गांव को डिजिटल बनाने की राह जहां बजट ने खोली है। वहीं अयोध्या, मथुरा, काशी, चित्रकूट, विध्यांचल एवं नैमिषारण्य जैसे आस्था के केन्द्रों के समग्र विकास का खाका खींचकर जनआकांक्षाओं को बजट में मूर्त रूप दिया गया है।

### बजट प्रदेश के समग्र, समावेशी विकास व स्वावलम्बन के लिए समर्पितः राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान मण्डल में प्रस्तुत वर्ष 2021-22 के बजट की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने 5,50,270 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है, जो अब तक का सबसे बड़ा बजट है। यह बजट प्रदेश के समग्र, समावेशी विकास एवं स्वावलम्बन के लिये समर्पित है।

राज्यपाल ने कहा कि बजट में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों की आय 2022 तक दोगुनी करने की व्यवस्था सराहनीय है। प्रस्तुत बजट में किसानों के लिए मुफ्त सिंचाई हेतु 6 सौ करोड़, कृषि उत्पादक संगठनों के लिये 100 करोड़, किसानों को सस्ता ऋण देने के लिये 4 सौ करोड़ तथा कृषक बीमा दुर्घटना हेतु 6 सौ करोड़ की व्यवस्था के साथ साथ दो करोड़ चालीस लाख किसानों को डीबीटी के माध्यम से लाभ देने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि बजट में 5,886 गेहूं केन्द्र खोलने की व्यवस्था से किसानों को अपना उत्पाद बेचने में सुविधा प्राप्त होगी।

### बजट उपायों से यूपी में आएगी आत्मनिर्भरता की नई क्रान्ति

● सरकार का बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में अहम कदम



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** डा दिनेश शर्मा ने कहा है कि यूपी सरकार का 2021-22 का बजट प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा। बजट उपायों से यूपी में आत्मनिर्भरता की नई क्रान्ति आएगी। उन्होंने कहा कि इस बजट के जरिए प्रदेश के समग्र विकास का खाका खींचा गया है। एक ऐसे यूपी के निर्माण की दिशा में कदम बढाए गए हैं जो हर तरह से सक्षम व आत्मनिर्भर होगा।

उप मुख्यमंत्री ने सर्वसमावेशी बजट के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि नए भारत का नया यूपी देश को राह दिखाने के लिए तैयार है। किसान, युवा, महिला, गांव, गरीब, किसान के साथ हर वर्ग के कल्याण व स्वस्थ यूपी व ढांचागत विकास बजट का केन्द्र बिन्दु है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बह रही विकास की गंगा व नव निर्माण को इस बजट से और अधिक तेजी मिल सकेगी। प्रदेश के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान व संतोष का भाव आए यही इस बजट और सरकार का संकल्प है। नागरिकों को आवगमन की बेहतर सुविधा के लिए एक्सप्रेस वे के निर्माण में तेजी के साथ ही सड़कों का जाल बिछाने व मेट्रो के विस्तार के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डॉ शर्मा ने कहा कि अन्नदाता की खुशहाली के लिए चौतरफा उपायों का प्राविधान किया गया है जिससे कि उसकी आय दोगुनी हो सके। हर गांव को डिजिटल बनाया जाएगा। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए 50 करोड का प्रविधान स्वास्थ्य के प्रति सरकार की प्रथमिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यूपी को ज्ञान के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। शिक्षा के मामले में यूपी के पुराने गौरव को स्थापित करने की दिशा में प्रयास जारी है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यूपी को आकर्षण के केन्द्र के तौर पर विकसित किया जा रहा है। डॉ शर्मा ने बताया कि प्रदेश के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में एक सैनिक स्कूल की स्थापना करायी जायेगी। सरकार द्वारा सैनिक स्कूलों की स्थापना के लिये भूमि उपलब्ध कराई जायेगी। सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 200 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। संस्कृत विद्यालयों में अध्ययनरत् निर्धन छात्रों को गुरुकुल पद्धति के अनुसार निशुल्क छात्रावास एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जायेगी। कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय, सैनिक स्कूल सरोजनीनगर को विकसित कर उसकी क्षमता को दो गुना किया जाएगा। राजकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अतिथि विषय विशेषज्ञ के मासिक मानदेय की धनराशि हाई स्कूल स्तर पर 8000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये तथा इण्टर पर 10, 000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये की गयी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा असेवित क्षेत्रों में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है।

### प्रदेश के चहुंमुखी विकास व उज्जवल भविष्य का बजटः केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट की सराहना करते हुए कहा है कि इस बजट से प्रदेश का बहुमुंखी, चहुंमुखी तथा सर्वांगीण विकास होगा। बजट से उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश बनेगा। श्री मौर्य ने कहा कि बजट में जहां जन सरोकारों से जुड़ी सोशल सेक्टर की अनेक योजनाओं के संचालन की व्यवस्था की गई है वही प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए भरपूर धनराशि का इंतजाम किया गया है । प्रदेश में जहां एक्सप्रेस.वे के निर्माण में गति आएगी वहीं सड़कों व खासकर ग्रामीण सड़कों का जाल बिछाने की व्यवस्था बजट मे की गयी है। उन्होने कहा कि प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर होगा। बजट से रोजगार के साधन मुहैया होंगे। पर्यटन स्थलों को बढ़ावा मिलेगा इससे लोगों को रोजगार मिलेगा और लोगो की आमदनी में इजाफा भी होगा। प्रदेश की 24 करोड़ जनता की भावनाओं व उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप बजट की संरचना की गई है। निश्चित तौर से बजट समेकित व सर्वस्पर्शी विकास का मॉडल है। बजट लोकतांत्रिक भावनाओं के अनुरूप है और प्रदेश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उत्तर प्रदेश मे नई संभावनाओं को उड़ान देने का माध्यम बनेगा। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के प्रबंध करते हुए आत्मनिर्भर भारत व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने मे सहायक होगा। विकास के नये आयाम स्थापित होंगे।

### निराशाजनक व जनहित की उपेक्षा करने वालाः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा आज राज्य विधान सभा में प्रस्तुत बजट पूर्णतया निराशा जनक और जनहित की घोर उपेक्षा करने वाला है। भाजपा ने अपने चरित्र के अनुसार इसमें जनता को गुमराह करने वाली घोषणाएं की है। राज्य सरकार ने जाते.जाते झूठे वादों की झड़ी लगाई है और किसानोंए नौजवानोंए महिलाओं तथा व्यापारियों सभी को धोखा दिया है। भाजपा के बजट से गरीबों को नहीं अमीर उद्योगपतियों को और ज्यादा लाभ मिलेगा। बढ़ती मंहगाई पर नियंत्रण का कोई संकेत नहीं है। इसलिए अब भाजपा का खेल खतम और पैसा हजम। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री जीष् पेपर लेसष् का बड़ा बखान कर रहे थे परन्तु हकीकत में यह भी नज़र आया कि टेबलेट से बजट गायब हो गया और पहली बार ऐसा हुआ कि विधायकों को बजट की जानकारी सुनकर ही मिली। बजट में विकास की दिशा ही नदारद है।

### ठगा महसूस कर रही प्रदेश की जनताः लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने सोमवार को योगी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बजट से खुद को ठगा महसूस कर रही। उन्होंने कहा कि आज फिर नए जुमलों के साथ उप्र के बजट को पेश किया जो पूरी तरह निराशजनक, किसानों के साथ धोखाए नौजवानों के विश्वास के साथ विश्वासघात और गरीब, शोषित, वंचितों के लिए कोई योजना लाने का काम नहीं किया गया। विकास से यह बजट कोसों दूर दिखा।

### सरकार का बजट जनता को गुमराह करने वालाः अनिल दुबे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने उप्र सरकार के बजट को विकासहीन और किसान विरोधी बताते हुये कहा कि प्रदेश के किसानों को सरकार के अन्तिम बजट से बड़ी उम्मीदें बधी थी कि सरकार अपने बजट भाषण में अच्छी घोषणाएं करेगी लेकिन बजट देखने के बाद उप्र के किसानों को निराशा ही हाथ लगी है। इस बजट में किसान, मंहगाई और आम आदमी के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। कुल मिलाकर सरकार का यह बजट जनता को गुमराह करने वाला है। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये दुबे ने कहा कि बजट में किसानों की आय दोगुनी करने की बात जरूर की गयी है।

### बजट में विकास की कोई योजना नहींः आराधना मिश्रा

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा उर्फ मोना मिश्रा ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने विधानसभा में सत्यहीन बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि इस बजट में विकास की कोई योजना नहीं है। मोना मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि यह किसानों के प्रति प्रदेश सरकार की संवेदनहीनता है। इस बजट में न तो नौजवानों के लिए कुछ है ना ही महिलाओं व किसानों के लिए ही कुछ है।मोना मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार अपना रही है। उन्होंने कहा कि बजट कल्पना पर आधारित है और यह बजट प्रदेश की भाजपा सरकार का कुल मिलाकर अंतिम बजट है ।

### एक पार्टी की सरकार के बावजूद बजट संतोषजनक नहीः मायावती

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा सोमवार को पेश किए गये बजट पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि केंद्र की तरह बजट निराश करने वाला है। जनता के विकास की लालसा की तृप्ति के मामले में एक ही पार्टी की सरकार रहने के बावजूद भी वायदे के अनुसार संतोषजनक नही रहा। बजट को लेलर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए मायावती ने लिखा कि यूपी विधानसभा में आज पेश बीजेपी सरकार का बजट भी केन्द्र सरकार के बजट की तरह ही यहाँ प्रदेश में खासकर बेरोजगारी की क्रूरता दूर करने हेतु रोजगार आदि के मामले में अति निराश करने वाला है। केन्द्र सरकार की तरह यूपी के बजट में भी वायदे व हसीन सपने जनता को दिखाने का प्रयास किया गया है। मायावती ने आगे लिखा कि यूपी की लगभग 23 करोड़ जनता के विकास की लालसा की तृप्ति के मामले में यूपी सरकार का रिकार्ड केन्द्र व यूपी में एक ही पार्टी की सरकार होने के

# गांव में स्टेडियम व ओपन जिम के लिए 25 करोड़

बजट की खास बातें

## अधिवक्ता चैंबर निर्माण के लिए 20 करोड़



**मुख्यमंत्री** प्रवासी श्रमिक उद्यमिता विकास योजना के लिए 100 करोड़, अटल आवासीय विद्यालय के लिए 270 करोड़, आयुष्मान भारत योजना के लिए 1300 करोड़, डायग्नोसिस्टक बुनियादी ढ़ांचा सृजित करने के लिए 1073 करोड़, शहरी स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों के लिए 425 करोड़, 13 नए मेडिकल कालेजों की स्थापना के लिए 1950 करोड़, जल जीवन मिशन ग्रामीण योजना के पेयजल कनेक्शन के लिए 15000 करोड़, मुख्यमंत्री आरओ पेयजल योजना के लिए 22 करोड़, शौचालयों के निर्माण के लिए 2031 करोड़, स्वच्छ भारत मिशन के लिए 1400 करोड़, नगरीय सीवरेज एवं जल निकासी की व्यवस्था के लिए 175 करोड़, सड़कों और सेतु निर्माण के लिए 12441 करोड़, सड़कों और सेतुओं के अनुरक्षण के लिए 4135 करोड़, गांवों को पक्के सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए 695 करोड़, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 5000 करोड़, बीमा के लिए 600 करोड़, प्रदेश की नहरों के लिए 700 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए 10029 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 7000 करोड़, त्वरित आर्थिक विकास के लिए 2500 करोड़, मुख्यमंत्री समग्र संपदा विकास योजना के लिए 1100 करोड़, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए 100 करोड़, वृद्धावस्था, किसान पेंशन के लिए 3100 करोड़, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए 500 करोड़, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए 250 करोड़, पिछड़े वर्ग के छात्रों की छात्रवृति के लिए 1375 करोड़, अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग के गरीबों की पुत्रियों की शादी के लिए 150 करोड़, अल्पसंख्यक छात्र छात्रों को छात्रवृत्ति देने के लिए 829 करोड़, मदरसा आधुनिकीकरण योजना के लिए 479 करोड़ और जिलों में न्यायालय भवन निर्माण के लिए 450 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

# अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगाते हुए सोमवार को मामले में आरोपी कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य से भाजपा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी की याचिका पर जवाब मांगा। भाजपा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी ने नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत के 11 फरवरी के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। निचली अदालत ने उनकी याचिका में पेश किए गए प्रमुख साक्ष्यों के आधार पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी एवं अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाए जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने सोनिया और राहुल गांधी, एआईसीसी महासचिव ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और यंग इंडिया (वाईआई) से 12 अप्रैल तक स्वामी की याचिका पर जवाब देने को कहा और तब तक के लिए मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। भाजपा सांसद की ओर से पेश वकील सत्या सभरवाल और गांधी परिवार तथा अन्य की ओर से पेश वकील तरन्नुम चीमा ने उच्च न्यायालय के नोटिस जारी करने और सुनवाई 12 अप्रैल तक स्थगित किए जाने की पुष्टि की। निचली अदालत ने 11 फरवरी को मामले में गांधी परिवार और अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए साक्ष्य पेश करने की उनकी अर्जी को खारिज कर दिया था। अदालत ने कहा था कि मामले में उनका परीक्षण समाप्त होने के बाद साक्ष्य पेश करने के संबंध में सीआरपीसी की धारा 244 के तहत दायर स्वामी की याचिका पर विचार किया जाएगा। निचली अदालत में सीआरपीसी की धारा 244 के अंतर्गत दायर आवेदन में स्वामी ने उच्चतम न्यायालय के महासचिव (रजिस्ट्री अधिकारी), भूमि एवं विकास उप अधिकारी और आयकर विभाग के एक उपायुक्त समेत कुछ गवाहों को समन भेजने का अनुरोध किया था। भाजपा नेता ने निचली अदालत में दायर निजी आपराधिक शिकायत में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा अन्य लोगों पर नेशनल हेराल्ड के जरिए धोखाधड़ी एवं अनुचित तरीके से धन प्राप्त करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा के निधन के बाद नेशनल हेराल्ड मामले में उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही समाप्त कर दी थी। वोरा की 21 दिसंबर, 2020 को मृत्यु हो गई थी। मामले में अन्य सभी सात आरोपियों सोनिया, राहुल गांधी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ऑस्कर फर्नांडीस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, वोरा और यंग इंडियन (वाईआई) प्राइवेट लिमिटेड ने उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को खारिज किया है।

## बंगाल में भारत-बांग्लोदश सीमा के पास मवेशी तस्करों ने बीएसएफ के जवानों पर गोलीबारी की

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लोदश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सोमवार तड़के कुछ मवेशी तस्कारों ने बीएसएफ के एक दल पर गोलीबारी की। घटना सुबह साढ़े पांच बजे हुई, अलीपुरद्वार जिले के फलकटा में पुटिया बारा मासिया सीमा चौकी के पास अंतरराष्ट्रीय सीमा की बाड़ टूटी पाई गई। बीएसएफ के एक सैनिक ने बांग्लादेश की ओर से 20-25 असमाजिक तत्वों और भारत की ओर से कम से कम 18-20 तस्करों की कुछ संदिग्ध गतिविधियों को भांपा था। दोनों ओर के लोग भारत से बांग्लादेश में मवेशियों की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे और उन्हें तितर- बितर करने के लिए सैनिक ने चिली ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। भारतीय तस्करों ने बीएसएफ के दल पर गोलीबारी की, जिसके जवाब में कॉन्स्टेबल ने भी गोली चलाई। तस्करों द्वारा इस्तेमाल किए गए दो कारतूस और एक खाली कारतूस मौके से बरामद किया गया है।



श्रीनगर में अमीरा कदल क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजदूगी के इनपुट के बाद सर्च अभियान के दौरान लोगों की जांच करते एसओजी के जवान

# भारत भेदभाव रहित परमाणु निरस्त्रीकरण को प्रतिबद्ध

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश** सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने सोमवार को कहा कि भारत एक जिम्मेदार परमाणु हथियार सम्पन्न देश के तौर पर, परमाणु हथियारों का पहले उपयोग नहीं करने के रूख के साथ न्यूनतम विश्वसनीय परमाणु प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत, परमाणु हथियार रहित देशों के खिलाफ इसका उपयोग नहीं करने को प्रतिबद्ध है।

निरस्त्रीकरण के विषय पर उच्च स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रृंगला ने कहा कि भारत सार्वभौमिक, भेदभाव रहित, पुष्टि योग्य परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्य के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमें अपने मतभेदों से ऊपर उठकर सामूहिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए सच्चे इरादे एवं राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करने की जरूरत है। विदेश सचिव ने कहा कि निरस्त्रीकरण पर सम्मेलन के एजेंडे में निरस्त्रीकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पेश आने वाली अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा का विषय जुड़ा है। श्रृंगला ने कहा कि भारत समग्र एवं संतुलित कार्यक्रम की वकालत करता है ताकि वैश्विक महत्व के इस विषय पर वार्ता शुरू की जा सके। उन्होंने कहा, भारत, भेदभाव रहित, पुष्टि योग्य परमाणु निरस्त्रीकरण के सार्वभौम लक्ष्य के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत परमाणु हथियारों को पूरी तरह समाप्त करने की बात करते हैं जो वर्ष 2007 के हमारे परमाणु निरस्त्रीकरण पर कामकाजी पत्र में उल्लिखित है।

श्रृंगला ने कहा कि भारत उस कामकाजी दस्तावेज में वर्णित कदमों को आगे बढ़ाने का आह्वान करता है जिसमें समग्र परमाणु हथियार निरस्त्रीकरण संधि पर सम्मेलन को लेकर वार्ता का विषय शामिल है।

## कावेरी नदी के अतिरिक्त पानी का इस्तेमाल करने की किसी को अनुमति नही देगी सरकारः एदियुरप्पा

**बेंगलुरु।** तमिलनाडु सरकार द्वारा नदियों को आपस में जोड़ने की परियोजना के बारे में व्याप्त चिंताओं के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार किसी को भी कावेरी नदी के अतिरिक्त पानी का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देगी और राज्य के हितों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाएगी। तमिलनाडु सरकार ने कावेरी, वैगई और गुंडर नदियों को जोड़ने वाली परियोजना के प्रथम चरण का रविवार को शिलान्यास किया। इस पर 14,400 करोड़ रुपए खर्च होंगे और छह हजार क्यूबिक फुट अतिरिक्त पानी को दक्षिणी जिलों के सूखे इलाकों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। एक सवाल के जवाब में एदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम यह नहीं होने देंगे केवल बयान देने का कोई अर्थ नहीं है। चाहे कोई भी कारण हो हम तमिलनाडु या किसी और को अतिरिक्त पानी के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देंगे। हम कड़े कदम उठाएंगे, आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाएंगे, एदियुरप्पा ने कहा, हमने अभी इस पर विचार नहीं किया है। कर्नाटक के जल संसाधन मंत्री रमेश जारकीहोली ने अंतरराज्ईय जल विवाद पर राज्य के विधिक दल के साथ रविवार को दिल्ली में बैठक की थी।

# राहुल गांधी ने मनरेगा का उपहास उड़ाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पर तंस कसा

**भाषा।** वायनाड (केरल)

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी ने मनरेगा का मजाक उड़ाया था, लेकिन उन्हें यह तथ्य स्वीकार करना पड़ा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार द्वारा लाई गई ग्रामीण रोजगार योजना ने कोविड-19 महामारी के दौरान देश के लोगों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड की पोठाडी ग्राम पंचायत में कुदुंबश्री संगमम का उद्घाटन करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब लोगों के सशक्तिकरण के लिए काम किया और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा सबसे शक्तिशाली लोगों का सशक्तिकरण कर रही है।

कांग्रेस नेता ने चुनावी राज्य केरल में अपने निर्वाचन क्षेत्र में दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की। गांधी ने आरोप लगाया, जब मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने हम सबके सामने संसद में मनरेगा का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा था कि मनरेगा देश के लोगों का अपमान है। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को देश में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार के दौरान योजना के तहत कार्यों और धन का आवंटन बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, और वह (मोदी) कोविड-19 के दौरान यह स्वीकार करने के लिए मजबूर हो गए कि मनरेगा ने देश के लोगों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान मनरेगा में रोजगार की मांग बढ़ गई।

वायनाड के सांसद ने कहा कि संप्रग सरकार द्वारा लाई गई मनरेगा और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की शुरुआत ना केवल भेंट है बल्कि यह लोगों को मजबूत बनाने का जरिया भी है। उन्होंने कहा कि जब मनरेगा की शुरुआत की गई तो एक वित्त वर्ष में प्रत्एक ग्रामीण परिवार को कम से कम 100 दिनों के लिए रोजगार देने की गारंटी प्रदान की गई। गांधी ने कहा कि कई लोगों ने दावा किया था कि मनरेगा योजना लोगों को तबाह कर रही है लेकिन जब सरकार बड़े कारोबारियों को लाखों करोड़ रुपए दे रही है और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का निजीकरण कर रही है तो वे लोग कुछ नहीं कह रहे। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना को लागू करने से संप्रग शासन के दौरान शानदार आर्थिक वृद्धि हुई।

## क्विक न्यूज

### हाथी के हमले में युवक की मौत

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश में लक्ष्मणझूला क्षेत्र के फूलचटटी गांव में सोमवार तडके एक जंगली हाथी ने एक युवक पर हमला कर दिया और इस घटना मे युवक की मौत हो गई। लक्ष्मणझूला पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद उनियाल ने बताया कि पौडी जिले के यमकेश्वर इलाके में लक्ष्मणझूला नीलकंठ मोटर मार्ग पर यह घटना हुई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नगीना के रहने वाले 22 वर्षीय कपिल के रूप मे हुई हैउन्होने बताया कि तड़के फूलचट्टी मे ग्रामीणो ने हाथी के चिंघाड़ने की आवाज सुनी और देखा कि वह युवक को अपनी सूंड़ मे लपेटकर पटक रहा है। युवक के दम तोड़ देने के बाद भी हाथी शांत नही हुआ और उसने पास खड़े टेम्पो ट्रेवलर का शीशा तोड़कर उसमे सो रहे चालक को भी बाहर खीचने की कोशिश की। हालांकि, चालक ने किसी तरह अंदर दुबक कर अपनी जान बचा ली। मौके पर मृतक का मोबाइल फोन मिला है जिससे मृतक के परिजनो को सूचित कर दिया गया है। मृतक का शव ऋषिकेश में एम्स के मुर्दाघर में रखा गया है।

### सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सक्ती है भाजपाः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर पुडुचेरी में सरकार गिराने के लिए अनैतिक तरीके अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा इन तौर तरीकों से लोकतंत्र को खत्म करना चाहती गहलोत ने सोमवार को सिलसिलेवार तरीके से कई ट्वीट करते हुए कहा, पुडुचेरी मे अनैतिक तरीके से कांग्रेस सरकार गिराकर भाजपा ने दिखाया है कि वे सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सक्ते है। पहले वहां उपराज्यपाल के माध्यम से शासन चलाने मे परेशानियां पैदा की और अब धनबल से सरकार गिरा दी। पहले कर्नाटक, फिर मध्य प्रदेश और अब पुडुचेरी मे विधायकों को प्रलोभन देकर इस्तीफा दिलवाना भाजपा का गलत तरीके से सत्ता हथियाने का नया तरीका है। उन्होने राजस्थान मे भी अनैतिक तरीको से सत्ता हथियाने का प्रयास किया जिसका यहां की जनता ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। भाजपा इन तौर तरीकों से लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। लोग इनकी चालों को समझ चुके है। आने वाले चुनावों मे पुडुचेरी की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।

### अभी नए संसद भवन के निर्माण की जरूरत नहींः सुले

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि केंद्र सरकार ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपीएलएडी) कोष योजना को निलंबित कर दिया है, लेकिन वह नए संसद भवन के निर्माण का काम आगे बढ़ा रही है, जिसकी कोविड-19 महामारी के दौरान अभी कोई जरूरत भी नही है। सुले ने ठाणे जिले के अम्बरनाथ कस्बे में आगामी निकाय चुनाव प्रचार के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सेंट्रल विस्टा परियोजना पर 800 करोड़ से।,000 करोड़ रुपए तक खर्च करने जा रही है। बारामती से सांसद सुले ने कहा, हमने इसकी मांग नही की। महामारी काल में इसकी अभी जरूरत नही है। अगर उन्होंने एक अस्पताल का निर्माण कराया होता और वे इस उद्देश्य के लिए पांच साल तक भी हमारे कोष से राशि की कटौती करते, तो मैं खुशी-खुशी इसे दे देती। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2020-21 और 2021-22 के एमपीएलएडी कोष को अस्थाई तौर पर निलंबित करने की मंजूरी दे दी थी, ताकि इस कोष का इस्तेमाल कोविड-19 महामारी से पैदा हुई विपरीत परिस्थितियो से निपटने और स्वास्थ्य सेवाओ के प्रबंधन के लिए किया जा सके।

### महबूबा मुफ्ती फिर से चुनीं गईं पीडीपी अध्यक्ष

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को सोमवार को तीन साल के लिए सर्वसम्मति से फिर से पीडीपी अध्यक्ष चुना गया।पार्टी के एक प्रवक्ता ने चयन के बाद कहा कि मुफ्ती का नाम वरिष्ठ नेता गुलाम नबी लोन हंजूरा ने प्रस्तावित किया और खुर्शीद आलम ने इसका अनुमोदन किया। वरिष्ठ पीडीपी नेता अब्दुल रहमान वीरी पार्टी निर्वाचन बोर्ड के अध्यक्ष थे। प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू में पार्टी के निर्वाचन मंडल ने मुफ्ती को सर्वसम्मति से पुनः पार्टी प्रमुख चुना। वरिष्ठ नेता सुरिंदर चौधरी चुनाव के पीठासीन अधिकारी थे। मुफ्ती मोहम्मद सईद ने नेशनल कांफ्रेंस के क्षेत्रीय विकल्प के तौर पर पीडीपी का वर्ष 1998 मे गठन किया था। पिछले दो दशक मे कई दिग्गज नेताओ के पीडीपी मे शामिल होने के बाद पार्टी की ताकत बढ़ी, हालांकि जून 2018 मे जम्मू-कश्मीर मे पीडीपी-भाजपा गठबंधन सरकार के गिरने के बाद वह विभाजन की कगार पर थी।

### राजनाथ सिंह ने अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए विकास केंद्र का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यहां डीआरडीओ मे अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए कौशल विकास केंद्र (एसडीसी) का उद्घाटन किया और कहा कि आग लगने से हुई किसी भी दुर्घटना मे लोगो की कीमती जान और संपत्ति का नुकसान होता है। उत्तर प्रदेश के पिलखुआ मे स्थित रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) का एसडीसी, भारत मे अपनी तरह का अनोखा संस्थान है। डीआरडीओ की ओर से बताया गया कि उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से इस केंद्र का निर्माण किया गया है।



मुंबई के धारावी में कोविड-19 जागरूकता अभियान के दौरान बीएमसी के स्वयंसेवक

# राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में 15 मई हो होगी सुनवाई

**भाषा।** ठाणे (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र के** भिवंडी की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में सुनवाई 15 मई तक के लिए स्थगित कर दी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्थानीय पदाधिकारी राजेश कुंटे ने ठाणे के भिवंडी में दिया गांधी का भाषण देखने के बाद 2014 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया था। इस भाषण में कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था कि महात्मा गांधी की हत्या के पीछे आरएसएस का हाथ है। गांधी 2018 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश हुए थे और उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया था। इसके बाद उनके खिलाफ आरोप लगाए गए थे और मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। मजिस्ट्रेट जे वी पालीवाल के सामने शनिवार को जब यह मामला सुनवाई के लिए आया, तो गांधी के वकील नारायण अय्यर ने कोविड-19 प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता को पेशी से छूट देने का अनुरोध किया। अदालत ने इसकी अनुमति दे दी। कुंटे के वकील पी पी जयवंत ने इस मामले में सबूत के तौर पर कुछ दस्तावेजों को पेश करने की अनुमति मांगने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय में दायर याचिका का हवाला देते हुए सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया। मजिस्ट्रेट पालीवाल ने कहा कि उच्च न्यायालय ने निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगाने का आदेश नहीं दिया है।

जयवंत ने मामले की सुनवाई स्थगित किए जाने का अनुरोध किया, जिसकी अदालत ने अनुमति दे दी। अदालत ने मामले की आगे की सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख तय की और उसी दिन शिकायतकर्ता का बयान भी दर्ज किए जाने की संभावना है।

# जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराने के लिए पार्टियों को परिसीमन प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए : उपराज्यपाल

**जम्मू( भाषा )।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि राजनीतिक दलों को परिसीमन प्रक्रिया को पूरा करने में सहयोग करनाा चाहिए ताकि जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराने का रास्ता साफ हो। सिन्हा ने यहां संवाददाताओं से कहा, जो लोग जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव चाहते हैं उनसे आग्रह है कि परिसीमन आयोग का सहयोग करें न कि बहाने बनाएं। उनसे पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) द्वारा जल्द विधानसभा चुनाव कराने की मांग के बारे में पूछा गया था। परिसीमन आयोग की बैठक बृहस्पतिवार को हुई थी जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर सहयोगी सदस्यों का सुझाव जाना गया। सहयोगी सदस्यों में संबंधित राज्यों के सांसद एवं विधायक हैं जो संसदीय एवं विधानसभा क्षेत्रों के सीमांकन में परिसीमन समिति का सहयोग करते हैं। बहरहाल, नेकां के फारूक अब्दुल्ला, मोहम्मद अकबर लोन और हुसैन मसूदी ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा था कि केंद्र सरकार बहुत जल्दबाजी में यह प्रक्रिया कर रही है जिससे इसकी मंशा पर गंभीर सवाल उठते हैं। यह पूछने पर कि जम्मू-कश्मीर में कब तक चुनाव कराए जा सकेंगे, सिन्हा ने कहा कि यह निर्णय चुनाव आयोग करेगा। उन्होंने कहा, भारत में संवैधानिक संस्थाएं हैं। निर्णय चुनाव आयोग करता है। परिसीमन से जुड़े कार्य पूरे होने दीजिए, आयोग निश्चित तौर पर चुनाव कराएगा। कुछ नेताओं द्वारा परिसीमन आयोग की प्रक्रिया का बहिष्कार करने पर उपराज्यपाल ने कहा कि उन्हें यह समझना चाहिए कि अगर जल्द चुनाव कराने हैं तो परिसीमन प्रक्रिया को पहले पूरा करना होगा।

## उच्चतम न्यायालय ने कार्ति चिदंबरम को विदेश यात्रा की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को विदेश यात्रा की अनुमति दे दी। कार्ति के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच कर रहा है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कार्ति चिदंबरम को निर्देश दिया कि वह दो करोड़ रुपए की राशि रजिस्ट्री में जमा कराने के साथ-साथ उन स्थानों की विस्तृत जानकारी दें जहां की वे यात्रा करेंगे और ठहरेंगे। कार्ति चिदंबरम के आवेदन का विरोध करते हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि चिदंबरम को पहले विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी, लेकिन 10 करोड़ रुपए जमा कराने के बाद। कार्ति चिदंबरम का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि एक सांसद के लिए यह शर्त न्यायोचित नहीं है और वह कहीं भागने वाले नहीं हैं।

# विशेष अदालत ने अमित शाह के खिलाफ मानहानि मामले को मजिस्ट्रेट अदालत भेजा

**भाषा।** कोलकाता

**सांसद** व विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे को न्यायाधिकार क्षेत्र की वजह से सोमवार को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत को भेज दिया। शाह के खिलाफ मानहानि का मुकदमा तृणमूल कांगेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने दायर कराया है।

अदालत ने इससे पहले शाह को समन जारी कर सोमवार को व्यक्तिगत रूप से या वकील के जरिए पेश होने को कहा था। अदालत ने उनके वकील ब्रजेश झा की इस दलील पर संज्ञान लिया कि शाह के जिस पते का उल्लेख किया गया है, वह गलत है।बनर्जी के वकील संजय बसु ने कहा कि दो पते अदालत में दिए गए हैं जिनमें से एक दिल्ली का और दूसरा अहमदाबाद का है। इससे पहले जो पता दिया गया था, वह कोलकाता स्थित भाजपा कार्यालय का था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि मामले को कोलकता के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत को भेजा जाए क्योंकि पता एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधिकार क्षेत्र से परे है। उल्लेखनीय है कि बिधाननगर स्थित विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में 19 फरवरी को शाह को समन जारी किया था। बसु ने दावा किया कि शाह ने 11 अगस्त 2018 को कोलकाता में आयोजित भाजपा की एक रैली में तृणमूल सांसद के खिलाफ मानहानि करने वाले कुछ बयान दिए थे।




पटना में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव नए किसान बिल और बजट सत्र का ट्रैक्टर चलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# चुनाव से पहले मोदी ने असम के लिए खोला खजाना

● कहा, पिछली सरकारों ने विकास की अनदेखी की

भाषा। धेमाजी (असम)

**चुनावी राज्य** असम के लिए अपनी सरकार का खजाना खोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद सालों तक देश पर शासन करने वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि उन्होंने दशकों तक राज्य व पूर्वोत्तर की अनदेखी की।

एक महीने में असम के अपने तीसरे दौरे में 3,222 करोड़ रुपए से ज्यादा की पेट्रोलियम क्षेत्र की तीन परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करते हुए मोदी ने सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार और केंद्र द्वारा पिछले कुछ सालों में विकास के संतुलन के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र किया। उन्होंने ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी किनारे पर 45 करोड़ रुपए की शुरुआती परियोजना लागत वाले धेमाजी इंजीनियरिंग कॉलेज का उद्घाटन किया और 55 करोड़ रुपए की लागत वाले सुआलकुची इंजीनियरिंग कॉलेज की आधारशिला रखी।

उन्होंने सात फरवरी को इस चुनावी राज्य में 9,310 करोड़ रुपए मूल्य की विभिन्न राष्ट्रीय आधारभूत परियोजनाओं की आधारशिला रखने के साथ ही कई परियोजनाओं को पूरा होने पर राष्ट्र को समर्पित किया था। इसके बाद 18 फरवरी को उन्होंने राज्य को 10 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी थी। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, जिन लोगों ने आजादी के बाद से दशकों तक शासन किया वो मानते थे कि दिसपुर दिल्ली से बहुत दूर था। दिल्ली अब दूर नहीं आपके दरवाजे पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने उत्तरी तट (ब्रह्मपुत्र से उत्तर वाले) क्षेत्र से सौतेली मां जैसा व्यवहार किया और संपर्क, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग की अनदेखी की। उन्होंने कहा, मैं पूर्व में राज्य के उत्तरी किनारे पर गोगामुक में आया था और कहा था कि असम और पूर्वोत्तर देश के विकास के नए इंजन बनेंगे और हम इस विश्वास को फलीभूत होते देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम सरकार के सतत प्रयासों के कारण 20 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित हुए हैं। नई शिक्षा नीति (एनईपी) के संदर्भ में उन्होंने कहा कि स्थानीय भाषाओं में पढ़ाने पर उसमें दिया जा रहा जोर गरीब परिवार के बच्चों को भी डॉक्टर और इंजीनियर बनने में मदद करेगा। मोदी ने कहा कि असम में 2014 तक महज 40 प्रतिशत परिवारों के पास रसोई गैस का कनेक्शन था वह भी तब जब राज्य तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी के मामले में समृद्ध है। उन्होंने कहा कि अब राज्य की लगभग समूची आबादी उज्ज्वला योजना के तहत आती है और एक करोड़ महिलाओं को फायदा हुआ है।उन्होंने कहा, गैस पाइपलाइन, ऑप्टिकल फाइबर तंत्र और पाइप से पेयजल आपूर्ति की पहल सिर्फ लोहे की पाइप और फाइबर नहीं हैं। ए भारत की नई भाग्य रेखाएं हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा में सुधार और आधारभूत सुविधाओं के विकास से असम और पूर्वोत्तर में लोगों का जीवन आसान होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

उन्होंने कहा कि शोधन व आपात स्थितियों के लिहाज से तेल भंडारण क्षमता को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा, असम को दुनिया भर में उसकी चाय, पर्यटन, हथकरघा और हस्तशिल्प के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र में वृद्धि से ज्यादा रोजगार पैदा होगा और आत्मनिर्भर भारत मिशन को मजबूती मिलेगी। चाय बागान कर्मियों के लिए मोदी ने कहा कि उनका जीवन स्तर सुधारना राज्य व केंद्र सरकार दोनों की प्राथमिकता है।प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कृषि कानूनों में संशोधन किया गया है कि किसानों की उपज अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने मछली पालन से जुड़े लोगों के लिए 20,000 करोड़ रुपए की योजना बनाई है और असम को इससे काफी फायदा होगा। मोदी ने कहा कि वह असम और अन्य चुनाव वाले राज्यों में चुनाव की घोषणा से पहले अधिक से अधिक बार दौरा करेंगे। चुनावों की घोषणा संभवत: मार्च के पहले सप्ताह में होगी।

## भारत अपनी रक्षा विनिर्माण क्षमता बढ़ाने को प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की रक्षा विनिर्माण क्षमता को तेज गति से बढ़ाने को प्रतिबद्धता दोहराते हुए सोमवार को कहा कि आजादी के पहले देश में सैकड़ों आयुध फैक्ट्रियां होती थीं जिनसे बड़े पैमाने पर हथियार बनाकर भेजे जाते थे लेकिन इस व्यवस्था को मजबूत नहीं बनाया गया। रक्षा क्षेत्र में केंद्रीय बजट प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाने की दिशा में उठाए गए कदमों का जिक्र किया। मोदी ने कहा, स्थिति ऐसी हो गई है कि छोटे हथियारों के लिए भी दूसरे देशों की ओर देखना पड़ता है। भारत सबसे बड़े रक्षा खरीददारों में शामिल है और यह गर्व का विषय नहीं है। उन्होंने कहा, ऐसा भारत जो मंगल ग्रह तक जा सकता है, वह आसानी से आधुनिक हथियारों का निर्माण कर सकता है। लेकिन विदेशों से हथियारों का आयात आसान रास्ता बन गया है।



मोदी ने कहा कि अब भारत स्थितियों को बदलने के लिए कठिन परिश्रम कर रहा है और देश अब अपनी रक्षा विनिर्माण क्षमता को तेज गति से बढ़ाने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आजादी के पहले हमारे यहां सैकड़ों आयुध फैक्ट्रियां होती थी। दोनों विश्व युद्धों में भारत से बड़े पैमाने पर हथियार बनाकर भेजे गए थे, लेकिन आजादी के बाद अनेक वजहों से इस व्यवस्था को उतना मजबूत नहीं किया गया, जितना किया जाना चाहिए था। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास हथियार एवं सैन्य उपकरण बनाने का सदियों पुराना अनुभव है, लेकिन देश की आजादी के बाद अनेक वजहों से इस व्यवस्था को उतना मजबूत नहीं किया गया। रक्षा बजट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसका एक हिस्सा यहां तक कि रक्षा पूंजी बजट के तहत घरेलू खरीद मद में रखा गया है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 के बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए 4.78 लाख करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं जो पूंजीगत आवंटन के हिसाब से करीब 19 प्रतिशत वृद्धि है।



जम्मू के गुलशन गार्डन में लगे हार्टी एक्सपो के दौरान जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट जनरल गवर्नर मनोज सिन्हा

# उच्च शिक्षा के स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए अनुपालन समिति गठित

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय शिक्षा** मंत्रालय ने उच्च शिक्षा से जुड़ी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों को समयबद्ध एवं चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए उच्च शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में 40 सदस्ईय अनुपालन समिति का गठन किया है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने भाषा को बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप सक्षम प्राधिकार की मंजूरी प्राप्त करके शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में एक अनुपालन समिति गठित करने का निर्णय किया गया। मंत्रालय के आदेश पत्र के अनुसार, अनुपालन समिति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष, आईआईटी परिषद की स्थाई समिति के अध्यक्ष को सदस्य बनाया गया है। उच्च शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव को इस समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। इसके अलावा, इस समिति में नीति आयोग के प्रतिनिधि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रतिनिधि, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रतिनिधि सदस्य बनाए गए हैं। अनुपालन समिति में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सहित कई अन्य मंत्रालयों के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। आदेश पत्र में कहा गया है कि अनुपालन समिति उच्च शिक्षा से जुड़ी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों को उपयुक्त एवं समयबद्ध तरीके से लागू करना सुनिश्चित करेगी ताकि नीति के लक्ष्यों को स्पष्ट एवं चरणबद्ध ढंग से हासिल किया जा सके। गौरतलब है कि पिछले महीने केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने नई शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन एवं लागू किए जाने से जुड़े विभिन्न आयामों की मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी और उस बैठक में अनुपालन समिति गठित किए जाने का सुझाव आया था। मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उच्च शिक्षा के स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन के संबंध में 181 कार्यो की पहचान की गई।

## मप्र में नवजातों के अवैध कारोबार का भंडाफोड़

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** मध्यप्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने दो नवजात बच्चों के अवैध कारोबार के बरसों पुराने मामलों के खुलासे का दावा करते हुए सात लोगों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। इनमें एक दाई और दो दम्पति शामिल हैं।एसटीएफ की इंदौर इकाई के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने सोमवार को बताया कि बच्चों के हितों में काम करने वाली गैर सरकारी संस्था चाइल्ड लाइन से मिले सुरागों के आधार पर जांच के बाद यह कार्वाई की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में इंदौर निवासी दाई लीलाबाई और नजदीकी शहर देवास में रहने वाले उसके दो सहयोगियों-पुष्पा और प्रभुदयाल को गिरफ्तार किया है। इनके साथ ही देवास तथा रतलाम से एक-एक दम्पति को भी गिरफ्तार किया गया है।

# राहुल ने कृषि कानूनों को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

भाषा। वायनाड (केरल)

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलनरत किसानों के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए सोमवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक ट्रैक्टर रैली में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि कृषि एकमात्र व्यवसाय है जिसका संबंध भारत माता से है।उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे सरकार को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर करें जिन्हें भाजपा नीत केंद्र सरकार ने लागू किया है। चुनावी राज्य केरल में अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड के दो दिन के दौरे पर आए गांधी ने मनरेगा को लेकर भी प्रधानमंत्री पर निशाना साधा।

गांधी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी ने मनरेगा का मजाक उड़ाया था, लेकिन उन्हें यह तथ्य स्वीकार करना पड़ा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार द्वारा लाई गई ग्रामीण रोजगार योजना ने कोविड-19 महामारी के दौरान देश के लोगों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कहा, पॉप स्टार ने भारतीय किसानों की स्थिति पर टिप्पणी की लेकिन भारत सरकार को इसमें रुचि नहीं है। उन्हें (सरकार को) जब तक मजबूर नहीं किया जाएगा, वे तीनों कानूनों को वापस नहीं लेंगे। वायनाड जिले के थ्रिक्काइपट्टा से मुत्तिल के बीच छह किलोमीटर लंबी ट्रैक्टर रैली के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, पूरी दुनिया भारतीय किसानों की परेशानी देख सकती है लेकिन दिल्ली की सरकार किसानों का दर्द नहीं समझ पा रही है। गांधी ने आरोप लगाया कि इन तीनों कृषि कानूनों को भारत की कृषि व्यवस्था को बर्बाद करने और पूरा कारोबार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो-तीन दोस्तों को देने के लिए बनाया गया है।उन्होंने कहा कि कृषि 40 लाख करोड़ रुपए के साथ देश का सबसे बड़ा कारोबार है और इससे करोड़ों भारतीयों जुड़े हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, कृषि एकमात्र व्यवसाय है जिसका संबंध भारत माता से है।



वायनाड में कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस की ट्रैक्टर रैली में शामिल हुए राहुल गांधी

# केरल सरकार ने ईएमसीसी के साथ विवादित एमओयू को रद्द करने का फैसला किया

भाषा। तिरुवनंतपुरम

**केरल सरकार** ने विपक्ष के गंभीर आरोपों के बाद अमेरिका की कंपनी ईएमसीसी इंटरनेशनल और केरल शिपिंग एंड इनलैंड नैविगेशन कॉरपोरेशन (केएसआईएनसी) के साथ दस्तखत किए गए विवादित एमओयू को सोमवार को रद्द करने का फैसला किया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने संबंधित अधिकारियों को समझौता को रद्द करने और जांच करने को कहा कि किस परिस्थिति में इस तरह के एमओयू (सहमति पत्र) पर दस्तखत हुआ। केएसआईएनसी के प्रबंध निदेशक एन प्रशांत और ईएमसीसी इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष शीजू वर्गीज ने 400 समुद्री नौकाओं, नए बंदरगाह और बंदरगाह विकास संबंधी गतिविधियों के लिए 2950 करोड़ रुपए के समझौते पर दस्तखत किए थे। हालांकि, विपक्ष के नेता रमेश



चेन्नीतला ने आरोप लगाया था कि यह एमओयू राज्य की जल सीमा में मछली पकड़ने से जुड़ी 5,000 करोड़ रुपए की बड़ी परियोजना का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राज्य की घोषित मत्स्य नीति के खिलाफ है और इससे लाखों मछुआरों के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। हालांकि, विजयन ने शनिवार को विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि समुद्र में मछली पकड़ने के संबंध में अमेरिकी कंपनी के साथ हुए समझौते से विदेशी कंपनी को समुद्र में मछली पकड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## पेज एक का शेष...

### परिवर्तन चाहता ...

गया है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्री शहर के दक्षिणी छोर पर कवि सुभाष स्टेशन से दक्षिणेश्वर तक की यात्रा महज एक घंटे से कुछ अधिक समय में कर सकेंगे। यह दूरी लगभग 31.3 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि सड़क से इस दूरी को तय करने में लगभग ढाई घंटे लगते हैं। मोदी ने कलाईकुंडा और झाड़ग्राम के बीच तीसरी लाइन, अज़ीमगंज से खगराघाट रोड खंड के दोहरीकरण, डानकुनी और बरुइपाड़ा के बीच चौथी लाइन और रसूलपुर और मगरा के बीच तीसरी लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'परिवहन सुविधाओं की बेहतरी से आत्मनिर्भरता और खुद पर भरोसे का हमारा संकल्प मजबूत होगा।'उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि सभी परियोजनाओं में 'मेड इन इंडिया' की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है, चाहे वह मेट्रो हो या रेलवे प्रणाली।' उन्होंने कहा कि नई लाइनों से भीड़ कम होगी और बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेट्रो रेलवे का विस्तार शहर के कालीघाट मंदिर और दक्षिणेश्वर काली मंदिर के बीच आसान और तेज कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।

### कोविड-19: लगातार...

रखें। संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए यह बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश के 74 प्रतिशत से अधिक सक्रिय मामले केरल और महाराष्ट्र में हैं। छत्तीसगढ़, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और मध्य प्रदेश में भी लगातार वृद्धि हो रही है। सबसे अधिक प्रभावित राज्य महाराष्ट्र में नए मामलों का सात-दिवसीय औसत 5,230 रहा। इससे पहले बीते 2 दिसंबर को यह संख्या 5,576 दर्ज की गई थी। सोमवार सुबह बीते 24 घंटे में 6,971 नए मामले दर्ज किए गए थे। यह 24 अक्टूबर के बाद सबसे अधिक है जब कोरोना मरीजों की संख्या 7,347 रही थी। दूसरे सबसे अधिक प्रभावित राज्य केरल में सोमवार सुबह सात दिनों के नए औसत मामले 4,361 आए। इस राज्य में बीते 24 घंटे में 4,070 नए मामले मिले। मंत्रालय के अनुसार 22 फरवरी तक 2,32,317 सत्रों में 1,11,16,854 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। इनमें 63,97,849 स्वास्थ्यकर्मियों को पहली खुराक, 9,67,852 स्वास्थ्यकर्मियों को दूसरी खुराक और 37,51,153 फ्रंटलाइन वर्कर्स को पहली खुराक दी गई है। कोविड-19 टीकाकरण की दूसरी खुराक के 13 फरवरी से अभियान शुरू हुआ था। यह टीका उन लोगों को लगाया गया जिनके पहले टीके को 28 दिन बीत गए। फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का टीकाकरण 2 फरवरी से षुरू हुआ। जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक शोध में कहा गया है कि महामारी के दौरान महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु जैसे अत्यधिक शहरीकृत आबादी वाले राज्य बेहद असुरक्षित हैं। भारत के ताजा आंकड़ों से भी यह पता चलता है कि मुंबई और दिल्ली जैसे अधिक शहरीकृत शहरों में महामारी की सबसे अधिक मार पड़ी है। इन शहरों में बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि कई कारकों को देखते हुए महामारी की दूसरी लहर व्यापक हो सकती है।

### योगी सरकार ने ...

अलावा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 600 करोड रुपए, नहरों और सरकारी नलकूपों से किसानों को मुफ्त पानी की व्यवस्था के लिए 700 करोड़ रुपए और किसानों को प्रारंभिक सहकारी कृषि ऋण समितियों के जरिए रियायती दरों पर फसली ऋण उपलब्ध कराने के मकसद से 400 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है प्रदेश के इस पहले दस्तावेज रहित बजट के तहत सभी सदस्यों को भी टैबलेट पर ही बजट उपलब्ध कराया गया। यह प्रदेश की योगी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का पांचवां बजट है। इस बजट में 27,598.40 करोड़ रुपए की नई योजनाओं का प्रस्ताव किया गया है। बजट में 90,729.80 करोड़ रुपए के राजकोषीय घाटे का अनुमान है जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 4.17 प्रतिशत है। बजट में 5,06,181.84 की कुल प्राप्तियां का अनुमान लगाया गया है। इनमें कुल 4,18,340.44 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्तियां और 87,841.40 करोड़ रुपए की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

खन्ना ने शायर मंजूर हाशमी की गजल के शेर यकीन हो तो कोई रास्ता निकलता है, हवा की ओट भी लेकर चिराग जलता है ....के साथ बजट भाषण को आगे बढ़ाते हुए कहा कि लंबे समय तक लॉकडाउन के कारण सरकार की राजस्व प्राप्तियां प्रभावित रहीं, मगर इसके बावजूद सरकार ने प्रभावी वित्तीय अनुशासन लागू किया। कर्मचारियों के वेतन और पेंशन का प्रवाह बना रहा और सार्थक कोशिशों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था फिर से गति पकड़ रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 202122 का बजट प्रदेश के समग्र एवं समावेशी विकास द्वारा प्रदेश के विभिन्न वर्गों का स्वावलंबन कर उनके सशक्तिकरण को समर्पित होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां इस बजट को सर्वसमाज के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर बताया। वहीं, विपक्ष ने इसे निराशाजनक और झूठ का पुलिंदा करार दिया। प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट कर कहा पेपरलेस बजट में किसान, मजदूर, युवा, नारी, कारोबारी, किसी के भी हाथ कुछ न आया, रह गए सबके हाथ खाली। बसपा मुखिया मायावती ने भी बजट को निराशाजनक करार देते हुए ट्वीट में कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज पेश बजट भी केन्द्र सरकार के बजट की ही तरह रोजगार आदि के मामले में अति-निराश करने वाला है। केन्द्र सरकार की तरह योगी सरकार के बजट में भी जनता को वायदे और हसीन सपने दिखाने का प्रयास किया गया है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि पेपरलेस बजट पर सरकार पीठ थपथपा रही है लेकिन यह सत्यहीन बजट है। इसमें किसानों और कृषि के लिए कोई योजना नहीं है।

### जेवर हवाई अड्डा ...

किया है। पूर्ण विकास होने के बाद यह भारत ही नहीं बल्कि एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा बन जाएगा। वित्तमंत्री ने कहा, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने केवल गौतमबुद्ध नगर बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास का ग्रोथ इंजन बनेगा। इस परियोजना के लिए 2000 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित की जा रही है। एयरपोर्ट के लिए पहले चरण का भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है। यह बजट दूसरे चरण के लिए जरूरी जमीन खरीदने के लिए आवंटित किया जा रहा है।

### कांग्रेस के हाथ ...

देकर कहा था कि विधायकों के इस्तीफे के कारण सरकार अल्पमत में आ गई है। रविवार को दो और विधायकों के इस्तीफे के बाद पिछले कुछ दिन में सत्ता पक्ष से इस्तीफा देने वालों की संख्या तीन हो गई थी। वहीं पूरे एक महीने में कांग्रेस-द्रमुक सत्ता पक्ष से कुल छह लोगों ने इस्तीफा दिया है। रविवार को कांग्रेस सदस्य के. लक्ष्मीनारायणन और द्रमुक सदस्य के. वेंकटेशन ने इस्तीफा दिया था। फिलहाल सदन में सदस्य संख्या के हिसाब से पार्टियों की स्थिति कुछ इस प्रकार है... कांग्रेस (विधानसभा अध्यक्ष सहित नौ), द्रमकु (दो), ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (सात), अन्नाद्रमुक (चार) भाजपा (तीन, सभी मनोनीत सदस्य, मताधिकार के साथ) और एक निर्दलीय (जो सरकार के साथ थे)। सदन में सात सीटें खाली हैं। इस्तीफा देने वालों में पूर्व मंत्री ए. नमशिवाय (अब भाजपा में) और मल्लाडी कृष्ण राव शामिल हैं।

### होटल में मृत...

दादरा और नागर हवेली से कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर 1989 में निर्वाचित हुए थे। वह 1989-2009 तक लगातार छह बार निर्वाचित होकर संसद भवन पहुंचे। इसके बाद उन्हें 2009 और 2014 के लोक सभा चुनावों में हार का सामना करना। हालांकि उन्होंने 17वीं लोकसभा में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की। डेलकर को 1989, 1991 और 1996 के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और 1998 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में सफलता मिली थी। वह दोबारा कांग्रेस में शामिल हो गए और 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार तो बने लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

### अमेठी में आशियाना...

में मकान के लिए जमीन की रजिस्ट्री करायी। उप निबंधक, गौरीगंज प्रवीण ओवराय ने बताया कि उनकी यह जमीन गौरीगंज की ग्राम सभा मेदन मवई में है।

### कोरोनिल पर ....

है।' सोमवार को आईएमए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि देश का स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते, पूरे देश के लोगों के लिए झूठ पर आधारित अवैज्ञानिक उत्पाद को जारी करना कितना न्यायसंगत है। क्या आप इस कोरोना रोधी उत्पाद के तथाकथित क्लिनिकल ट्रायल की समयसीमा बता सकते हैं? आईएमए ने कहा कि देश केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से स्पष्टीकरण चाहता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को स्वत: संज्ञान लेने के लिए भी पत्र लिखेगा। यह भारतीय चिकित्सा परिषद के नियमों का उल्लंघन है। आईएमए ने कहा कि डब्ल्यूएचओ से प्रमाणन की सरासर झूठी बात पर गौर करके इंडियन मेडिकल एसोसिशन हैरान है। गौरतलब है कि हरिद्वार स्थित पतंजलि आयुर्वेद ने कोविड-19 के उपचार के लिए कोरोनिल के प्रभावकारी होने के संबंध में शोध पत्र

## तीसरे और छठे वरीय खिलाड़ियों को हराकर स्नेहित सेमीफाइनल में

**पंचकूला।** एसएफआर स्नेहित सोमवार को तीसरे और छठे वरीय खिलाड़ियों को हराकर टेबल टेनिस राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तेलंगाना के 20 साल के स्नेहित ने हरमीत देसाई को 4-0 से हराने के बाद ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में क्वार्टर फाइनल में छठे वरीय सुष्मित श्रीराम को 4-। से शिकस्त दी। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीय शरत ने एंथोनी अमलराज को 4-। से हराया जबकि दूसरे वरीय जी साथियान ने सानिल शेट्टी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद 4-। से जीत दर्ज की। मानव ठक्कर ने भी रोनिक भांजा को इसी अंतर से हराया।

## भारत व द .अफ्रीका की महिला टीमों के बीच सात मार्च से शुरू हो सकती है श्रृंखला

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमों के बीच आठ मैचों की पूर्व निर्धारित श्रृंखला के सात मार्च से खेले जाने की संभावना है जिसके साथ घरेलू टीम के लिए लगभग 12 महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट की वापसी होगी। बीसीसीआई के अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई को बताया कि पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की यह श्रृंखला लखनऊ या कानपुर में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में हो सकती है। इस श्रृंखला के लिए भारत की 22 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। श्रृंखला के कार्यक्रम की अब तक घोषणा नही हुई है लेकिन क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के सूत्रों ने पुष्टि की है कि उनकी टीम इस हफ्ते भारत जाने की तैयारी में है।

## एक साल में अपनी पहली प्रतियोगिता के लिए तैयार है मैरीकोम

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के डर ने भारतीय मुक्केबाज एम सी मैरीकोम में प्रतिस्पर्धा की तीव्र इच्छा जगा दी है और वह अब पिछले एक साल में अपने पहले टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2020 में अधिकतर समय घर मे ही अभ्यास किया और डेंगू से उबरने के बाद पिछले महीने ही उन्होंने 15 दिन के लिए बेंगलुरू में शिविर में हिस्सा लिया था। वह पिछले साल जोर्डन में एशियाई क्वालीफायर्स के जरिए तोक्यो ओलंपिक में जगह बनाने के बाद अब वह स्पेन में बोक्साम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के जरिए पहली बार रिंग में उतरेंगी। यह टूर्नामेंट अगले सप्ताह शुरू होगा।

## अगले महीने रिंग में वापसी करेंगे विजेंदर, प्रतिद्वंद्वी की घोषणा शीघ्र

**नई दिल्ली।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह कोविड-19 महामारी के कारण एक साल से भी अधिक समय तक बाहर रहने के बाद अगले महीने रिंग में वापसी करेंगे और उनके प्रतिद्वंद्वी की घोषणा जल्द की जाएगी। यह मुकाबला भारत में होगा लेकिन इसके स्थान का खुलासा बाद में किया जाएगा।

# कप्तान क्या चाहते हैं ये समझता हूं : ईशांत

### ● इसी से टेस्ट कैरियर इतना लंबा हो सका

भाषा। अहमदाबाद




कपिल देव के बाद सौ टेस्ट खेलने वाले दूसरे भारतीय तेज गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़े ईशांत शर्मा ने कहा कि उनका टेस्ट कैरियर इतना लंबा इसलिए हो सका कि वह समझते थे कि कप्तान उनसे क्या चाहते हैं। ईशांत ने बांग्लादेश के खिलाफ 18 वर्ष की उम्र में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। इसके बाद वह अनिल कुंबले, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेले। कौन सा कप्तान उन्हें सबसे अच्छी तरह से समझ सका, यह पूछने पर उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , यह कहना मुश्किल है कि कौन मुझे सबसे अच्छा समझ सका लेकिन सभी मुझे अच्छे से समझते थे। कप्तान मुझे कितना समझते हैं, उससे ज्यादा जरूरी है कि मैं कप्तान को कितना समझता हूं। यह काफी महत्वपूर्ण है कि कप्तान मुझसे क्या चाहते हैं। यह स्पष्ट होने पर संवाद आसान हो जाता है। अब तक 99 टेस्ट में 302 विकेट ले चुके ईशांत सीमित ओवरों की टीम की हिस्सा नहीं है और आईपीएल में भी कुछ सत्र बाहर रहे। क्या इससे भी टेस्ट क्रिकेट में कैरियर लंबा करने में मदद मिली, यह पूछने पर उन्होंने कहा , मैं इसे अभिशाप में वरदान की तरह लेता हूं। ऐसा नहीं है कि मैं सीमित ओवरों का क्रिकेट खेलना नहीं चाहता लेकिन जब खेलने का मौका नहीं हो तो सबसे अच्छा है कि अभ्यास जारी रखो, मैं नहीं चाहता कि वनडे में चयन नहीं होने से टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन पर असर पड़े। कम से कम मुझे शुक्रगुजार होना चाहिए कि मैं एक प्रारूप तो खेल रहा हूं। ईशांत ने यह भी कहा , इसके यह मायने नहीं है कि अगर तीनों प्रारूप खेलता तो मैं सौ टेस्ट नहीं खेल पाता। शायद थोड़ा समय ज्यादा लगता। मैं 32 साल का हूं, 42 का नहीं। क्या कपिल देव का 131 टेस्ट का रिकार्ड उनके जेहन में है, यह पूछने पर उन्होंने कहा , 131 में समय लगेगा। मैं फिलहाल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के बारे में ही सोच रहा हूं। यह मेरा विश्व कप है और इसे जीतकर वनडे विश्व कप जीतने वाला ही अनुभव होगा। जिम्मी एंडरसन 38 वर्ष की उम्र में खेल रहे हैं, क्या वह भी ऐसा कर सकते हैं , यह पूछने पर ईशांत ने कहा , 38। मैं एक समय में एक मैच के बारे में ही सोचता हूं। आपको पता नहीं होता कि आगे क्या हो। अब मैं रिकवरी को लेकर अधिक पेशेवर हूं। पहले बहुत अभ्यास करता था लेकिन रिकवरी पर ध्यान नहीं देता था।

### गुलाबी गेंद के टेस्ट में सत्र दर सत्र बदल सकता है खेल : इशांत

**अहमदाबाद।** तेज गेंदबाज इशांत शर्मा का मानना है कि तीसरे टेस्ट में एक सत्र में ही खेल का रुख बदल सकता है क्योंकि भारत और इंग्लैंड नए स्टेडियम, नई पिच और अलग तरह की फ्लडलाइट में जब मैदान पर गुलाबी गेंद से खेलेंगे तो उन्हें नही पता होगा कि ए कैसे बर्ताव करेगी। भारत और इंग्लैंड की टीम बुधवार से सरदार पटेल स्टेडियम में दिन-रात्रि टेस्ट खेलेंगे। यह दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है जिसमें।,10,000 दर्शकों को बैठाने की क्षमता है। यह पूछने पर कि क्या भारतीय गेंदबाज सूर्यास्त के समय शॉर्ट गेंद की रणनीति का इस्तेमाल करेंगे, इशांत ने कहा, एक बार जब हम इस मैदान पर खेलने उतरेंगे तो हमें इस बारे में पता चलेगा क्योंकि इसका नवीनीकरण किया गया है और अभी मै कुछ नही कह सकता।

### फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद उमेश आखिरी दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में

**अहमदाबाद।** तेज गेंदबाज उमेश यादव को फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया जबकि शारदुल ठाकुर को विजय हजारे एक दिवसीय चैम्पियनशिप में खेलने के लिए रिलीज कर दिया गया। तीसरा टेस्ट यहां बुधवार से शुरू होगा। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा , टीम इंडिया के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने 21 फरवरी को मोटेरा पर फिटनेस टेस्ट दिया जिसमें वह खरे उतरे हैं। उन्हें मौजूदा पेटीएम भारत . इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट के लिए टीम मे रखा गया है। इसमें आगे कहा गया , शारदुल ठाकुर को विजय हजारे ट्रॉफी में भाग लेने के लिए छोड़ दिया गया है। ठाकुर मुंबई के लिए खेलते हैं। उमेश को दिसंबर में मेलबर्न में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के दौरान चोट लगी थी। आखिरी दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, रिधिमान साहा, आर अश्विन, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, ईशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव।

### मोटेरा पिच चेपक से अलग नहीं होगी : एंडरसन

भाषा। अहमदाबाद

इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि सरदार पटेल मोटेरा की नई तैयार की गई पिच पर अभी भले ही हरी घास दिख रही है लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि भारत के खिलाफ दिन रात्रि टेस्ट मैच के शुरू होने से पहले तक उसे काट दिया जाएगा। मोटेरा की पिच चेपॉक में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पिच से बहुत ज्यादा भिन्न नहीं होगी। पिच पर अभी घास है लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि जब मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेंगे तो पिच पर यह घास नहीं होगी। इसलिए हमें इंतजार करना होगा।

### टेस्ट बल्लेबाज होने का मतलब सभी परिस्थितियों में खेलना है : स्टोक्स

**अहमदाबाद।** भारत में स्पिनरों की मददगार पिचों को लेकर चर्चा को दरकिनार करते हुए इंग्लैंड के आलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा कि टेस्ट खिलाड़ियों को हर तरह की परिस्थितियों में खेलने का आदी होना चाहिए। बुधवार से शुरू होने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से पहले मोटेरा में नए सिरे से तैयार किए गए मैदान की पिच कैसा व्यवहार करेगी यह स्टोक्स को पता नहीं है लेकिन उनका मानना है कि शीर्ष स्तर के क्रिकेटरों को हर तरह की परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## हजारे ट्रॉफी : अश्विन के शतक से आंध्र ने तमिलनाडु को हराया

भाषा। इंदौर



अश्विन हेब्बार के नाबाद 101 रन की मदद से आंध्र ने विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच में तमिलनाडु को सात विकेट से हरा दिया। आंध्र के कप्तान जी हनुमा विहारी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। तमिलनाडु की टीम 41 . 3 ओवर में 176 रन पर आउट हो गई। बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज सी स्टीफन, आफ स्पिनर शोएब मोहम्मद खान ने तीन तीन और मध्यम तेज गेंदबाज गिरिनाथ रेड्डी ने दो विकेट लिए। गिरिनाथ ने सी हरि निशांत और एन जगदीशन की सलामी जोड़ी को क्रमश: चार और 11 के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा। तमिलनाडु का स्कोर दो विकेट पर 23 रन था। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली तमिलनाडु की टीम इन झटकों से उबर ही नहीं सकी। बाबा अपराजित ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि कप्तान दिनेश कार्तिक सात और एम शाहरुख खान 19 रन बनाकर आउट हो गए। जवाब में हेब्बार ने दूसरे छोर से विकेटों के पतन के बावजूद शतकीय पारी खेली। रिकी भुई ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 41 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाए, जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल थे। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की।

## श्रीसंत के पांच विकेट, यूपी की हार



**बेंगलुरू।** स्पॉट फिक्सिंग मामले में लगे प्रतिबंध के बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने लिस्ट ए क्रिकेट में 15 साल में पहली बार पारी के पांच विकेट लिए जिसकी बदौलत विजय हजारे ट्रॉफी में केरल ने उत्तर प्रदेश को तीन विकेट से हराया। सैतीस वर्ष के श्रीसंत का आईपीएल 2021 नीलामी की अंतिम सूची में चयन नहीं हुआ था। उन्होंने आठ साल में पहला लिस्ट ए मैच खेलते हुए 65 रन देकर पांच विकेट लिए। श्रीसंत ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के रूप में पहला विकेट लिया। इसके बाद डैथ ओवरों में वापसी करके उत्तर प्रदेश के कप्तान भुवनेश्वर कुमार, मोहसिन खान, अक्षदीप नाथ और शिवम शर्मा के विकेट लिए। भारत के लिए 27 टेस्ट, 53 वनडे और 10 टी20 खेल चुके श्रीसंत ने ओडिशा के खिलाफ शनिवार को 41 रन देकर दो विकेट लिए थे। उत्तर प्रदेश ने 49 . 4 ओवर में 283 रन बनाए।

## रामकुमार सिंगापुर ओपन से बाहर

भाषा। सिंगापुर

भारत के रामकुमार रामनाथन सोमवार को यहां अमेरिका के टेनी डेनियल के खिलाफ तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हारने से सिंगापुर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। विश्व में 200वीं रैंकिंग के रामकुमार ने पहले दौर का यह मुकाबला दो घंटे छह मिनट में 3-6, 7-6(3), 3-6 से गंवाया। रामकुमार के पास अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ ब्रेक प्वाइंट लेने के दो मौके थे लेकिन वह इनका फायदा नहीं उठा पाए। यह रामकुमार की डेनियल के खिलाफ दो मैचों में दूसरी हार है। इससे पहले वह 2012 में आईटीएफ फ्यूचर्स प्रतियोगिता में भी अमेरिकी खिलाड़ी से हार गए थे। रामकुमार ने युगल में पुरव राजा के साथ मिलकर जोड़ी बनाई है और उनका सामना कोरिया के एस केवोन और जापान के वाइ युचियामा से होगा। रोहन बोपन्ना, जीवन और एन श्रीराम बालाजी भी इस तीन लाख डालर इनामी हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के युगल में भाग ले रहे हैं। सभी की निगाहें हालांकि युकी भांबरी पर टिकी रहेंगी।

# मेस्सी के रिकार्ड 506वें मैच में बार्सिलोना ने खेला ड्रा

भाषा। बार्सिलोना




लियोनेल मेस्सी ने अपने रिकार्ड 506वें मैच में गोल दागा लेकिन इसके बावजूद कैडिज ने बार्सिलोना को।-। से ड्रा पर रोककर उसकी स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में खिताब की उम्मीदों को करारा झटका दिया। चैंपियन्स लीग में पेरिस सेंट जर्मेन से 4-। से हार के बाद बार्सिलोना को स्पेनिश लीग के मैच में जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन कैडिज को 88वें मिनट में पेनल्टी मिली जिसे स्थानापन्न अलेक्स फर्नांडिस ने गोल में बदल दिया। मेस्सी ने स्पेनिश लीग में रिकार्ड 506वें मैच में उतरकर 32वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके बार्सिलोना को आगे कर दिया था। इसके बाद भी बार्सिलोना को गोल करने के कई मौके मिले लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना लीग में अभी तीसरे स्थान पर है लेकिन वह शीर्ष पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से आठ अंक और दूसरे नंबर की टीम रीयाल मैड्रिड से पांच अंक पीछे है।

### अमेरिका ने ब्राजील को हराया

**ओरलैंडो।** क्रिस्टीन प्रेस और मेगान रैपिनो के गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबॉल टीम ने रविवार को यहां शीबिलीव्स कप में ब्राजील को 2-0 से शिकस्त दी। अमेरिका इस जीत से टूर्नामेंट की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। कनाडा ने एक अन्य मैच में अर्जेंटीना को।-0 से हराया। राउंड रोबिन टूर्नामेंट बुधवार को समाप्त होगा जबकि अमेरिका का मुकाबला अर्जेंटीना और कनाडा का ब्राजील से होगा।

### मैनचेस्टर सिटी की लगातार 18वीं जीत, टोटैनहैम फिर हारा

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 18वीं जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की जबकि टोटैनहैम को एक और हार का सामना करना पड़ा। टोटैनहैम ने तीन महीने पहले सिटी को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया था।

### मोंटेनेग्रो युवा मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारतीय महिला मुक्केबाजों को पांच स्वर्ण

भाषा। नई दिल्ली

बेबीरोजिसाना चानू (51 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (69 किग्रा) ने दो और स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम मोंटेनेग्रो के बुदवा में चल रहे 30वें एड्रियाटिक पर्ल टूर्नामेंट में कुल पांच स्वर्ण के साथ शीर्ष पर रही। लकी राणा (64 किग्रा) को रजत पदक मिला। भारतीय महिला टीम ने कुल 10 पदक (पांच स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य) के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान दो स्वर्ण पदक जीतकर दूसरे जबकि एक स्वर्ण पदक जीतने वाला चेक गणराज्य तीसरे स्थान पर रहा। खेलो इंडिया खेलों की तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति ने रविवार को यूक्रेन की मेरियाना स्टोइको को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। चानू ने करीबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान की एशियाई जूनियर चैंपियन सबीना बोबोकुलोवा को 3-2 से शिकस्त दी। लकी को हालांकि फिनलैंड की मुक्केबाज लिया पुकिला के खिलाफ 0-5 की शिकस्त के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

**सर्वसाधारण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार शुभम शुक्ला अपनी संपति प्लॉट न. 49, वेस्टर्न एरिया 72 वर्ग गज मु. न. 31, किला न. 21/2/2, मु. न. 33, किला न. ½, ¼, 1/3 1/1, बल्लभगढ़, फरीदाबाद को सेटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के साथ बंधक रख रहा है. शुभम शुक्ला ने उक्त संपति से सम्बंधित मूल विक्रय विलेख जिसे सतीश चंद ने पारस शुक्ला के पक्ष मे किया था जिसका पंजीकरण उप पंजीयक – बल्लभगढ़, मे क्रमांक न. 573 पर दिनांक 03.05.1995 को हुआ है, जिसके बारे मे शिकायत हरयाणा पुलिस मे की गई है, अतः यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय मेरा पक्षकार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा अतः अगर किसी भी व्यक्ति को उक्त विक्रय विलेख मिला है या किसी को उक्त संपति के सम्बंध मे कोई दावा या अधिकार है तो वह व्यक्ति इस प्रकाशन के 8 दिनों के अंदर नीचे लिखे न. पर संपर्क कर के उक्त दस्तावेज को सौप दे तथा अपने दावे की जानकारी दे दे.

एडरेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. 760, द्वारका कोर्ट
सेक्टर-10, द्वारका, नई देल्ली-75
M:-9899013918

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that Shri Laxman Choudhary S/o Late Dhanai Choudhary and Smt. Sumitra W/o Shri Laxman Choudhary both R/o Plot no.28, Gali No.15. Siddarthi Enclave, Uttam Nagar, Delhi, have severed all our relations with our son Mukesh Choudhary and his wife Seema Choudhary and hereby debarred them from inheriting any our properties movable and immovable in all respects, and all responsibilities. They will have no right title or any kind of charge on all our assets movable and immovable.

Shanker Chhabra (Advocate)
M.: 986815 5555

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Surender Dutt Sharma is owner of MIG Flat No. DA/403, Second Floor, Pocket -A, Sector-D, Shalimar Bagh, Delhi. (the said property" by virtue of sale deed dated 28.02.2006, Registration No. 3557, executed by Mrs. Preeti Puri, All persons are hereby informed that above mentioned owner want take Loan from ICICI Bank Ltd. against the said property, if anybody has any objection/s upon the said sale deed / said property and its ownership /Mortgage, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Dr. Soheila Mostafavi Daughter of Javed Mostafavi is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for naturalization and that any person who knows any reason why naturalization should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Secretary.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिये)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिंकु पुत्र इशाम सिंह, निवासी झुग्गी नं. B-123, शाहबाद डेयरी, दिल्ली** एवं सुरेन्द्र पुत्र बीसे, निवासी **B-3177, शाहबाद डेयरी, दिल्ली ने मुकद्दमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 196/198 दिनांक 27-04-2019 धारा 307/34 भा.द.स. एवं 27/54/59 हथियार अधिनियम के तहत थाना शाहबाद डेयरी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रिंकु व बीसे** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रिंकु व बीसे** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामिल से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 196/198 दिनांक 27-04-2019 धारा 307/34 भा.द.स. एवं 27/54/59 हथियार अधिनियम के तहत थाना शाहबाद डेयरी दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों **रिंकु व बीसे** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25-03-2021** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री वैभव मेहता
महानगर दण्डाधिकारी–05,
कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/780/ON/2021

## एनटीपीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफइंडिया नेशनल अवार्ड्स- 2020 में चार पुरस्कार प्राप्त किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया नेशनल अवार्ड्स. 2020 में 4 पुरस्कार प्राप्त किए हैं। एनटीपीसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस टीम को पूरे वर्ष टीम द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। हाल ही आयोजित एक वर्चुअल समारोह में एनटीपीसी को इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि बेबी रानी मौर्य राज्यपाल उत्तराखंड और केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। एनटीपीसी स्कोप ने विशेषध्प्रतिष्ठित प्रकाशन श्रेणी में कॉमिक बुक मीट द बिजलीज के लिए पहला पुरस्कार जीता। एनटीपीसी स्कोप को अंग्रेजी में सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट फिल्म श्रेणी के लिए, दूसरा पुरस्कार भी मिला। एनटीपीसी मौदा को अपने ई-न्यूजलेटर के लिए तीसरा पुरस्कार मिला। एनटीपीसी ऊंचाहार और एनटीपीसी सिम्हाद्री को भी सीएसआर श्रेणियों में उनके काम के लिए सम्मानित किया गया। जूरी के सदस्यों में सार्थक बेहुरिया, पूर्व अध्यक्ष, एसएमओपीई और आईओसीएलएल डॉ.केके. अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सुश्री स्तुति कक्कड़, पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, सुश्री येशी सेली, एसोसिएट एडिटर, बिजनेस इंडिया, श्री शिशिर सिन्हा, एसोसिएट एडिटर, द हिंदू, श्री वाई बाबजी, महासचिव, पीआरएसआई और डॉ. अजीत पाठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, पीआरएसआई शामिल थे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**LOST & FOUND**

I, Shanti Rungta Wife of Mr. Nand Kishore Rungta, lost my share certificate of Property No. B-48, Plot No. 20, Eden Tower, Sector-5, Dwarka, New Delhi. Founder send to Mr. Prateek Sharma at 101, Pragati Tower, 26, Rajendra Place, New Delhi-110008.
PD(8926)A

**CHANGE OF NAME**

I, Sandeep Singh Negi, S/o. Thakur Singh Negi, R/o. 156/1, Chouhan Niwas, Society Area Po-Clement Town, Dehradun, Uttarakhand-248002 have changed my name from Sandeep Singh Negi to Sameed Ali on 19.02.2021 for all purposes.
PD(8928)A

**CHANGE OF RELIGION**

I, Sandeep Singh Negi, S/o. Thakur Singh Negi, R/o. 156/1, Chouhan Niwas, Society Area Po-Clement Town, Dehradun, Uttarakhand-248002 have changed my religion from Hindu to Islam (Muslim) w.e.f. 19.02.2021.
PD(8929)A

# सेंसेक्स 1,145 अंक टूटा, निफ्टी 14,700 अंक से नीचे







## निवेशकों की 3.7 लाख करोड की पूंजी डूबी

**नई दिल्ली।** बीएसई सेंसेक्स में जोरदार गिरावट से सोमवार को निवेशकों की 3.7 लाख करोड़ रुपए की पूंजी डूब गई। सेंसेक्स में पिछले दो माह में यह एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। कारोबार बंद होने के समय बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,71,883.82 करोड़ रुपए घटकर 2,00,26,498.14 करोड़ रुपए रह गया। 19 फरवरी को बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,03,98,381.96 करोड़ रुपए था। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सोमवार को।,145 अंक या 2.25 प्रतिशत टूटकर 49,744.32 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई।

### ● मंदड़ियों की गिरफ्त में शेयर बाजार

भाषा। मुंबई

शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में भी जारी रहा। बाजार में चले व्यापक बिकवाली दौर के बीच सेंसेक्स।,145 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 14,700 अंक के स्तर से नीचे आ गया। वैश्विक बाजारों के नकारात्मक रुख ने भी बाजार धारणा को प्रभावित किया। हालांकि, आश्चर्यजनक रूप से रुपये में मजबूती का रुख रहा, लेकिन इससे निवेशकों की धारणा को बल नहीं मिल पाया। कारोबारियों ने कहा कि कई राज्यों में कोविड-19 संक्रमण के मामले बढ़ने तथा मूल्यांकन के मोर्चे पर चिंता से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स।,145.44 अंक यानी 2.25 प्रतिशत के नुकसान से 49,744.32 अंक पर नीचे आ गया। यह सेंसेक्स में दो माह में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 306.05 अंक यानी 2.04 प्रतिशत टूटकर 14,700 अंक से नीचे 14,675.70 अंक पर बंद हुआ। इस तरह पिछले पांच सत्रों में सेंसेक्स 2,409.81 अंक और निफ्टी 639 अंक टूट चुका है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में डॉ. रेड्डीज का शेयर सबसे अधिक 4.77 प्रतिशत टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक और टीसीएस के शेयर भी नुकसान में रहे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से सिर्फ तीन... ओएनजीसी, एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक में 1.14 प्रतिशत तक का लाभ रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वायरस के मामले बढ़ने की वजह से आर्थिक अंकुश बढ़ रहे हैं। इसके अलावा वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बांड पर प्राप्ति बढ़ने तथा मुद्रास्फीति में वृद्धि की वजह से वैश्विक स्तर पर स्थिति कमजोर हुई है। इससे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का प्रवाह भी सुस्त पड़ा है। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 1.34 प्रतिशत तक नीचे आए।

### रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 72.49 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** वृहद आर्थिक आंकड़ों में सुधार की उम्मीद तथा विदेशी निवेशकों के जारी निवेश के दम पर सोमवार को रुपए में बड़ी तेजी रही। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, अंतरबैंकिंग मुद्रा बजार में रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 72.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।कारोबार की शुरुआत में रुपया मजबूत होकर 72.58 प्रति डॉलर पर खुला। इसने कारोबार के दौरान 72.29 रुपए प्रति डॉलर के दिवस के उच्चतम स्तर तथा 72.58 प्रति डॉलर के दिवस के निचले स्तर को छूआ।यह अंततः 72.49 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले दिन के बंद भाव की तुलना में 16 पैसे की वृद्धि है।

### बजट बाद बांड प्राप्ति ०.31 प्रतिशत बढ़ी, पहली छमाही में 16 साल के निचले स्तर पर थी : रिपोर्ट

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान बाजार कर्ज लक्ष्य को बढ़ाकर 23 लाख करोड़ रुपए किए जाने के बाद बांड प्रतिफल 0.31 प्रतिशत बढ़कर छह प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि रिजर्व बैंक को शॉर्ट-सेलर्स पर अंकुश के जरिए इसे नियंत्रण में लाना चाहिए। एसबीआई रिसर्च की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ने केंद्र के ऋण प्रबंधन में तत्परता से सहयोग दिया है।

## अर्थव्यवस्था के सतत पुनरुद्धार के लिए वृद्धि की रफ्तार तेज करने की जरूरतः दास

भाषा। मुंबई



अर्थव्यवस्था के सतत पुनरुद्धार को मजबूत करने और तेजी से कोविड-19 के पूर्व के स्तर पर पहुंचने के लिए वृद्धि की रफ्तार को तेज करने की जरूरत है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पिछली बैठक में ब्याज दरों को यथावत रखने की वकालत करते हुए यह बात कही। बैठक के सोमवार को जारी ब्योरे से यह जानकारी मिली है। एमपीसी के सभी छह सदस्यों ने तीन फरवरी को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में रेपो दर को चार प्रतिशत पर यथावत रखने के पक्ष में मत दिया। सभी सदस्यों ने इसके लिए समान कारण बताए। बैठक के ब्योरे के अनुसार, दास ने कहा, हालांकि, वृद्धि अभी असमतल है, लेकिन यह रफ्तार पकड़ रही है। इसके अलावा देश में टीकाकरण कार्यक्रम शुरू होने के साथ परिदृश्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

**हिन्दुस्तान अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः 7वां तल, कंचनजंगा बिल्डिंग, 18 बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001
सीआईएन : एल31300डीएल1959पीएलसी003141 ई–मेलः investors@hindusthan.co.in, वेबसाइट : www.hindusthanurban.com फोन : +91–11–23310001–05

**सदस्यों को सूचना**

एतद्द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 ("नियमावली"), सामान्य बैठकों के विषय में सचिवीय मानकों, (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीयन नियमावली") के विनियम 47, जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 22/2020 दिनांकित 15 जून, 2020 तथा जनरल सर्कुलर नंबर 2/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा किसी अन्य लागू कानून एवं विनियमों के प्रावधानों के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि विशेष प्रस्ताव के द्वारा पारित किए जाने के लिए निम्नलिखित व्यवसाय हेतु कम्पनी के सदस्यों का अनुमोदन डाक मतदान के माध्यम से (केवल रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से) मांगा जा रहा है।

1. संस्था ज्ञापन के उद्देश्य क्लॉज में संशोधन
2. संस्था ज्ञापन के दायित्व क्लॉज में संशोधन

सभी सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि :

1. कम्पनी सोमवार, 22 फरवरी, 2021 को डाक मतदान की सूचना ई–मेल द्वारा उन शेयरधारकों को भेज चुकी है, जो अपना ई–मेल पता कम्पनी/आरटीए अथवा अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीकृत करवा चुके हैं। कोविड–19 वैश्विक महामारी के जारी हालात को ध्यान में रखते हुए सामाजिक दूरी बनाए रखने तथा एमसीए सर्कुलर्स की अपेक्षाओं के अनुपालन में डाक मत पत्रों तथा पूर्व–प्रदत्त व्यावसायिक जवाबी लिफाफे के साथ डाक मतदान की सूचना की हार्ड कॉपी सदस्यों को इस डाक मतदान हेतु नहीं भेजी जाएगी और शेयरधारकों को अपनी सहमति या असहमति केवल रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से व्यक्त करनी होगी।
2. कम्पनी अधिनियम और सूचीयन विनियमावली के अनुपालन में इसके सदस्यों को उनका वोट नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") द्वारा उपलब्ध कराई गई ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा डालने की सुविधा प्रदान कर हर्षित है। रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान मंगलवार, 23 फरवरी, 2021 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगा तथा बुधवार, 24 मार्च, 2021 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगा। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग प्लेटफार्म निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
3. सदस्यों के मतदान अधिकार के निर्धारण हेतु कट–ऑफ तिथि शुक्रवार, 22 फरवरी, 2021 है।
4. कम्पनी के निदेशक मंडल ने श्री कपूर चंद गर्ग, मैसर्स केसीजी ऐंड एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज, नई दिल्ली के स्वामी को ई–वोटिंग के निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।
5. डाक मतदान सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.hindusthanurban.com पर Investor relationship section के अंतर्गत और एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर प्रकाशित की जा चुकी है।
6. डाक मतदान संबंधी अद्यतन स्टॉक एक्सचेंज को भी सूचित किए जा चुके हैं, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं तथा उनको www.bseindia.com पर देखा जा सकता है।
7. ई–वोटिंग के परिणाम संवीक्षक की रिपोर्ट सहित बृहस्पतिवार, 25 मार्च, 2021 को कम्पनी की वेबसाइट www.hindusthanurban.com के माध्यम से घोषित किए जाएंगे तथा बीएसई लिमिटेड को भी सूचित किए जाएंगे।
8. ई–वोटिंग हेतु प्रक्रिया सूचना में तथा https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है। ई–वोटिंग के संबंध में किसी संदेह अथवा समस्या की स्थिति में, कृपया https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में शेयरधारकों हेतु अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज) और ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा टोलफ्री नंबर 180022990 पर कॉल करें अथवा श्री अमित विशाल, सीनियर मैनेजर, एनएसडीएल को amitv@nsdl.co.in/022–24994360 या evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें। अन्य पूछताछ/शिकायत के लिए कृपया आरटीए से स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, डी–153 ए, प्रथम तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नई दिल्ली–110020, virenr@skylinerta.com/011-41044923 पर सम्पर्क करें।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्तेहिन्दुस्तान अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
हस्ता./–
एम.एल. बिरमीवाला
अध्यक्ष – वित्त एवं सचिव
एफसीएस नंबर 1037

तिथि : 22–02–2021
स्थान : नई दिल्ली

# अमेरिका अलगाववादी ताकतों का समर्थन बंद करे : चीन

भाषा। बीजिंग



**चीन ने** सोमवार को अमेरिका से सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) और उसकी एक दलीय राजनीतिक प्रणाली को बदनाम नहीं करने और ताइवान, तिब्बत, हांगकांग एवं शिनजियांग में अलगाववादी ताकतों का समर्थन नहीं करने की अपील की।

चीन-अमेरिका संबंध के विषय पर आयोजित वार्षिक लैंटिंग फोरम में विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि बाइडन प्रशासन को अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन कठोर नीतियों पर विचार करना चाहिए जिसे उन्होंने चीन के बढ़ते प्रभाव पर लगाम लगाने के लिए उठाया था।वांग ने कहा, हमारी मंशा अमेरिका को चुनौती देने या उसे हटाने की नहीं है। हम शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए तैयार हैं और अमेरिका के साथ साझा विकास चाहते हैं। उन्होंने कहा, इसी तरह हम आशा करते हैं कि अमेरिका चीन के बुनियादी हितों, राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और विकास के अधिकार का सम्मान करेगा। हम अमेरिका से सीपीसी और चीन की राजनीतिक प्रणाली को बदनाम नहीं करने, उसके खिलाफ गलत शब्दों से बचने का अनुरोध करते हैं।

विदेश मंत्री ने कहा, साथ ही हम चाहते हैं कि अमेरिका ताइवान की आजादी की मांग करने वाले अलगाववादी ताकतों का समर्थन नहीं करे तथा हांगकांग, शिनजियांग एवं तिब्बत से संबंधित चीन के आंतरिक मामलों में उसकी संप्रभुता एवं सुरक्षा को कमतर करना बंद करे। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अमेरिका जल्द से जल्द उसकी नीतियों को ठीक करेगा। वह चीनी मालों पर बिना वजह लगाए गए कर, चीनी कंपनियों, अनुसंधान एवं शैक्षणिक संस्थानों पर लगाए गए एकतरफा प्रतिबंधों को हटाएगा और चीन पर बेवजह दबाव बनाना बंद करेगा। चीन और अमेरिका के संबंध वर्तमान में ठीक नहीं चल रहे हैं। दोनों देशों के बीच कोरोना वायरस महामारी के उद्भव, दक्षिण चीन सागर में बढ़ती सैन्य गतिविधि और मानवाधिकार समेत कई मुद्दों को लेकर टकराव चल रहा है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 11 फरवरी को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से करीब दो घंटे से अधिक बात की थी और कहा था कि चीन के मानवाधिकार उल्लंघन का नतीजा ठीक नहीं होगा।विदेश मंत्री ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों के प्रभावी समाधान के लिए उन्हें हर क्षेत्र में व्यापक बातचीत करनी चाहिए।उन्होंने कहा, चीन वार्ता के लिए हमेशा से तैयार है।

समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता करने और अमेरिका की ओर से भी सार्थक बातचीत के लिए तैयार हैं। वांग ने कहा, हम जानते हैं कि अमेरिका का नया प्रशासन अपनी विदेश नीति की समीक्षा और आकलन कर रहा है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका के नीति निर्माता समय के साथ तालमेल बनाएंगे, दुनिया के रुख को देखेंगे, पक्षपातपूर्ण रवैया को छोड़ेंगे, गैर जरूरी संदेह नहीं करेंगे और चीन-अमेरिका संबंधों में बेहतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए चीन को लेकर पुरानी नीति पर लौटेंगे।

राष्ट्रपति बाइडन ने भी चीन के साथ फिर से रिश्ते सुधारने और अमेरिकी कूटनीति में नरमी लाने पर जोर दिया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह चीन को लेकर अमेरिका की नीतियों में कोई बदलाव करेंगे या नहीं।



म्यांमा में प्रदर्शनकारियों के हड़ताल के आह्वान के खिलाफ जुंटा की कार्रवाई की धमकी के बावजूद हजारों लोग प्रदर्शन करते हुए

# जुंटा की धमकी के बावजूद सड़कों पर उतरे लोग

● कई सड़कें बंद होने बाद भी अमेरिकी दूतावास के पास एकत्रित हुए लोग

एपी। यांगून

**म्यांमा में** प्रदर्शनकारियों के हड़ताल के आह्वान के खिलाफ जुंटा की कार्वाई की धमकी के बावजूद हजारों लोग यांगून में अमेरिकी दूतावास के पास एकत्रित हो गए।म्यांमा में सेना ने एक फरवरी को तख्तापलट करते हुए आंग सान सू ची समेत कई प्रमुख नेताओं को हिरासत में ले लिया था। तख्तापलट के खिलाफ कई शहरों में लोग विभिन्न प्रतिबंधों के बावजूद प्रदर्शन कर रहे हैं।कई सड़कों के बंद होने के बावजूद हजारों प्रदर्शनकारी यांगून में अमेरिकी दूतावास के पास एकत्रित हो गए। साथ ही सेना के 20 ट्रकऔर दंगा रोकने वाली पुलिस भी वहां पहुंच गई है।इन प्रदर्शनों की अगुवाई करने वाले सिविल डिसोबीडीअन्स मूवमेंट ने लोगों से सोमवार को हड़ताल करने का आह्वान किया है। वहीं, सरकारी प्रसारक एमआरटीवी पर जुंटा ने रविवार देर रात हड़ताल के खिलाफ कार्वाई करने की आधिकारिक घोषणा की।स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल ने कहा था, ऐसा पाया गया है कि प्रदर्शनकारियों ने 22 फरवरी को दंगा करने और अराजकता फैलाने के लिए भीड़ को भड़काया है। प्रदर्शनकारी अब लोगों को भड़का रहे हैं, खासकर युवकों को...टकराव के इस रास्ते पर जान को खतरा हो सकता है।

# तंजानिया के राष्ट्रपति ने देश में कोविड-19 की मौजूदगी की बात आखिरकार स्वीकार की

एजेंसी। नैरोबी (केन्या)



**तंजानिया के** राष्ट्रपति जॉन मगुफुली ने कई महीनों तक प्रार्थना के जरिए कोविड-19 को मात देने का दावा करने के बाद आखिरकार अब देश में वायरस के मामले होने बात स्वीकार कर ली है।

मगुफुली ने रविवार को पूर्वी अफ्रीकी देश के लोगों से एहतियाती उपाय करने और मास्क पहनने का अनुरोध किया। उन्होंने महामारी के दौरान कोविड-19 टीकों सहित विदेश में निर्मित सामानों को लेकर आगाह भी किया।राष्ट्रपति का यह बयान जांजीबार के उपराष्ट्रपति के निधन के कुछ दिन बाद आया है। उनकी पार्टी ने नेता के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की थी। राष्ट्रपति के मुख्य सचिव का भी हाल ही में निधन हो गया था, लेकिन मौत के कारण का खुलासा नहीं किया गया है।मुख्य सचिव के अंतिम संस्कार के मौके पर मगुफुली ने अनिर्दिष्ट श्वसन बीमारियों से निपटने के लिए लोगों से तीन दिन की प्रार्थना में शामिल होने का आग्रह किया।यह बयान राष्ट्रीय प्रसारक पर शुक्रवार को प्रसारित किया गया था। तंजानिया ने पिछले साल अप्रैल से ही देश में कोविड-19 के मामलों को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है और राष्ट्रपति लगातार इस बात का दावा करते रहे हैं कि इसे मात दी जा चुकी है।तंजानिया में कोविड-19 के आधिकारिक तौर पर केवल 509 मामले हैं, लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि कई लोगों ने सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत की है और अस्पतालों में निमोनिया के मरीज भी बढ़े हैं।विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम ने शनिवार को एक बयान में कहा था कि तंजानिया का वायरस की समस्या को स्वीकार करना उसके नागरिकों, पड़ोसी देशों और विश्व के लिए काफी अच्छा होगा। ट्रेडोस ने मगुफुली से कड़ी कार्वाई करने का अनुरोध भी किया था।

# म्यांमा को लेकर बढ़ी चिंता के बीच संरा मानवाधिकार परिषद का सत्र शुरू

UNITED NATIONS

एपी। जिनेवा

**म्यांमा में** सैन्य तख्तापलट, रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की गिरफ्तारी और इथियोपिया एवं श्रीलंका जैसे देशों की स्थिति को लेकर बढ़ी चिंता के बीच संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष मानवाधिकार निकाय की वर्ष 2021 में पहली उच्च स्तरीय बैठक सोमवार को शुरू हुई।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की चार हफ्ते तक चलने वाले सत्र के तहत उच्च स्तरीय चर्चा में कई राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री शामिल होंगे। इनमें वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के भी संबोधित करने का कार्यक्रम है, जिनकी सरकार पर विरोधियों के खिलाफ हिंसक कार्वाई करने के आरोप लगे हैं। अमेरिका भी करीब ढाई साल के बाद परिषद की कार्यवाही में भागीदारी करेगा। ढाई साल तक तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में अमेरिका परिषद से हट गया था।

इस सत्र में चीन द्वारा उइगर मुसलमानों के प्रति रवैया, इथियोपिया सरकार द्वारा तिग्रे इलाके में कार्वाई, निकारगुआ जैसे देशों में सरकार प्रायोजित हिंसा आदि पर चर्चा होने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा, दुनिया के हर कोना मानवाधिकार उल्लंघन की बीमारी से जूझ रहा है। परिषद के एजेंडे में म्यांमा में इस महीने की शुरुआत में सैन्य तख्तापलट एवं उसके बाद शुरू हुए प्रदर्शन को दबाने के लिए हिंसक कार्वाई शीर्ष पर है।



बीकासी(इंडोनेशिया) में भारी बारिश के बाद कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश हवाई अड्डे पर पकड़ा गया 12 लाख डॉलर का सोना

**ढाका।** बांग्लादेश में सोमवार को शाह अमानत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियो ने सरकारी विमानन कंपनी के एक विमान से लगभग 12 लाख डॉलर मूल्य की सोने की 150 ईंट बरामद की है। मीडिया में प्रकाशित एक खबर में यह जानकारी सामने आई। सीमा शुल्क विभाग में सहायक आयुक्त नूरून्नहर लिली ने बीडी न्यूज को बताया कि अबू धाबी से लौट रहे बिमान बांग्लादेश के विमान बीजी-128 से 17.4 किलोग्राम की सोने की ईंट जब्त की गई है। अधिकारियो ने कहा कि हाल के महीनों में बांग्लादेश में तस्करी कर लाए गए और जब्त किए गए सोने की यह सबसे अधिक मात्रा है। सहायक आयुक्त ने कहा, हमने 150 ईंट बरामद की है जिनका वजन 17.4 किलोग्राम है। यात्री सीट के ऊपर एसी पैनल की तलाशी करने पर यह सोना मिला। लिली ने समाचार वेबसाइट को बताया कि सोने की कीमत 12 लाख अमेरिकी डॉलर (10 करोड़ टका) है। उन्होंने कहा कि तस्करों की पकड़ने की कोशिश जारी है।

### अलबामा में विमान दुर्घटना में पायलट और प्रशिक्षु की मौत

**मोंटगोमरी (अमेरिका)** । अमेरिका के अलबामा में प्रशिक्षण के कार्य में लगे एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक फ्लाइंग प्रशिक्षक और जापानी वायु आत्म रक्षा बल के एक प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई। अमेरिकी वायु सेना ने इस बारे में बताया।वायुसेना ने रविवार को फ्लाइंग प्रशिक्षक का नाम जारी किया। मोंटगोमरी के निकट शुक्रवार को टी-38सी तालोन प्रशिक्षु विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उनकी मौत हो गई। उनकी पहचान 24 वर्षीय स्कॉट एम्स जूनियर के रूप मे हुई। वह इंडियाना के पेकिन के रहनेवाले थे। वही प्रशिक्षु पायलट का नाम अभी जारी नही किया गया है। उनका नाम जापान से संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी किया जाएगा। कर्नल सेथ ग्राहम (14वें फ्लाइंग ट्रेनिंग विंग कमांडर) ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम एक परिवार की तरह है और हमारी टीम के दो सदस्यों की मौत से हम शोक में है। घटना की वजह का पता लगाने के लिए जांच जारी है। विमान शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मोटगोमरी मे डेनेली फील्ड के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### मैक्सिको के वेराक्रूज में वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, छह सैन्यकर्मियों की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के वेराक्रूज राज्य में सेना के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण छह सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। मैक्सिको के रक्षा मंत्री ने रविवार को एक बयान में बताया कि हादसा रविवार सुबह उस समय हुआ, जब वायुसेना का लियरजेट 45 जालपा शहर के हवाईअड्डे से उड़ान भर रहा है। बयान में यह नही बताया गया कि हादसा किस कारण हुआ या विमान में कितने लोग सवार थे। इसमें बताया गया कि सेना के छह कर्मी इस हादसे में मारे गए और मामले की जांच जारी है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि विमान ने उड़ान भरी और उसमें आग लग गई।

### पाक में आतंकवादियों ने चार महिला कार्यकर्ताओं की हत्या की

**पेशावर।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर कबायली क्षेत्र में सोमवार को संदिग्ध आतंकवादियो ने गैर सरकारी संगठन के कार्यकर्ताओं को ले जा रहे एक वाहन पर हमला किया जिससे उसमें सवार चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि वाहन चालक घायल हो गया। यह इलाका अफगानिस्तान सीमा से लगा है। स्थानीय पुलिस अधिकारी इकबाल खान ने बताया कि हमला उत्तर वजीरिस्तान जिले के मीर अली कस्बे के पास इपी गांव में हुआ। जिला पुलिस प्रमुख शफी उल्ला खान ने भी हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने हमलावरो को पकड़ने के लिए इलाके मे तलाशी अभियान चलाया है। उन्होंने बताया कि हमलावर हमले को अंजाम देकर नजदीकी पहाड़ियों की ओर भाग गए और अब तक किसी ने घटना की जिम्मेदारी नही ली है। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित सबाउन पाकिस्तानी चैरिटी संगठन से जुड़ी थी। यह संगठन कारोबार करने की इच्छुक महिलाओं को उनके घर जाकर प्रशिक्षण देता है और महिलाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक करता है।उन्होंने बताया कि महिला कार्यकर्ताएं मीर अली से खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू कस्बा जा रही थी। पुलिस का मानना है कि आतंकवादियों को महिलाओं के आने की पहले से सूचना थी और वे उनका इंतजार कर रहे थे।

### संरा के काफिले में यात्रा के दौरान इटली के राजदूत की कांगो में हत्या

**रोम।** कांगो मे इटली के राजदूत और एक इतालवी पुलिस अधिकारी की सोमवार को हत्या कर दी गई। यह घटना उस वक्त हुई जब वे संयुक्त राष्ट्र के काफिले मे कांगो की यात्रा कर रहे थे। एक संक्षिप्त वक्तव्य मे मंत्रालय ने कहा कि लुका अतानासियो और अधिकारी की गोमा मे हत्या की गई। वे कांगो मे संयुक्त राष्ट्र स्थिरीकरण मिशन के काफिले मे यात्रा कर रहे थे। अन्य कोई ब्योरा फिलहाल उपलब्ध नही है।

# रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों पर विचार करेंगे यूरोपीय संघ के नेता

नवलनी मामला

एपी। ब्रसेल्स



**रूस में** विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को जेल भेजे जाने के खिलाफ देश पर नए प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश मंत्री सोमवार को विचार करेंगे।

ईयू के मंत्री रूस के संभावित अधिकारियों के नामों पर विचार करेंगे। इसके साथ ही 27 देशों का समूह इस बारे में भी विचार करेगा कि मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए उन अधिकारियों के खिलाफ नए तरीके अपनाए जाएं या फिर उन्हें व्यक्तिगत तौर पर दंडित किया जाए।

हालांकि ऐसा प्रतीत होता है कि वे नवलनी के अनुरोध पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी अधिकारियों पर प्रतिबंधनहीं लगाएंगे।यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने कहा, यह साफ है कि रूस का यूरोपीय संघ के साथ टकराव है।

उन्होंने कहा, नवलनी के मामले में रूस ने साफ तौर पर अपनी संलिप्तता मानने से इनकार किया है। साथ ही उसने मानवाधिकारों पर यूरोपीय अदालत के फैसलों को भी मानने से इनकार किया है। जर्मनी के विदेश मंत्री हीको मास ने कहा कि वह ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार कर उन पर प्रतिबंध लगाने के पक्ष में हैं।किसी भी तरह के प्रतिबंध पर अंतिम फैसला मध्य मार्च में ईयू नेताओं की बैठक में किया जाएगा।

भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी और पुतिन के मुखर आलोचक नवलनी (44) को पिछले महीने जर्मनी से मास्को लौटने पर गिरफ्तार किया गया। उन्हें नर्व एजेंट जहर दिया गया था जिसके इलाज के लिए वह पांच महीने जर्मनी में थे। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रपति कार्यालय पर आरोप लगाया था। हालांकि रूसी अधिकारियों ने उनके इस आरोप का खंडन किया है।

इससे पहले रूस की एक अदालत ने जर्मनी में उपचार के दौरान परीवीक्षा पर चल रहे नवलनी को नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में दो साल आठ महीने जेल की सजा सुनाई।यूरोपीय मानवाधिकार अदालत ने इसे गैरकानूनी बताया है। नवलनी की गिरफ्तारी और जेल के विरोध में समूचे रूस में प्रदर्शन हुए।

# कोविड-19 टीकाकरण में मदद कर रहे है भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक

भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** न्यू जर्सी में बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक हजारों स्थानीय लोगों को कोविड-19 का टीका लगाने में मदद करने के लिए सामने आ रहे हैं।ओशन काउंटी हेल्थ डिपार्टमेंट के पब्लिक हेल्थ, प्रीप्रेयडनेस, प्लानिंग एंड एजुकेशन के निदेशक डॉ. मुकेश रॉय और मानेमाउथ एंड ओशन काउंटी चैप्टर ऑफ एसोसिएशन ऑफ अमेरिकन फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (एमओसीएएपीआई) के अध्यक्ष अविनाश गुप्ता कोविड-19 के टीकाकरण अभियान में अधिकारियों की मदद करने की इस पहल की अगुवाई कर रहे हैं।ओशन काउंटी कमिश्नर गैरी लिटल ने एक बयान में कहा कि टीके लगाने के लिए सभी की जरूरत है और सरकार इसे अकेले पूरा नहीं कर सकती। स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के सभी खंडों की मदद से ही इसे पूरा किया जा सकता है। लिटल ने कहा, हमें इसमें हमारे सभी स्वास्थ्य प्रदाताओं की जरूरत है। टीके का हर जगह पहुंचना बेहद जरूरी है। लिटल के इस आह्वान पर गौर करते हुए, रॉय और गुप्ता उन प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसके तहत बड़ी संख्या में भारतीय मूल के चिकित्सक अपनी सुविधानुसार और स्वेच्छा से सप्ताहांत पर निवासियों को टीके लगाने में मदद कर रहे हैं।अस्बरी पार्क प्रेस की एक खबर में रॉय के हवाले से कहा गया कि एसोसिएशन ऑफ अमेरिकन फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (एएपीआई) जैसे संगठन यह सुनिश्चित करने के लिए काउंटी की मदद कर रहे हैं कि आबादी के एक बड़े हिस्से को टीके लग पाएं।खबर में गुप्ता के हवाले से कहा गया, हम यहां हर सप्ताह आते हैं और जब तक ओशन कांउटी के सभी निवासियों को टीका नहीं लग जाता तब तक आते रहेंगे।

# जयशंकर ने मॉरीशस के विदेश मंत्री से की मुलाकात, उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

भाषा। पोर्ट लुई



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने सोमवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ से मुलाकात की और वहां के विदेश मंत्री एम अलन गनू के साथ वार्ता की जिस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंधों और सफल विकास साझेदारी की समीक्षा की।

दो देशों के अपने दौरे के अंतिम चरण में मालदीव से रविवार रात हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी देश मॉरीशस पहुंचे जयशंकर ने कहा कि मॉरीशस के आर्थिक सुधार और पुनरुद्धार के प्रयासों में भारत साझेदार के तौर पर तैयार रहेगा। जयशंकर ने ट्वीट किया, विदेश मंत्री एलन गनू से मुलाकात के साथ अपने मॉरीशस दौरे की शुरुआत से उत्साहित हूं। अपने उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंधों और सफल विकास साझेदारी की समीक्षा की। इस बात को दोहराया कि मॉरीशस के आर्थिक सुधार व पुनरुद्धार के प्रयासों में भारत साझेदारी के लिए तैयार होगा। बाद में जयशंकर ने भारतीय मूल के प्रधानमंत्री जगन्नाथ से मुलाकात की और उन्हें वाणिज्यिक रूप से उत्पादित भारत में निर्मित कोविड-19 रोधी टीकों की एक लाख से ज्यादा अतिरिक्त खुराक सौंपी। उन्होंने ट्वीट किया, मदद के लिए भारत का हाथ हमेशा रहेगा। प्रतीकात्मक रूप से वाणिज्यिक रूप से उत्पादित भारत में निर्मित कोविड-19 रोधी टीके के एक लाख से ज्यादा अतिरिक्त खुराक सौंपी। उन्होंने प्रधानमंत्री जगन्नाथ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी व्यक्त कीं। जयशंकर ने ट्वीट किया, उनके नेतृत्व में महामारी के प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, विभिन्न आधारभूत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर व्यापक चर्चा की। उन्हें आगे बढ़ाने में मॉरीशस पक्ष के प्रभावी होने की सराहना की। जयशंकर राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन से भी मुलाकात करेंगे। वह भी भारतीय मूल के हैं।



## 'शिलांग की सुंदरता देख मैं अचंभित हो गया...'



**मेरी** फिल्म 'अनेक' के माध्यम से मुझे भारत और उसकी सुंदरता पर अचंभित होने का अवसर मिला। ऐसा अवसर मुझे पहले कभी नहीं मिला। असम के बाद अब हम शिलॉन्ग में हैं। बता दूं कि मैं पहले भी यहां आ चुका हूं लेकिन मैंने इसे वैसे नहीं देख पाया जैसा इस बार देखा है। मैं इस सुंदर स्थान पर एक फिल्म की शूटिंग हेतु पहली बार आया हूं और बताना चाहता हूं कि मैं इसकी सुंदरता देखकर मोहित सा अनुभव कर रहा हूं।'



# 'परिवार के लिए समय का मैं बहुत ध्यान रखता हूं'

वो आज भी उतने ही फिट और संतुलित दिखाई देते हैं जैसे वो पहले की अपनी फिल्मों में दिखाई देते थे। पायनियर संवाददाता **मुस्बा हाशमी** के साथ एक विशेष बातचीत में **सुनील शेट्टी** ने स्वयं को इतना फिट बनाए रखने के बारे में अपने रहस्यों पर से परदा हटाया और साझा किये अपने रहस्य, जिनपर चलकर वो आज भी इतने फिट दिखते हैं। ये सीख उन्होंने लॉकडाउन के दौरान ओटू क्योर संस्था से जुड़ाव के चलते प्राप्त की थी। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश...

**■ आजकल आप कहां इतने अधिक व्यस्त हैं?**

मैं आजकल एफटीसी नामक टैलेंट ऐप को लेकर व्यस्त हूं जो मेरा ही है और इसके माध्यम से मैं देश भर के लोगों को फिल्म व्यवसाय में काम करने का अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास करता हूं। मेरे पास कुछ वेब सीरीज़ तथा फिल्में भी हैं जिनमें मैं वर्तमान में काम कर रहा हूं। यही कारण है कि वापसी करने के लिए परिश्रम कर रहा हूं और अपनी सामान्य दिनचर्या पर भी ध्यान देता हूं। अपने परिवार को दिये जाने वाले समय का भी मैं बहुत ध्यान से ध्यान रखता हूं।

**■ लॉकडाउन की अवधि में क्या आपने कोई सीख ली है?**

हम किसी भी वस्तु को हल्के में नहीं ले सकते। हमारे पास जो है उसे महत्वपूर्ण समझना और ये भी समझना चाहिये कि हमें जीवन में कितने की आवश्यकता है फिर चाहे वो वस्त्र हों या फिर कुछ भी और। मैंने जीवन में दूसरी वस्तुओं और भावनाओं की तुलना में वास्तविक वस्तुओं और भावनाओं के महतव को भी अनुभव किया है।

**■ आप आजकल भी पहले जैसे फिट और स्वस्थ हैं। क्या आप अपने फिटनेस मंत्र को सबके लाभ के लिए साझा करना चाहेंगे?**

मेरे लिए फिटनेस का अर्थ मन से है और इसे आपको हर समय ध्यान रखना होता है। आपको सही और स्वस्थ रखने वाला भोजन करना चाहिये, प्रषिक्षण लेना चाहिये और नियमित रहना सबसे महत्वपूर्ण है। इसके अलावा सकारात्मक रहना, हंसना और हर बात पर गर्व से सकारात्मक रहना भी आवष्यक है। इसमें आपको आधे गिलास को आधा भरा समझना चाहिये न कि आधा खाली। अपने भार को नियंत्रित रखने के लिए मैं सप्ताह में छः दिन काम करता हूं। मेरा भोजन अत्यंत सीमित और संतुलित रहता है। इसके अलावा योग और प्राणायाम को भी मैं अपने फिट रहने के लिए आवष्यक मानता हूं।

**■ इस इंडस्ट्री से आपने इतने सालों के दौरान क्या सीखा और प्राप्त किया?**

जीवन ने मुझे इतने सालों के दौरान यही प्रदान किया है। आज मेरा जो भी नाम, प्रसिद्धि, प्यार, स्नेह और दूसरों के हृदय में आज मैं जो भी स्थान बना सका हूं वो भी इस इंडस्ट्री के कारण ही संभव हो सका है। ये सब तभी तक संभव रहेगा जब तक मैं सकारात्मक रहते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करता रहूंगा।

**■ आपने हाल ही में ओटू क्योर, नामक ब्रांड से स्वयं को जोड़ा है। ये क्या है?**

देखिये, मैं इस ब्रांड से स्वास्थ्य, कल्याण तथा कोविड जैसे कारणों से जुड़ा हूं। हम लोगों से स्वस्थ जीवन जीने का आग्रह करते हैं। इसके उत्पाद अमेरिकी तकनीक से बने होते हैं और ये कार्यस्थल के वातावरण को पहले से अधिक सुरक्षित रखने तथा काम पर पूर्व की भांति वापस लौटने में सहायक हैं।

इसके अलावा ओटू क्योर इस ब्रांड की प्रतिबद्धता है कि इस वायरस से लड़ने में समाज की मदद करने के लिए ही अपने उत्पादों को डिजाइन करेगा। ये मुझे भी काफी प्रेरणादायक लगा। शोध और विकास के प्रति उनकी विषेषज्ञता के कारण ही वो ऐसे उत्पाद डिजाइन करने तथा उपलब्ध कराने में समर्थ रहे हैं। इससे वायरस के प्रति हमारे मन में सुरक्षा की भावना आएगी और हम सामान्य जीवन में वापस लौटने में सफल होंगे। मुझे आषा है कि उनके साथ सहयोग से हम लोगों के जीवन में सदा के लिए परिवर्तन लाने में सफल होंगे और उनके कार्य वातावरण में भी एक सुरक्षा की भावना सुनिष्चित करने सहायक भी।



## दीपिका ने दिखाए अपने अनेक रूप

**अभिनेत्री** दीपिका पादुकोण ने अपने प्रशंसकों के लिए सोषल मीडिया पर पोस्ट किये गए एक वीडियो में स्वयं को अनेक रूप और मनोभावों में प्रस्तुत किया है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किये गए एक वीडियो में वो पाउडर पिंक पैंट तथा टॉप और पीले कलर की जैकेट पहने दिखाई दे रही हैं वीडियो में दीपिका नृत्य करते दिख रही हैं और कुछ ही देर में उनके कई रूप दिखाई देने लगते हैं। वीडियो के साथ ही उन्होंने शीर्षक में लिखा 'मी... एंड माइ आल्टर ईगोज़!' दीपिका इस वर्ष काफी व्यस्त अभिनेत्रियों में से हैं। शीघ्र ही हम उन्हें शकुन बत्रा की फिल्म में अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी तथा अनन्या पांडे के साथ देख पाएंगे।



## जेराई बटलर को पसंद है कंट्रोल में रहना

**हॉलिवुड** स्टार जेरार्ड बटलर ये मानते हैं कि उन्हें निर्देषन या नियंत्रण का कार्य अच्छा लगता है। बटलर उन दिनों एक फिल्म 'ग्रीनलैंड' में निर्माता के रूप में कार्यरत थे और उन्हें इस प्रोजेक्ट में काम करते हुए काम करने का संपूर्ण आनंद प्राप्त हुआ।

उनका कहना है, 'मुझे नियंत्रण का कार्य करना प्रिय है और मैं टीम का हिस्सा बनकर काम करना पसंद करता हूं।'

## कठिन था जोधा-अकबर में काम करना



**जोधा-अकबर** में काम करना मेरे लिए कठिन था। जब आषुतोष गोवरिकर ने इसे मुझे ऑफर किया तो मैं डर गया था। मैं ये समझने में विफल रहा कि उन्होंने कैसे वो कल्पना की होगी कि मैं 10000 सैनिकों की सेना संचालन कर सकता हूं। लेकिन वो एक मंझे हुए निर्देशक हैं और उन्होंने जो सोचा सही सोचा था और दूसरा कोई वो नहीं कर सकता। यही कारण था कि मैंने वो फिल्म की और फिर समझ में आया कि आपके लिए प्रारंभ में सषक्त दिखने की जरा भी आवष्यकता नहीं होती।'

## बिग बी, अक्षय कुमार की फिल्मों की शूटिंग में किसी तरह का अवरोध मंजूर नही करेंगेः अठावले

भाषा। ठाणे (महाराष्ट्र)



**केन्द्रीय** मंत्री एवं आरपीआई (ए) के प्रमुख रामदास आठवले ने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार की शूटिंग में किसी तरह का अवरोध मंजूर नहीं करेगी। कांग्रेस के महाराष्ट्र के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा था कि अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार ईंधन की कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट नहीं करते तो राज्य में उनकी फिल्मों के प्रदर्शन और शूटिंग की इजाजत नहीं दी जाएगी। नवी मुम्बई के वाशी इलाके में रविवार को एक रैली में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख अठावले ने कहा कि वह जल्द दोनों अभिनेताओं से मिलेंगे और उन्हें हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। अठावले ने कहा, राज्य में गुंडाराज बर्दाश नहीं किया जाएगा और आप इस तरह के बयान नहीं दे सकते।

## वीनस ऑफ हिन्दी सिनेमाः फुरसत में बनाया था ऊपर बाले ने



**नई दिल्ली।** किसी खूबसूरत चेहरे को देखते ही बेसा ता मुंह से निकल पड़ता है कि इसे ऊपर वाले ने फुरसत में बनाया है। हिंदी फिल्मों की सबसे हसीन अदाकारा मधुबाला के बारे में बेशक यह बात कही जा सकती है। मधुबाला ने हर तरह की फिल्मों में अपनी खूबसूरती और अदाकारी का जलवा बिखेरा। फिर चाहे वह मुगलिया सजधज वाली मुगले आजम हो या फिर किशोर कुमार और बंधुओं के हास्य से भरी चलती का नाम गाड़ी, मधुबाला के दिलकश और शोख अंदाज ने इन्हें यादगार बना दिया। 14 फरवरी 1933 को जन्मी मधुबाला को उनकी खूबसूरती के चलते वीनस ऑफ हिंदी सिनेमा कहा गया। फिल्मी दुनिया में मधुबाला का सफर बहुत छोटा रहा और उन्होंने मात्र 36 साल की उम्र में 23 फरवरी 1969 को दम तोड़ दिया। लेकिन इतने समय में ही उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी।

● **आज है मधुबाला की पुण्यतिथि**

## दर्शकों का इतना प्यार मिलने से मैं अभिभूत हूं

अभिनेत्री **नुसरत भरूचा** ने हाल ही में एक संगीत वीडियो लॉन्च किया है जो उन्होंने हनी सिंह के साथ मिलकर बनाया है। 'सैंया जी...' गाने से जुड़ना इस अभिनेत्री के लिए विशेष उपलब्धि साबित हो रही हैं। आइये जानते हैं...



**नुसरत ने** बताया, 'ये मेरा बहुत प्रिय वीडियो है क्योंकि हनी सिंह के साथ ये मेरा पहला वीडियो है। हमारा ये 'दिल चोरी, केयर नी करदा तथा छोटे छोटे पेग, के बाद साथ में बनने वाला चौथा गाना है। इस गाने को अब तक 100 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है और इस प्रकार हमारी जीतने की लय बनी हुई है। दर्शकों का इतना प्यार मिलने से मैं अभिभूत हूं। ये गाना इतना अधिक हिट हो गया है कि हमारी तो पौ बारह हो गई है।' आगे उनका कहना था, 'हमारे लिए ये गाना बहुत विशेष स्थान रखता है क्योंकि लॉकडाउन उठाए जाने के तुरंत बाद ही इसे शूट किया गया था। उस समय मैं छलांग का प्रमोशन कर रही थी और एक गतिविधि से दूसरी गतिविध में सहभागिता करने की जल्दबाजी में फंसी हुई थी। लेकिन इस बीच समय निकालकर इसे पूरा किया जा सका। यद्यपि इसकी शूटिंग के लिए एक दिन में 18 घंटे तक काम करना पड़ा था। लेकिन इस बात का संतोष है कि हमारा परिश्रम फलीभूत हुआ है।' इसके बाद नुसरत हुड़दंग में विजय वर्मा, जनहित में जारी और छोरी में दिखने वाली हैं जिसकी शूटिंग के लिए हाल ही में शूटिंग करते देखी भी गई थीं।

## सरगम की साढ़ेसाती के साथ वीकडे प्राइमटाइम में हंसी का डेली डोज़

### लेकर आ रहा है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन



**मुंबई।** तनाव दूर करने के लिए हंसना सबसे अच्छी दवा है और सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन अपने नए शो सरगम की साढ़ेसाती के साथ हंसी का बढ़िया डोज़ लेकर आ रहा है। जहां इस चैनल ने फिक्शन, ड्रामा, रोमांस, ऐतिहासिक और क्राइम जॉनर में हमेशा अलग तरह का कॉन्टेंट दिया है, वहीं इसमें कुछ सफलतम नॉनफिक्शन रियलिटी शोज़ भी दिखाए गए। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन अब एक ऐसा ही एक सिटकॉम लेकर आ रहा है जो परिवार के साथ बैठकर टीवी देखने को बढ़ावा देता है। ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट के विपुल शाह के निर्माण में बना सरगम की साढ़ेसाती अवस्थी परिवार की कहानी दिखाता है, जिसमें सरगम एक अनोखे ससुराल की बहू बनी हैं, जिसमें वो सभी पुरुषों के बीच एकमात्र महिला हैं। गाज़ियाबाद के अवस्थी परिवार की शरारतें दर्शकों को हंसा हंसाकर लोटपोट कर देंगी, साथ ही अपनी-सी लगने वाली स्थितियों से उनका दिल भी जीत लेंगी। कुल मिलाकर अवस्थी परिवार सामान्य सी स्थिति को भी ऐसी मजेदार स्थिति में बदल देगा, जिससे दर्शक आसानी से जुड़ सकते हैं। इस शो के लिए मेकर्स ने बेहतरीन कलाकारों को चुना है, जिसमें मेरे डैड की दुल्हन की एक्टर अंजलि तत्रारी सरगम का रोल निभा रही हैं और कुणाल सलूजा, अपारशक्ति अवस्थी के किरदार में हैं। बाकी के कलाकारों में दर्शन जरीवाला, सनत व्यास, ओजस रावल, यश सहगल, विष्णु भोलवानी, आकाश मखीजा और क्रिश चुग शामिल हैं।

## वो लड़की है कहां में तापसी पन्नू के साथ नजर आएंगे प्रतीक गांधी

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू और प्रतीक गांधी जासूसी कॉमेडी फिल्म वो लड़की है कहां? में नजर आएंगे। निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस फिल्म में पन्नू एक पुलिसकर्मी की भूमिका में हैं। निर्माताओं के अनुसार फिल्म में पन्नू और गांधी का किरदार एक दूसरे से बिलकुल अलग है। फिल्म का लेखन और निर्देशन अरशद सैयद करेंगे। प्रतीक गांधी पिछले साल आई वेब श्रृंखला स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी से चर्चा में आए थे। पन्नू ने कहा कि सैयद द्वारा लिखा गया मजबूत और विशिष्ट किरदार उन्हें पसंद आया और वह फिल्म में काम करने को लेकर उत्सुक हैं। प्रतीक गांधी ने कहा कि वह वेब श्रृंखला की कामयाबी के बाद कुछ अलग करने के बारे में सोच रहे थे और उसी दौरान उन्हें वो लड़की है कहां में काम करने का प्रस्ताव मिला।



